तामें सबवैष्णवनकों सुखहोयगो ॥ ओर तुम सुवर्णकीमोहोरलाएहो ताकों चोतराकरि तापर हमकों पधरावो॥सो तुमारोमनोरथ सिद्धिहे जाय॥ तव राजा वाहीप्रकारसों करतोभयो ॥ सो तव मोहोरनकों चोतराबनवायो तापर सुंदरवस्त्रविछाए तापरआपकों पधराए ॥ सो ब्राह्मण पुरुषसुक्तबोलतें जाय, ओर वैष्णव राजा सवमिलिकें आपको न्हवावतेजाय सो ता जलमें मृगमद, कपूर, केसर, फूल, चंदन, सवसुगंधी मिलायकें आपकोन्हवाये॥ओर भगवदीसव कीर्तनकरते जाय ॥ परमानंदभयो ॥ फेरि दोऊस्वरुपनकों नवीनवस्त्र, आभरणधराए॥कपूरकी थारीसों आरतीकरी ॥ राजाने वहूतन्योछावरकरी, ओर भेटधरी ॥ फेरिराजाने तीनदिनताँइ सववैष्णव गामकों महाप्रसाद लिवायो सवनकों वस्त्रउढाए॥ दोयवधाई मॉनी जो एकतो व्याहकी, एक ज्येष्टाभिषेककी ॥ तासमय अंडेलमें साक्षात् लीलात्मकसृष्टिको .

होतोभयो ॥ सो राजाहूं दर्शनकरि कृत्यकृत्यहोतोभयो ॥ फेरिराजानें आपसोंविनतीकरी॥ जो राजए मोहोर ओर सिंघासन छत्र इनको कहाकर्तव्यहैं ॥ तबआपनें राजासो कही जो तुमतोजानोहो जो यह जल हमारे स्नानजलहैं सो हमारेकामनाँहिआवे ॥ तासों हमकहें तारीतिसों ब्राह्मणनकों बाँटिदेऊ॥ सो आपनेतो एकसोनेकोसाज संध्याकरिवेको अंगीकार कीयो ओर सबब्राह्मणनकों बँटवायदीए॥ ओरआपको सुवर्णको सिंघासन छत्र ज्ञातिकेभटनकों दिवायो ॥ ओर सवालक्षमोहोरही, सो आप त्रवेनिपेंजायकें पंडितनकी सभाकरी ॥ सो प्रयाग काशी आदिदेकें सवालक्षब्राह्मणभए॥ तामें एकएकमोहोर सर्वब्राह्मणनकों दक्षनादिवाइ ॥ सो सबसभामें आपको जेजेशब्द भयो ॥ एसीरीतिसों आप स्वजशप्रगटकरिकें अडेल पधारे॥ सुखसोंवासकरतेभए॥ फेरिराजाने गाम परगनाकी बहुतविनतीकरी ॥ तब आपनेंनाँहिकरी॥

जो यारीतिसोंहम द्रव्यअंगीकार नाँहि करेहे॥ जव-
हमारी इच्छाहोयगी, तव हम लिखिपठावेंगे तवभे-
जियो ॥ ओर राजानेंकहो जो श्रीयमुनाजीकोघाट
पक्के कोसकोसतांइ वंधाउं ॥ तव आपने नाँहिकरी॥
जो एसी सर्वथा मतिविचारियो जो यहाँतो श्रीयमु-
नाजो अलौकिकरीतिसो विराजेहें ॥ तोउराजाको मन
मान्योंनही ॥ सो अडेलकेचारोंआडी चारोदिशानमें
चारि वडेवडे भारी वुरजवनवाए॥ तापर सातसोमनु-
ष्य राजाकी आडिसों रहेआवे ॥ फेरी राजाकों आ-
पनेविदाकीयो ॥ सो राजाकोमनतो आपकेचरणार-
विंदमें गडिगयो ॥ सो चलिवेकोंमनकरेनाँहि॥ ओर
संगकेमंत्रि वहुतउतावल करें ॥ तव आपनें राजासों-
आज्ञाकरी ॥ जो राजा तुमारेघरमें हमारो वेदिपेंवि-
राजिवेको चोतराहें तापर हम तुमकों दर्शन देईगें सो
उहां तुम सवमनोरथपूरनकरियो॥ एसीरीतिसों वहुत-
समाधानकरि अपने श्रीकंठकीमाला राजाकोपहेराइ

विडादीए ॥ यारितिसों राजाकृष्णदेवकोंविदाकीए ॥ तव कृष्णदेवराजा आपको स्वरुप हृदयमेंधरिकें विद्यानगरकोंगयो ॥ सो उहां जायकें आपकीवेठकको स्वरुपअनुभव करतोभयो ॥ सो मनमेंजोमनोरथउपजे सो आप उहाँपूरनकरें ॥ एसीएसी कृष्णदेवराजाके भावकी वार्ता सबलिखेंतो लक्षावधिग्रन्थ होयजाय ॥ सो तातें मुख्यमुख्यचरित्र लिखेंहें ॥ वार्ता संपूर्ण. ॥

श्री आचार्यजी महाप्रभुनके सेवक दामोदरदास संभलवार तिनकी वार्ताकोभाव

एक समय श्री आचार्यजीमहाप्रभुजी आपने दामोदरदास संभलवार कनोजकेवासीपें अत्यंत कृपा विचारी जो पूर्णनिरोधकरि पूर्णफलदेनों ॥ एसेंविचारिके आपके अंतरंग दामोदरदासहरषानिकों इनके घर पठाए ॥ सो मॉनो उद्धवजिपधारे ॥ सो इनके घर भीतरगए ॥ तासमय श्रीद्वारिकानाथजीके दर्शनकोसमयहतो ॥ सो जायकें जेश्रीकृष्णकरी ॥ तव

इनकोबोलसुनतही दामोदरदासजी बाहिर दोयेंआए। सो भुजापसारिकैं छातीसोंछातीलगायके परस्परमिले ॥ सो दामोदरदासजीको परसहोतेही इनकेप्राण अत्यंतहरे होतेभए ॥ तासमयकोसुख कछूलिखिवेमें आवेनाहि ॥ जो मॉनो श्रीमहाप्रभुजि साक्षात् आपही पधारेहे ॥ जहॉ भगवदीयपधारे, तहॉ भगवान निश्चेंपधारेहे॥ सो दामोदरदास संभलवारेतो रोमांचप्रेमांचहोयगए॥ अपनो महान्भाग्य मानतभए॥ घरमें महान्उत्सवमॉन्यों ॥ ओर बालभोगमें दोयवैष्णव अधिकीन्हवाए ॥ सामग्री अधिकीभोगधरी शृंगारमें राजभोगमें जन्मदिवसतॉइकी बधाइगाइ॥ ओर गॉमकेवैष्णव अधिकीमें महाप्रसादलेवेकोबुलाए ॥ आरतीकरी दंडवत्करी ॥ तारामंगलकरि बाहिरआए ॥ सो दामोदरदासको अपने हाथसों तेलअभ्यंग करि न्हवाए॥ नवीनवस्त्र, धोती उपरना धराए ॥ तिलकमुद्राकरि नित्यग्रन्थ पाठकरि पाछेंकही जो

पोतनाकरो ॥ वैष्णवनकोंपोतनाकरि पातरधरी ॥ सं
बालभोगकोमहाप्रसाद सबपातरमेंधरे ॥ श्रीठाकुर
जीके आरोगिवेकोनेग भारीहतो ॥ जो मेंदाकीपुरी
धरी, खासापुरीधरी, सेव, थपडी, शाक, सबतरहको
दोचारतरहकोरायता, ॥ दोयचारितरहकोविलसार
ओग खिर, बासोंधि, मलाइ, मांखन, शिखरन, सा
दादहीं, बांध्योदहीं, नग, न्यारे इतनोंपातरमेंधरे
दूसरिपातर सखडीमें लावनलागें॥ तब नाँहिकरी॥ जं
में सखडी न लेउंगो ॥ उतनेंहीमें त्रसहोयगये॥ तां
सखडीनेकहूंनलइ॥तामें यह कारनहे जो प्रथम प्रभुनं
विप्रयोगमेंसखडीनाँहिलइजाय ॥ सो ए नित्यअडेलं
आपकेथारकीसखडीलेतेहते ॥ ओर मूलकारणयह
जो में सखडीलेंउंगो तो आपकेदर्शन इनकोंनहींहो
यगें ॥ तातेंअडेलजायकें आपकेदर्शनकरेगें ॥ तब आ
पूर्णफलदानकरेंगे यह हेतविचारिकें सखडीनहींलीनं
॥ ओर दामोदरदाससंभलवारनेंहूंसखडीनलीनी ॥ जो

स्त्रीपुरुष दोनों शाकपुरीलेकें उठिगए ॥ओर कछू न लीनों ॥ मनमें दोउनकेवडोखेद॥जो न जानेहमारे हाथसों प्रभु सखडीआरोगेहेकेंनाँहि॥ओर सबवैष्णवनकों सखडीअनसखडीलिवाइ ॥ वडोउत्सवभारि माँन्यो ॥ रात्रमेंवैष्णवमंडलीभइ॥ सबकोंतिलककरे, महाप्रसादबाँटे ॥ फेरि वेदोउ भगवद्वार्ताकरवेलगें ॥ फेरि दामोदरदाससंभलवारनेंयहपूछी॥जो भाइजी तुमतोआपकेचरणारविंदकेपासनित्यरहोहों ॥ सो आपने कछु संबंधअनुभवकीयो ॥ सो कृपाकरिकें मोकोंसुनावो ॥तव दामोदरदासजिनेजानी ॥ जो अव इनकों योग्यता भइ सो दामोदरदासजिकहिवेलगे ॥ सो रसावेसहोयगए ॥ शरिरकीसुधिनरही ॥ ता समय श्री महाप्रभुजि इनकेमुखमेंविराजिकें आपहीकहिवेलगें ॥ ओर आपहीसुनिवेलगे ॥ सो ताको प्रमान “ एतंनिशम्यभृगुनंदनसाधुवादं वैयासरकीसभगवानथविश्नुरातं ” सो

ताकीसुबोधिनीजोमें आपनेंआज्ञालिखी हें सो वा समय श्रीभगवानहीवक्ता ओर श्रीभगवानहीश्रोताहें एसोकरत सवेरोहोयगयो ॥ सो एसें महान् अद्भूत चरित्रसुनिकें चक्रतहोयगए ॥ रोंमरोंम रसमेंभरिगयो ॥ एसें रात्रदिन दोनोंनको काल वीत्यो॥ यहवात लिखिवेयोग्यनाँहि ॥ जो रसिकजन अनुभवीहोय सो जाने॥ संवारेभए स्त्रीने हाथजोरि दोउनकोदेहकृत्यकरवायो न्हवाए सेवामेंदोउन्हाए ॥ सो राजभोगसोंपोहोंचिके तारामंगलकरि बाहिरआए ॥ ॥ फेर वैष्णवनकोपातरधरी॥ अपनीपातरधरी दामोदरदासनेंतो अनसखडीमहाप्रसादलीयो ॥ एसे जादिनमिले सो तादिनसों दामोदरदासजि जितनेंदिनरहें तितनेंदिन अनसखडीमहाप्रसादलीयो, फेर विचारी॥ जो ओर कामतो इनको सिद्धिहोयगयो ॥ ओर पूर्णयोग्यपात्र सिद्धिभयो ॥ अब याको दर्शन फलरुपदिखायोचहिए ॥ एसेंविचारिकें दामोदरदास-

जीनें अडेल जायवेंकीआज्ञामाँगी सो ए आज्ञादेइ नाँहि ॥ इनकेआग्रहसों दोयतीनदिन ओररहे ॥ फेरि इननेआज्ञामाँगी सो फेरिहूंइननें नाँहिकरी, तव दामोदरदासजिनेंकही ॥ जो भाइ अब तुममोकों मतिराखो ॥ अबमोसों रह्योजायगोनाँहि ॥ ओर अबतुमारेराखिवेमें हमकोंखेदहोयगो ॥ तवजानी जो अब ए रहेंगेनाँहि तव वस्त्रसुंदर कितनिकमोहोर आपकीभेटदीनी ॥ ओर दामोदरदासजिकों भली भांतिसों विदाकीनों ॥ ओर राजद्वारतें मनुष्यपोंहोंचायवेकों संगदीए ॥ सो कनोजतेविदाहेकेंचले ॥ सोअडेलपोंहोंचे तासमय आपगादीतकीयानपें विराजेहते ॥ सो वस्त्र मोहोर आपकीभेटधरी, साष्टांगदंडवत्करी ॥ एक अपनी दूसरी दामोदरदासजीकी, पाछें हाथजोरिठाडेभए ॥ तव आपने बेठिवेकी आज्ञादीनी ॥ फेरि आपनें दामोदरदाससंभलवारके समाचारपूछे ॥ सो तव सुनिकें आपवहुत प्रसन्नभए ॥ ओरकही, जो तुमनें

नित्यमहाप्रसादलीयो ॥ तव उननेंकही ॥ जो राज में तो नित्य अनसखडी लेतो ॥ तव आपजाँनिगए ॥ जो उनकों बुलायकें अब फलदानदीयोचहिए ॥ तव आपने नाव्य रच्यो ॥ इनके बुलायवेकेलीए ॥ सो दामोदरदासजि कनोजमेंजानिगए ॥ जो त्रिलोकिके अंतरयामीतोआप ॥ ओर आपकेअंतरयामीभगवदी ॥ सो एसो अंतःकरन अलौकिकसिद्धिहेगयो, अलौकिकदृष्टिहेगइ ॥ तव स्त्रीसोंकही ॥ जो श्रीठाकुरजीकीसेवा आछीरीतिसोंकरियो में अडेलजाऊंहूं ॥ तव थोरेसेदिनमें अडेलजायपोंहोंचे ॥ उहांजायकें आपकेदर्शनकीये ॥ सो तासमय आपभोजनकरिकें वीडाआरोगीरहेहते तासमय साष्टांगदंडवत्करी ॥ मोहोरभेटधरी ॥ तव हाथजोरिके ठाडेहोयरहे ॥ जो आप सन्मुखदृष्टिकरिदेखेनँाहि ॥ सो कछूविलंवभयो परिदेखेनँाहि तव चित्त अतिव्याकुलभयो ॥ तव कांपिवेलाग्यो गदगदकंठहोयआयो ॥ नेत्रनमेंसों अश्रुपात-

गिरवेलगे ॥ तव हाथजोरिकें विनतीकरी ॥ जो हे नाथ ! एसो कहाभारीअपराधपर्योहे, जो आप दृष्टिभरीदेखोनहीहो ॥ जीवतो दोषभर्योहें ॥ सो आपजतावो तो जोवजांने ॥ तव आपआज्ञाकरें ॥ जो भीतरकोअभिप्रायकछूओर ॥ सो तो फलदेवेको ॥ जो उपरसोंलौकिकनाट्यदिखायो ॥ सो यहआज्ञाकरि ॥ जो मेरोअतरंग दमला सो ताकों तेनें सखडी महाप्रसाद क्यों न लिवायो ॥ तवविनतीकरी ॥ जो राज उनसोंहीपूछे ॥ जो सखडीमहाप्रसादक्योंनलियो ॥ तव दामोदरदासनेविनतीकरी ॥ सो सुनिके आप समझिगए ॥ फेरि आप हँसिके वचनामृतसोंसींचे ॥ अधरामृत आपनेंदीयो श्रीहस्तमाथेपरधरे ॥ ओर वेठिवेको आज्ञाकरी ॥ सो वेठे चरणपरसकरे ॥ झूंठिन महाप्रसादधरायो, ओर कृपाकरिकें कछूकदिन यहां राख्यो ॥ श्रीअंगकीसेवादोनी ॥ जो पूर्णफलनिरोधसेद्धिभयो ॥ सो काहेते ॥ जो प्रथमयाकोअंगिकार

अलौकिकरीतिसोंहैं ॥ पहेलें तांबेकोपत्रपठायो सो तामे सवसंकेतलिख्यो ॥ जो उनकों जीवनसंप्रदानभयो ॥ ओर आर्तिवहुतहीभइ ॥ ओर यह विचारीके आपकवपधारे ॥ ओर कवमोकोंदर्शनदेइ ॥ कव मोकों शरणलेइ॥ सो वादिनसो अन्नछोडिदीयो फलाहार लेवे लगें ॥ सो आपकोनामहे "स्मृतिमात्रार्तिनाशनः" सो फलदेवेकों आप जलदीकनोजपधारें सो आपतो वाहिरवगीचामेंविराजे ॥ दामोदरदास भगवदी आपके संगहुते ॥ओर कृष्णदासजीकों सामानलेवेकोंगाममें पठायो ॥ ओर यहआज्ञाकरी ॥ जो काहूसोंकछूकहियोमति ॥ सो भीतरतोअभिप्राययह जो जाकेलीये॥आप पधारेहैं ॥सो तो विनाकहेही ॥ चल्योआवेगो सो यहीवाक्यहैं सो वलपरिक्षार्थहैं ॥ जो जेसें रासमें भक्त आए सो आपनेंनाँहिकरी सो यह अभिप्रायविचारनों॥ तेसें यहाँहूंपहेलेपत्रपठायो ॥ पाछें नाँहिकरी ॥ यह भाव॥ओर दामोदरदासजीनें

सखडीनाँहिलीनी ॥ ताको दोउनको एकहीअभिप्रायहे ॥ फेरि दामोदरदास तो कृष्णदासकों देखतेंही संगलग्योआयो ॥ ओर कृष्णदाससोपूछो जो आप पधारे ॥ तवकही ॥ जो आज्ञानाँहि ॥ तवजांनिगए जो आपपधारे ॥ फेरि आप जहाँविराजते तहाँजायकें साष्टांगदंडवत्करी ॥ फेरि आपनें नामनिवेदन दीनो सो यारीतिसो इनको अंगिकारभयो ॥ सो जीवनपरकृपाकरे सो यामें आश्चर्यकहा फेर आपने आज्ञाकरि ॥ जो तुम घर जायकें श्रीठाकुरजीको सेवाकरो ॥ तथापि याकोमन चरणारविंद छोडिवेको होय नही ॥ फेरि आज्ञाभइ ॥ जो तूँ कनोजजा, जोउहाँ तोको फलफलितहोयगो ॥ तव दूसरिआज्ञा शीरधरिकें घरको चले ॥ सो मारगमें शरिरकीसुधिरहिनाँहि ॥ संगकेवैष्णव जेसेंतेसें लिवायलाए ॥ घरमेंगए ॥ पूछयोजो कहासमयहें ॥ सो श्रीठाकुरजीकेयहाँ राजभोगकोसमयहतो ॥ तहाँ भीतरन्हायकें मंदिरमेंगए ॥

सो तहाँ भीतरतो अलौकिक निकुंजहे ॥ ओरश्रीद्वारिकानाथजी अलौकिक रसरुप कोटिव्रजभक्तनकेयुथमें लीलाकरेहे एसें अलौकिकदर्शनभए ॥ सो यारीतिसों स्त्रीकोंभए ॥ सो दामोदरदासजीतो दसमोअस्थाकों प्राप्तभए ॥ सो अलौकिकदेहधरी वाहोलीला में प्राप्ति भये ॥ तब लौकिकदेहकोंछिपाइ राखी ओरमंदिरमें तें एंचिकेंबाहिरलाए ॥ सो बाहिर लावत केवल खोखावत् देहरहीगइ ॥ तब गामकेवैष्णवबुलाए ॥ ओरकही, जो यहाँतो यहलीलाभइहे ॥ सो तुम सबमिलोकें श्रीठाकुरजी ओर सबवस्तुतिनकापर्यंत सबअडेलपोंहोंचावो ॥ तब सबवैष्णवननें वेसेहोकरी ॥ पाछेंजानी ॥ जो नाव दसवीसकोसपेपोहोंचीगइ ॥ तब ज्ञातिमेंखबरकराइ ॥ स्त्रीनेहूं देहतीनदिनराखी ॥ अन्नजलकछूनलीनो ॥ सो तीसरेदिन लीलामें प्राप्तिभइ ॥ सो उनकीवार्ता रोमरोंमरसनाहाय ॥ तोउ न लीखीजाय ॥ यहप्रसंग महाफलरुपजाननों ॥ इतिश्रीदामोदरदासजीकी वार्ताको भाव प्रसंगसंपूर्ण. ॥

श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीके सेवक

⊛पद्मनाभदासजो तिनकी वार्ताकोभाव.⊛

कनोजशहेर चतुरयुगीव्यास आजताँइविद्यमान याखंडमेंहे ॥ पहेलेसूर्यवंशीक्षत्रीनको राजहतो फेरि म्लेच्छकोउपद्रवभयो ॥ पाछें सूर्यवंशीराठोरनें पश्चिममेंजायकेंराजकर्यो सो ए कनोजनगरपरमपुनीतहे ॥ तामेंइनभगवदीयनकोप्रागट्यभयो ॥ओर पद्मनाभदासजीके पिता वडेप्रतिष्ठावानूहते श्रीभागवतकोवृत्तिसोंनिर्वाहकरते ॥ सोइनकेपरंपरासों व्यासगादिचलीआइ ॥ सो मूलरुपीइनकेकनोजमेंहते ॥ सो आजताँइइनकोकूलकनोजमेंहीआयरह्यो ॥ सव कनोजियाब्राह्मणनमें मुख्यपूज्यइनकोंघरहतो ॥ आसपासकेगामनमें इनकी आज्ञामें सवचले श्रीभागवतकोइनकेंइष्ट-

---

* आ पद्मनाभदासजी तथा तेमना कुटुंबनी वार्ता अमारा तरफथी "चोराशी वैष्णवनी वार्ता" नुं पुस्तक वहार पड्युं छे तेमां विस्तारथी आपी छे. आ वार्ता वांचतां ए पुस्तक साथे राखवा विनंती छे.

हतो एकमंदिरघरमेंहो तामेंश्रीभागवतकीपोथीविराजती ॥ सो सिंघासनपर दोयबेर श्रीभागवतकीआरतीउतारते, नैवेदादिकभोगधरते, फुलकीमालापहेरावते, फेरि इनकेपिताकेसंततिनाँहि हती ॥ सो मनमें दुःखवहुतरहें ॥ सो एकसमय नैमिष्यारण्यकीयात्राकोंगये ॥ तहाँरात्रिकोंआज्ञाभइ ॥ जो यहांतुम श्रीभागवतकीसप्ताहकरो, ओरदुधकोआहारकरियों ओरकछूमतिलीजों ॥ तुमारे ग्रहमें हरिभक्तहोयगो ॥ सो प्रातःकालकोसमयहतो सो ए जागिगए॥ मनमेंवडो आनंदभयो ॥ सो मनमें जानीकें निश्चयकरिकें सप्ताह श्रीभागवतकी वाहीरीतिसोंवांची ॥ फेरि श्रीभागवतकीसप्ताहपूर्णभइ ॥ पाछें सूतजी सोनकादिकनके आश्रमकोंदंडवत् करी अपनेगामकनोजमेंआए ॥ थोरेसेंदिनमें पद्मनाभदासजीकोप्रागट्यभयो ॥ सो यागाममेंवडो आनंदभयो ॥ एवालपनेसों श्रीठाकुरजीकी सेवाहीकर्योकरते, फेरि पिताने पढाए ॥ एसेपढे

जो सर्वशास्त्रज्ञहोयगए ॥ सो पितासो कोटिगुणीप्र-
भाववढ्यो ॥ फेरि थोरेसेदिनमें पिता हरिशरणभये
॥ पाछे ए श्रीभागवतकीव्यावृत्तिकरिवेलागे ॥ सो ह-
जारनश्रोताश्रीभागवतसुनिवेकोआवते ॥ सो राजद्वा-
रमें ठोरठोर इनकोमाहात्म्यफेल्यो ॥ सो श्रीपुरुषोत्त-
मअधिकमासआवतो । यामहिनामें श्री भागवतकी-
वृत्ति न करते ॥ सो विनावृत्ति श्रीभागवत एकमहिना-
भर सवनकोसुनावते ॥ सो एकसाल जो वैष्णवआए।
सो पद्मनाभदासजीने सप्ताह दूधआहारकरिकेंकरी ॥
सो जा दिनसप्ताहपूरणभई ॥सो ता रात्रिको श्रीमथु-
रांनाथजीने सवारेजताइ ॥ जो हमदोउस्वरुपसोंतुमा-
रेगाममेंआएहे ॥ सो इनकोनाम श्रीवल्लभाचार्यजी-
श्रीमहाप्रभुजी ॥ सो तुमसवारे आयके आपकोसाष्टां-
गदंडवत्करियो ॥ जो तुमारेगाममेंपधराइयो, ओर आ-
पकीशरणआइयो ॥ सो तुमारेमाथेमेंपधारुंगो ॥ सो
तुमसोंसेवाकराऊंगो ॥ जोमेंमथुरामंडलकोराजा हूं ॥

इतनीआज्ञाकरिकें आप पधारे ॥ सो इनकीआँखिखुलेगइ ॥ तबफेरिइनकेमनमें चटपटीलागी ॥ ओरश्रीमहाप्रभुजीव्रजसों अडेलपधारतहते ॥ सो सबभगवदीयनकोसमाजसंगहतो ॥ सो आपने पहेलेकृपाकरिकें जताइ ॥ सो एआपके अनन्यभक्तअंतरंगहे ॥ तातें आपनें निगूढआशयजतायो ॥ सो ए न्हायधोयके जितनेउनकेसंगीहते, ब्राह्मण क्षत्री आदिसबनकोंलेकें आपकेसामनेगए ॥ सो एककोसपें आपकेसमाजको दर्शनभयो ॥ फेरि पासजायकेंदर्शनकरिकें रोंमरोंमपुलकितहोयकें चरणारविंदमेंगिरिपरे ॥ शरिरकी सुधिरहीनाहि ॥ फेरि आपनें चरणारविंदमाँथेधरे, ओर श्रीहस्तसों पकरिकें ठाडेकीए ॥ नेत्रनमेंसोंआँसूनकीधाराचले, मुखसोंबोलआवेनाँहि ॥ फेरि आपने श्रीहस्तमाँथेधर्यो तब कछूकछूचेतभयो ॥ तब विनतीकोनी ॥ जो प्रभु आज जनमधारेकोफलप्राप्तिभयो ॥ तब आपनेंआज्ञादीनी ॥ जो अगारिगाममेंसबचलो ॥ तब ए आपके

अंगारि गावतेवजावतेपधरायलेगए ॥ सो आपवाहिरबगीचामेंविराजे ॥ तव पद्मनाभदासजिआपकी सकुटुंवशरण आए ॥ ओर पद्मनाभदासजिकेसंग हजारन जीवशरणआए ॥ फेरि विनतीकरी जो राज मोकोंकहा आज्ञाहे तव आज्ञाकरी ॥ जो श्रीठाकुरजीकी सेवाकरो ॥ सो इनकेमाथे श्रीमथुरांनाथजीकीसेवापधराए ॥ फेरि कछूकसेवाआपकरि रीतिभाँतिवताइ ॥ फेरि आप अडेलकोंविजयकीए फेरि दुसरिवेर दामोदरदासजीकों आज्ञाभई सुपनेमें ॥ सो आपनें कनोजपधारिकेंशरणलीए ॥ सो श्रीद्वारकांनाथजी दामोदरदासजीकेमाथेपधराए ॥ सो उहाँ आपने निवंधप्रकरणआज्ञाकरी ॥ केवल पद्मनाभदासजीकेलीए

*अथवा सर्वदा शास्त्रं श्रीभागवत मादरात् ।

---

* अर्थः—अथवा हमेशां श्रीमद्भागवत शास्त्रनो प्रयत्न करीने कोइपण हेतु रहित (इच्छा विना) आदरपूर्वक पाठ करवो. १ कंठे प्राण आवे तो पण श्रीमद् भागवतनो वृत्ति (उदरपोषण) ना अर्थे उपयोग न करवो, तेना अभावमां जे रीते बनी शके ते रीते निर्वाह करी लेवो. २.

पठनीयं प्रयत्नेन सर्वहेतु विवर्जितम् ॥ १ ॥
वृत्त्यर्थं नैव युंजीत प्राणैः कण्ठगतैरपि ।
तदभावे यथैव स्यात्तथा निर्वाहमाचरेत् ॥ २ ॥

सो यहश्लोकसुनिकें पद्मनाभदासजीनेंसंकल्पकीयो ॥ जो आजपाछें श्रीभागवतकी वृत्तिँनाहिलेनी । भिक्षावृत्तिकरनी, वैश्यवृत्तिकरनी, फेरिकेवल अनायासप्राप्ति होयसो लेनो ॥ ओर इनकोवेटीतुलसाँ महान्भगवदीय ॥ सो श्रीमथुरानाथजिकी रसोइकीसेवा-आपकरती॥सो इनसोंछोटीवहेंनीओरहती ॥सो विवाहयोग्यभइ ॥ तव पद्मनाभदासजीकेमनमेंवडीचिंता: भइ ॥जो मेरेघरमें अन्यमार्गीयकोसंवंध न होइ ॥ जो मेरेप्राणरहेंगे॥ तो सर्वथा वेटिको संवंध न कराउंगो ॥ सो एकदीन दामोदरदासजीकेयहाँ वेष्णवमंडलीभइ ॥ सो वेष्णववहुतभेले भए ॥ तासमय पद्मनाभदासजीकेमनमेंआइ ॥ जो श्रीमहाप्रभुजीकोसेवक कोउवतावो, सो ताकोंमेरीवेटीदेउं ॥ तव भगवद्इ-

च्छासों कोइवैष्णवबोल्यो ॥ जो अमुकाको वेटाभलोवैष्णवहैं ॥ तुमारीवेटीतोवाकेलायकहैं ॥ सो वा वैष्णवकोविजातिकोखवर्गिँनाहि ॥ सो पद्मनाभदासजीनेतो केवलवैष्णवभावमें वा वैष्णवकेवेटाकोतिलककीयो ॥ फेरि तुलसाँनेंसुनि, चित्तमेंवडीचिंताभइ॥ जो लोकविरुद्धवातभइ॥ सो प्रभुराखेंतोधर्मरहें, फेरि पिताघरमेंआए ॥ सो परिक्षाकेलिए पिताकीदृढतादेखिवेकेलिए पितासोंकहो ॥ जो सगाइ फेरो॥ तवइननेंकही ॥ जो अंगूठाकाटो ॥ तवकही अंगूठाकेंसेंकाट्योजाय? तवकही जो सगाइकेसेंफेरें? सो भीतर कोअभिप्रायकहा ॥ जो प्राणजाय तोहु सगाइनफेरे॥ तव तुलसाँनेजांनी जो पिताकेभीतरधर्म दृढहैं॥ सो एकाहूलेडिगाएडिगेनँाहि॥ फेरि तुलसाँकेमामानेंआयकेंकहो ॥ जो वा वैष्णवकीजातिमें वाकोवेटिमिलेहैं ॥ सो आपआज्ञादेऊतो वाकोवासोंव्याहहेजाय॥ तव पद्मनाभदासजीनेकही जो वहुतआछो, जो वा वैष्णव-

वके दोनोंव्याह में करुंगो ॥ जो एक बेटिमेरी ओर एक वावैष्णवकीज्ञातिकीवेटी ॥ सो आपुन सुखेनसगाइकरो ॥ जों व्याह वा वैष्णवके दोऊ मेंहीकरुंगो ॥ सो मोकोंदूनो लाभप्राप्तिहोयगो ॥ सो यहवातसुनिकें मॉंसॉंचुपव्हेरह्यो ॥ सो घरकोंचल्योगयो ॥ फेरि ज्ञातिवारेझगरायकेवेठिरहे ॥ जो व्याहवावैष्णवकेसंगकर्यो ॥ सो काहूकीकछूचलीनॉंहि ॥ यह वीर्यगुणकोंप्रागटयदिखायो ॥ फेरि पद्मनाभदासजी आपके चरणारविंदकेपासअडेलमेंरहें ॥ सो श्रीसुवोधिनीजी वचनामृत आपके श्रीमुखतेंवहुतसुनें ॥ सो श्रीसुवोधिनीजी हृदयारुढहोयगई सो पद्मनाभदासजीकों सर्वमार्गको सिद्धान्त हृदयारुढव्हेगयो॥ सो श्रीमहाप्रभुजीकेहृदयरुपी व्हेगए॥ सो पद्मनाभदासजीसों कछूवातगोप्यराखीनॉंहि ॥ सो एकदीनआपप्रयागपधारे ॥ तहॉं वैष्णवकेघरमेंआपविराजे, सो वैष्णवनकोसमाजसंगहतो, रात्रमेंकथाकहिकेंआज्ञाकरी ॥ जो अडे-

लसों श्रीमहालक्ष्मीजीकों पधरायलावे एसोकोंनहे॥ तासमयरात्रवहुतगइहती ॥ सो काहुवैष्णवकेमनमें आइनाँहि॥ सो पद्मनाभदासजि वाहीसमय दंडवतकरिकेंचलिदीए ॥ सो तीरपेंजायकें देखेतो एक दसवरसकोलरिका डोंगीलीएठाडोहे ॥ तिननेपूछी जो तुम पार जाओगे ॥ तव पद्मनाभदासजिनेंकही जो तुमपारजाओगे ॥ तव पद्मनाभदासजिनेकही जो जाउंगो ॥ सो उतरिके पारगए ॥ तव फेरि वा लरिकानेकही ॥ जो फेरिआओगे ॥ तवकही ॥ जो हाँ आउंगो ॥ डोंगीराखुंगो ॥ तव अडेलमेंजायकें विनतीकरिकें श्रीमहालक्ष्मीजीकों पधरायलाए ॥ तव सवव्यवस्थाकही ॥ तव सवननेकही ॥ जो तुमनेवहुतअनुचितकार्यकीयो ॥ जो श्रीठाकुरजीकों श्रमकरवायो तव आपनेआज्ञाकरी ॥ जो कछूभयोहे सो सव मेरीइच्छासोंभयोहें ॥ इननें श्रीठाकुरजीको श्रमनाँहिकरवायीहे॥ जो श्रीठाकुरजीकोश्रमदूरकीयोहे ॥ जो श्री-

महालक्ष्मीजीकोंवियोगहतो ॥ सो आपकोंश्रमहोतो ॥ सो पद्मनाभदासजीनें संयोगकरायो ॥ परमसुखकी-सेवा करी ॥ ओर पद्मनाभदासजिकी जीजमानक्षत्राणीहती ॥ सो नित्यदर्शनमें तुलसाँकेपासआवती ओर कहेती जो पद्मनाभदासजीसों मेरीविनतीकरो ॥ सो मोकों एक संततिदेइ ॥ सो पहेले वाने कितनेकजोतसो ग्रह अन्याश्रयकीए ॥ सो बेटाभयोनाँहि ॥ फेरि काहूमहापुरुषनेंकही ॥ जो यागाममें पद्मनाभदासजी सरिखे भगवदीयहें तूँ इनकेपासजा, जो तूँ माँगेगी सोइदेइगें ॥ एसेंसुनिके याकेमनमें निश्चेंआइ ॥ सो नित्यतुलसाँद्वारा पद्मनाभदासजीसोंविनती करावे ॥ सो एतोभगवदीयहें ॥ इनकोंदयाआइगइ ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीकोस्वरुप हृदयमेंधरिकें वासोंकही, जो मेरे अंगुष्टकोचरणामृतलेजा जो तेरेबेटाहोयगो ॥ ताको नाम मथुरांदासधरियो ॥ सो पद्मनाभदासजीकीकृपातें वाकोंपुत्रभयो ॥ सो एसोएसोमाहात्म्य पद्मनाभदास-

ज़ीको कितनेकलोगननेदेख्यो ॥ तातें अतूलजशवान-
गरमेंभयो तातें महाजशगुणकोमाहात्म्यदिखायो ॥
ओरकोइपंडित पद्मनाभदासजीकेसामें अन्यमार्गीय-
आवे ॥ सो वादनाँहि करीशके, जो आवे सो वाको
जशहीगावे ॥ एकवेर श्रीमहाप्रभुजीव्रजसोंअडेलजा-
तहते ॥ मारगमें एक व्योंपारी आपकेसंगलग्यो ॥सो
आपकेसंगलग्यो, तहाँ ताँइतोवेवच्यो॥ जब आपको-
संगछूटयो, तव लूंटिगयो ॥ तातें आपकेचरणारविंद-
मेंलगिरह्योहे सो तो वचे ॥ आपकेचरणारविंदछोडे सो
या संसारमेंलूंटे सो ताहीकारणसों व्यापारीलूंटयो॥
फेरि आपनेकरुणाविचारी जो याकी कृतीतोयानेभोगी
परंतु हमारोंविरदतो एसोनही ॥ जो भूले वी वीशना-
मलेवे तोउ आप वाके पक्षपातीहेजाय ॥ एसोआप-
केविरदहे ॥ सो यहतोआपकेसंगलग्यो ॥ सो एसोवि-
रदविचारिकेंआपवाको द्रव्यदिवायकें दुःखनिवृत्तकीयो
तो भक्तभावकरिकें आपकेचरणारविंदमेंलगेहें ताको-

आपकहाफलदेतेहोंयगें ॥ सो ताहीकारणसों व्योपारीआपकोनामपूछतोपूछतोफेरिआयो ॥ तब पद्मनाभदासजीनेसुनी॥सो सुनतही मनमेंआइ जों आपभोजनकरेहे ॥ जो भोजनकरतें याकोबोलसुनिलेंइगे, तो भोजनमेंविलंबहोयगी ॥ तो मेरोधर्मजायगो ॥ सो बाहिर आयके बासों पूछी ॥ जो तेरोकीतनोद्रव्यगयोहे तब वानेंबतायो ,तितनों द्रव्य एकबनियाकीदुकानसोंदिवायदीयो ॥ तब बनियानेकही, जो ओरजित नोचहिए तितनोलेजाओ ॥ तबकही जो इतनोही चहिए ॥ ओर अपनोधर्मगँहेनेंधरिदीयो ॥ सो यातें अलौकिकधर्म अगारि लौकिकधर्मकहावातहे॥ तथापि इनबनियानने पद्मनाभदासजोको अलौकिकधर्मराख्यो ॥ तातें लौकिकधर्मगँहेनेधरिदीयो सो पद्मनाभ दासजीको बाधानाँहि जो याधर्मीकेसंबंधते अपनो लौकिकदेह गॅहेनेधरिआवते तोउ कछूबडीबातनाँहि॥ यह दासधर्महे ॥ सो धर्मीतूल्यहोहे ॥ फेरि पद्मनाभ

दासजीने एकराजाको महाभारतसुनायो ॥ सो यहाँ साक्षात्वीर्यरसप्रगटभयो ॥ फेरि जेलेतेलेपूरोकीयो ॥ फेरि राजावहुतसोद्रव्यदेवेलाग्यो ॥ सो नाँहिकरी, जितनोद्रव्य वा वनियाकोदेनोहतो तितनोलायकेचूकतोकरिदीये ॥ सो यहाँ श्रीगुणकोप्रगटदिखायो ॥ श्री जो लक्ष्मी सो आपकेचरणारविंदकी दासी सो दासीकोएसोधर्महे जो स्वामीकेसुखकोसेवाकरे ॥ सो पद्मनाभदासजीने करिदिखाइ ॥ एकसमय रामदासजि श्रीनाथजीकेभितरीया अपनेसेव्यस्वरुप पद्मनाभदासजीके माथेपधरायके श्रीनाथजीकीसेवामेंरहे ॥ पाछे केतेकदिनपाछें मुगलआयो ॥ सो कनोजमेलुँटकरि ॥ सो श्रीठाकुरजीकोलूँटमेलेगए ॥ सो वाकेपीछे सातदिनअन्नजलनाँहिलीयो डोल्योकरें ॥ पाछें याके स्त्रीकेद्वारा प्रेरणाकरायके वा मुगलकेहाथसों श्रीठाकुरजीप्राप्तिभए ॥ सो घरमेंलाय पंचामृतकराय बेठाए ॥ तव वडोउत्सवकीयो वैष्णवनकोप्रसादलीवायो

।। सो रामदासजिने श्रीजीद्वारबेठे यहबात जाँनी ॥ सो सातदिनअन्नजलनाँहिलीयो ।। सेवा सब ज्योंकी-त्यों करते रामदासजिकेंखेदभयो ।। सो बात पद्मनाभदासजीने घरबेठेजांनी ॥ सो याकोसमाधानकरिबेकेलीए पद्मनाभदासजी श्रीजीद्वारआए ॥ दोउपरसपरमिले ॥ तब रामदासजीनेकही ॥ जो भाइजीतुमकोवडोहीश्रम भयो ॥ तब पद्मनाभदासजीनेंकही जो भाइजी हमकोश्रम भयोसोतोठीकहे ।। परि तुमने सातदिनताँइ अन्नजलनाँहि लीयो, सो तुमने इतनोश्रमक्योंकीयो ।। सो तब रामदासजिनेकही ।। जो इतनेदिन मेंनें प्रभुनकीसेवाकरी ॥ सो तातें ओरबाततो हमसोंदूरिभइ ॥ परंतु इतनोसंबंधतो हमकोंविचार्यो चहिए ॥ सो श्रीठाकुरजीलुंटमेंपधारे तासों एसो वैराग्यअंगिकारकीयो ॥ सो अन्नजलकछूनाँहि लीयो। फेरि निरधारकीयो ।।जो श्रीमथुरांनाथजीको झारीभ । तो श्रीठाकुरजीप्राप्तिहेजाँयगें नातः

श्रीठाकुरजीकेसंग प्राणदेउंगो ॥ जो अपनोआत्मा प्रभुनकेसंगकोसुखविचार्यो ॥ तातें यहाँ केवल वैराग्य गुणकोप्रागत्यदिखायो ॥ सोकाहेते ॥ जो सकल अर्थ पूर्ण श्री ठाकुरजी ॥ सो तिनकोवियोग फेरि अर्थकी इच्छाचाहे ते दासनहीं ॥ तातें सकलअर्थपूर्ण श्रीप्रभु सों तामें पटगुणसंपन्न आपकेचरणारविंदकीसेवामें चारिपदारथ ओर छेगुणआयगये ।एकवेर श्रीपद्मनाभदासजी श्रीमथुरानाथजीको पधराये ॥ सकुटुंव अडेलमें आए ॥ ओर वास कीयो ॥ सो आपके वचनामृत लावण्यामृतकोपानकरते ॥ सो घरकेसकुटुंव आपकेचरणारविंदकीसेवामेंरहेते ॥ ओर इनकी स्त्रीजन श्रीअंक्काजीकीसेवामेंरहे ॥ फेरि आपनेंविचारी जो कनोजमेंइनविना भावसिथिलहोयजातहें तातें वेगि पठावे ॥ सो तातें इनकेघरमें द्रव्यकोसंकोचदिखायो ॥ सोतातें ओरसामग्री तो लों करी, सो तासो श्रीमथुरेशजी नाँहीआरोगे ॥ जो केवल

सबसमय में समर्पे ॥ फेरि एककोइवैष्णव दर्शनको आयो ॥ सो वाने भोगसरावतमें लोकदृष्टिसोंदेखे ॥ सो वाकीदृष्टिलौकिकहती ॥ सो देखिके आयकें श्रीमहाप्रभुजीसोंकही ॥ जो राज पद्मनाभदासजिकेयहाँ दर्शनकोगयो ॥ सो छोलाहीछोलादेखे॥ ओरकछू देखेनँाहि ॥ सो आपतोअंतरजामी सो जॉनीगए ॥ फेरि दूसरेदिन राजभोगकेसमय पद्मनाभदासजिकेघर आप पधारे ॥ सोतब भीतरमंदिरमेंपधारें ॥ सो देखेंतो श्री ठाकुरजीकेअगारि थारमें छोलानकोढेरीदेखी तब आपने पूछी जो पद्मनाभदासजि ए ढेरीकेसोकेसीहें ॥सो तबकही ॥ जो राज यहदारिहें, यह भातहें, यह रोटी हें, यह खीरहें, यह पूरी, साक, सँधाना,यह रायतो, सो एसें सबढेरिनके नामबताए ॥ सो सुनिके आपको हृदयभरिआयो ॥ तबआपकहे जो धन्यहे पद्मनाभदासजिकेइतनोसंकोचहे ॥ परि काहूवैष्णवकोंजताइ नॉहि ॥ फेर जानी जो श्रीमहाप्रभुजीकों इतनोश्रम

देखिकेभयो ॥ तातें अवयहाँरहेनोंउचितनाँहि ॥ सो शेठपुरुपोत्तमदासनेपत्रलिख्यो ॥ जो आपअडेलवास करो ॥ जो द्रव्यकोसंकोचमतिकरो ॥ सो यहपत्रवाँचिके पाछोजुवावलिख्यो जो तुमवडेभगवदीयहो सो आप-कों एसेंहीचहिए ॥ जो हमने एसीरीतिसोंनिर्वाहक-योनाँहि ॥ तातें एसें नइरीतिसोंनिर्वाहकछूकरावेंगेनाँ-हि ॥ फेरि मारगमेंखरचकोंवंदोवस्तकरिकें नावमेंश्री-ठाकुरजीकों पधरायकें आपसोंविदाहोयवेआए ॥ तव आपनेकही जो श्रीठाकुरजीकहाँविराजेहैं ॥ तव कही जो नावमें पधारें ॥ तवआपजाने जो अव यह रहेगो-नाँहि ॥ तव चित्तमेंदुःखतोवहुतभयो, तव आपकेचर-णारविंदमेंगिरिपरे ॥ फेरिचलें फेरिगिरिपरें फेरिचलें फेरि-गिरिपरें सो एसीदिसादेखी तवआपने आज्ञाकरी ॥ जो पद्मनाभदासजी खेदमतिकरो जो हमकनोजपधारेंगें ॥ सो तैयारीकरीराखीयो ॥ जो हम तुमसोंएकक्षनदूर-नाँहि हें तुमतोहमारो हृदयहो तातें तुम खेदमतिकरो

॥ श्रीमथुरेशजी नावमें अकेलेविराजेहें ॥ तातेंतुम वेगि सँभारकरो ॥ एसें आप बहुतधीरजबधायकें दिनकरदाससेठकों संगकरीदिए॥ सो इनकेसंगजायकें नावमें बेठायआए ॥ ओर दीनकरदासनेंअडेलकेमलहासोंकही ॥ जो इनकोंआछोरीतिसोंपोहोंचायआइयो । जो में इनामदेउंगो ॥ एसेंकहिकें पद्मनाभदासजीसों छातीसों छातीलगाय मिलिकें चलिवेलगें ॥ फेरि पद्मनाभदासजीकीछातिमें दुःखकोसमुद्रउमग्यो ॥ जो भगवान भगवदी दोउनकोवियोगभयो ॥ सो जहाँतांइ दिनकरदासजीचले, तहाँतांइतोसुधिरही ॥ जो पाछें सुधिहीनव्हेगए ॥ सो रात्रभरनाव चली ॥ पाछेंसवारोभयो ॥ तब तुलसाँने चरणारविंददाबे, ओर श्रीमहाप्रभुजीको स्मर्णकरायो तबचेतभयो ॥ तबपूछी जो अडेलकहांहे ॥ तब तुलसाँनेकही ॥ जो अडेलपासहीहे ॥ एसेंकहिके बेठकीए ॥ फेरि श्रीगंगाजीकेतीरपें गामआयो ॥ जब नावतीरपेंलगाइ ॥ तब खबरि-

भइ जो मारगमें आयगएहें ॥ एसीरीतिसोंकनोज आयगए॥ सो पहेलें एकमलहाकोंगाममें दोरायो। सो अपनी छोटी बेटिकोदुल्हा बहुतहीवैष्णवहतो॥ ताकोंखवरिकराइ॥ सो सुनतही गामकेपचाससाठि- वैष्णवनकोसंगले लेवेको सामने आए नावपासठाडे- भए॥ तव सववैष्णव पद्मनाभदासजीसोंमिले, जमा- इपांवनपर्यो ॥ पाछेंनावमें जोचीजहती सो सवउठा- यकेघरपोंहोंचायदीनी ॥ सो सववैष्णवसेवामेंसहाय- होयगए ॥ समयपरराजभोग आयगयो ॥ सवगामके वैष्णवनमें आनंदकोपुंजछायरह्यो ॥ सो काहेतें॥ जो पहेलें श्रीदामोदरदासजीकेमाथे श्रीद्वारिकांनाथजी विराजते॥ इतनेमेंश्रीमथुरांनाथजी विराजते पुरवकी- दिसामांऊ श्रीद्वारिकांनाथजीकोराजहतोसो या सम- यकी कनोजकीशोभा कछूवर्ननमेंनआवें॥ ओरवैष्ण- वनकोंसमूहवहुतहतो ॥ फेर श्रीदामोदरदासजी चर- णारविंदमेंपोहोंचे ॥तव श्रीद्वारिकांनाथजी अडेलप-

धारे ॥ सो वहदिशातो शून्यहेगइ ॥ फेरि श्री मथुरांनाथजी बहुत दिनविराजे ॥ सो उत्सवमहोत्सवमें सववैष्णव पद्मनाभदासजीकेघर दर्शनकोंआवतें॥ ओर दामोदरदासजी चरणारविंदमेंपोहोंचे ॥ पाछें श्रीमहाप्रभुजीकेदर्शन सववैष्णव अडेलमें आयकेंकरते ॥ सो वीचमें पद्मनाभदासजीकेघर उतरते ॥ओर छोटी वेटिकोदूल्हा वहुतहीवैष्णवहतो ॥ सो परदेशीवैष्णव आवे तिनकोटहलपरमप्रीतिसोंकरतो ॥ ओर पद्मनाभदासजीकीछोटीवेटीहुं परमभगवदीयहती॥सो वाके घरमेंश्रीमथुरेशजी पद्मनाभदासजीकेघरसोंपधारिकें इनकेयहाँ भावात्मकस्वरुपसों नित्यआरोगते ॥यहवात तुलसाँकेवेहेंनि वहेनेऊजानते ॥ ओरपद्मनाभदासजीको जमाइ परदेशीवैष्णवनके आयवेके लीए दोय गाडाँ ओर मनुष्य एकमजलसामनेरहेआवे ॥सो वामेंबेठायकें अपने घरकनोजमें पधरावते ॥ सो जितने दिना रहेते तितने दिना वहुतस्नेहपूर्वकसेवाकरते। फेरि

कनोजसों नावमें बेठायकें अडेलपोहोंचावते ॥ ओर खरचसबदेते ॥ एसीरीतिसों वैष्णवनकीटहलकरते ॥ एकदिन पद्मनाभदासजीकेमनमेंआइ॥ जो छोटीलालीकेघर श्रीठाकुरजी तो विराजेनहीहें ॥ जो कहा भोग धरतेहोंयगें ॥ सो आज जायकेंदेखुं ॥ एसोविचारकरिकें छोटीलालकेघरगए ॥ तहाँजायकेंदेखें तो टेरालग्योहे, भोगआयोहे ॥ तब पूछीजो बेटा कहा समयहे ॥ तब छोटीलालीनेंकही, जो समयतोआपकेयहाँहें ॥ हमतो आपकोध्यानकरिकें पेटभरिलेइहे॥ तब पद्मनाभदासजी टेरासरकाए ॥ देखेंतो घरके सेव्यस्वरुप साक्षात् छोटीलालीकेघर आरोगिरहेहें ॥ तब पद्मनाभदासजी गदगदकंठहोयकें गिरिपरे ॥ ओरकही जो बेटी तोपर एसीभारीकृपा कहाँसोंभइ ॥ तबविनती करी जो मूलकृपातोआपकीहें फेरि वैष्णवनकीटहलसों भलीबुरी श्रीठाकुरजीहमारीमानीलेहें॥सो वासमय पद्मनाभदासजीने बेटीकेघरको चारिकोर

महाप्रसाद लीयो ॥ तवकही जो! वेटी तूँ धन्य हेतूँ धन्यहे ॥ में तो जानतो जो वेटी तुलसाँपे कृपाहें ॥ परंतु तुलसाँसो अधिकी छोटीलालीपेंकृपाभइ ॥ सो यहवात एसी हें जो हरिजनकीटहलमेंरहें सो ताके हरिवसरहे तो कहा वडीवातहे ॥ तादिनसों पद्मनाभदासजी छोटीलालीके घर नित्यआवते ॥ सो तातें छोटीलालीकीवार्ता कछू लिखिवेमेआवे नाँहि ॥ सो तातें यह केवल खटगुण धर्मीप्रसंग दिखायो ॥ फेरि कछूकदिनमें पद्मनाभदासजीको वेटा चरणारविंदमें प्राप्ति भयो ॥ तव पद्मनाभदासजीनें अपनीस्त्रीको श्रीमथुरानाथजीकेअनोसरमें वेटाको पंखाकरतदिखायो ॥ तव माताको दुःखदूरभयो ॥ फेर थोरेसेदिनमें पद्मनाभदासजीकी स्त्री चरणारविदपोंहोंची ॥ तव वेटाकोवहू पारवती सेवामें अनुकूलहेगइ ॥ फेर कछूकदिनमें पद्मनाभदासजीको देह अशक्तहेगइ ॥ तव श्रीमथुरानाथजीसों विनतीकरी जो राज इच्छाहो-

... एसीदिशा हेर-
हे ॥ तब श्रीमथुरानाथजीनें भीतरसोंआज्ञाकरी॥
ो तुम सुखेनमेरो लीलामेंआवो ॥ तुमारेकुटुंबपें पा-
ती, तुलसा तथा रघुनाथदास तीनसों सेवाकराउं-
ो ॥ फेरि मेरीप्रसन्नतासों श्री महाप्रभुजीकेघरपधा-
गो ॥ जो तुमनेहमारी एसीसेवाकरिहे ताकोमें क-
तकप्रशंसाकरुं ॥ जो कहाँ तो मैं श्रीयशोदाजीके-
रसुखपायो कहाँ तुमारेघर सुख पायो ॥ फेरि अगारि
मारेकारणसों भूतलपें सेवा भोग नेग सुखरुपसों
रोगुँगो ॥ सो वासमय श्री मथुरानाथजिको ली-
ासामग्रीको दर्शनभयो ॥ तव दर्शनकरतेकरते वाही
ोलामें प्राप्त भए ॥ फेरि इनके वंशमे सेवा आछी-
तिसोंकराइ ॥ पाछेश्रीमहाप्रभुजीकेघरपधारे ॥ तव
ामकेवैष्णवनकों वडोही क्षोभ भयो ॥ सो श्रीठा-
रजीकेपधारेपीछे कनोजमें मलेच्छको उपद्रवबहुत-
यो ॥ तव लोक वैष्णव उहाँसो उठि गए ॥ सो

आसपास शहेरमें जायवसे ॥ तातें कनोजमें थोरीवस्तीरही ॥ सो पद्मनाभदासजीके चरणारविंदके प्रभावसों सवकनोजमें सुखकोप्रभावरह्यो ॥ सो एश्री महाप्रभुजीकेसेवक पद्मनाभदास एसेभगवदीय हते ॥ इनकीवार्ता दिनदिन क्षनक्षनकी एसीहे ॥ सो कहाँ ताँइलिखिए ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्री आचार्यजी महाप्रभुनके सेवक पद्मनाभदासजी-कीवेटीतुलसाँवाईकी वार्ताकोभाव

तिनकेसेव्य श्रीमथुरेशजी सो तिननें परमफल देवेकों कौतिकरच्यो ॥ सो लिखेहें ॥ जो तुलसाँसवारेंजागी सो सामग्रीमेंन्हाय श्रीठाकुरजीकोंजगाय ॥ मंगलभोगधरे ॥ ताहीसमय एकवैष्णव घरआयो सो आयकें जेश्रीकृष्णकरी ॥ तुलसाँ आनंदसहितवाहिरआइ ॥ तब सन्मानकरिकें वेठाए ॥ सों मनमें अतिउत्साहभयो ॥ जो आज हमारें अचानकवैष्णवआयो ॥ सो आज वडेनकोकाँनिसों श्रीमथुरांनाथजिनें

में अपनी करी॥ सोतातें वैष्णवहमारेघरआये॥ ओर सामग्रीमें अधिकोपोंहोंची ॥ तब उत्साहमनमेंसमा-यनाँहि॥ सो राजभोगधरे, समयानुसार भोगसराय, आरतीकरि, किवाँरलगाय, दंडवत्करी बाहिरआय वैष्णवनसोंहाथ जोरिकें बीनतीकरी ॥ जो न्हाओ॥ ओर भोजनकरो॥ तब वाकेमनमें ज्ञातिव्यवहारआयो ॥ जो यहतो कनोजीयाकीवेटी हे ॥ ओर वह सरव-रियाहतो सो नाँहि करिकेंचल्योगयो॥ सो इनकी एक विनती मानीनांही ॥ सो वाकोतो जानोंभयो, सो तुलसाँतोठाडीगिरिपरी ॥ ओर हृदयसोंदुःखकेसमु-द्रउमग्यो ॥ वाहिरआय हाँनाथ ! हाँनाथ ! करिकेंपु-कारी जो हे नाथ ! मेरो कोंनसोअपराधभयो सो वैष्णव मेरे यहाँसो भुख्यो गयो ॥ ओर सखडीमहाप्रसाद गायनकोंखवायदीयो ओर आपने जलहूँ न लीयो॥ छाती भरिभरिआवे सो तुलसाँकी विवस्था कछु लि-खिवेमेंनही आवें॥ जेसेंतेसें न्हायके सेनपर्यंतपोंहोंची

श्रीठाकुरजीकोंपोढायके वाहिरआइ ॥ सेनभोगहतो सो हु गैयनकोंदेदीनो आपकछुलीयोनाँहि ॥ सो रात्रभरि भूमिमेंपरीरही ॥ आँखिनमेंनींदआवेनाँहि ॥ जो वेरवेर दुःखकरि अपनों अपराधविचारे ॥ एसेंकरत सवारो होत नेकसीआँखझूकी ॥ तव घरके श्रीमथुरेशजीनें जताइ ॥ जो तुलसाँ तुमदुःखमतिकरो सवारें यहां वैष्णवआयके महाप्रसादलेयगो ॥ सो तूं जलदीन्हायकें सामग्रीकर ॥ एसें श्रीठाकुरजीकेम... वचनसुनिकें चोंकिउठी ॥ सो सव दुःखभूलिगइ ॥ जो पहेलोउत्साह हतो तासों कोटिगुणो उत्साहभयो। सो मनमेंजानि जो प्रभुननें मैं अपनीकरी ॥ तव सव सामाननिकास्यो कही जो कालि वानें ज्ञाति व्योहार केलीए नहोलीयोहोयगो सोकहाभयो ॥ आज अन सखडीमहाप्रसाद अधिकीधरी लिवाउंगी ॥ सो मेंदछान्यो, बुराननिकास्यो, सँधानोनिकास्यो, दही, शिखरन, सिद्धिकोयो ओर सेवामेंन्हाइ ॥ अव वा वै

[illegible] कैंजताइ ॥ जो अरे मु-
[illegible] यो, जों तुलसाँने आ-
ठप्रहरभए जल पर्यंतहूं नहींलीयोहे ॥ एसोअपराध
तेनेंकीयोहें ॥ सो अब तूँ भलोचाहे तो तुलसाँकेघर-
जायकें, सखडीमहाप्रसादले ॥ मेरीआज्ञाहे ॥ ओर
अपराधक्षमाकराइओ ॥ इतनीआज्ञाकरी श्रीमथुरेश-
जीतोपधारे ॥ ओर यह वैष्णव वाहीसमयजागीपर्यो
॥ ओर अपनेमनकों वाहीसमय धिक्कारकरनलाग्यो ॥
ओर यहकहे जो कब सवारोहोय ओर कब तुलसाँको-
दर्शनकरुं ॥ सो अत्यंतदुःखहृदयमेंभरिगयो जो हाय
मेंनें बहुतहीबुरोकरी ! एसेंकरत देहकृत्यकरि घरमें-
न्हायो, तिलकमुद्राधरि, चरणामृतलेकें पाठ करिवे-
लग्यो ॥ इतनेमेंसवारोभयो ॥ सो तुरतही तुलसाँके-
घरगयो सो जायकें, हाथजोरि तुलसाँसों जेश्रीकृष्ण-
करी, तब तुलसाँसुनतहीवाहिर आइ ॥ सो वैष्णवन-
कोंदेखिकें नाचिवेलगि ॥ ओर कहवे लगी जो

कृपाकरि जो आपने मोकों अपनीजानी ॥ गइनिधि-फेरपाइ ॥ बहुत सन्मानकरि आदरसहितबेठाए ॥ सो आप सामगोप्रेमसों उत्साहसहित करवेलगी ॥ फेरि सामग्रीसोंपोहोंचिकें श्रीठाकुरजीकोंजगाय मंगलभोगधरायो, श्रृंगारधरायो ॥ राजभोगमें सखडीअनसखडी अधिकीभोगधरि ॥ बाहिरआइ, तब विनतीकरी जो भाइ न्हाओ जो अपरसतैयारहे पेहेरो ॥ तब वैष्णवन्हायो, अपरसपेहेरी ॥ तब तुलसाँनेकही जो आज वधाइबोलो ॥ तब वैष्णव वधाइगायवेलाग्यो ॥ सो तुलसाँनें राजभोगसराय, आरतीकरी, दरपनदिखायो ॥ तब श्रीठाकुरजी अतिप्रसन्नतापूर्वक अतिप्रफुल्लित दर्शनदीए ॥ सो वासमयकीशोभा कछुलिखिवेमेंआवे नाँहि ॥ फेरि दंडवत्करि किवाँरवंदकीए ॥ सो वाहिरआय पोतनाकीयो ॥ सो या वैष्णवकेपोतनामेंतो अनसखडीधरी ॥ ओर विनतीकरी ॥ जो आओभाइ पातरियें वेठो ॥ सो जायकें देखेंतो अनस-

खडीमहाप्रसादहैं ॥ तब या वैष्णवनेकही जो मैं तो सखडी लेउंगो॥ तब तुलसॉनेकही जो ज्ञातिव्यवहारहे, तुम अनसखडीलेउ ॥ तब वैष्णव वहुतरोयो ओरकही जो कालि मैंने ज्ञातिव्यवहारकीयो॥सो मोसो तुमारोअपराध वन्यो ॥ सो रात्रमें स्वप्नमें तुमारे श्रीमथुरेशजीनें मोसोआज्ञाकरी॥ जो सबारे तुलसॉकेघरजायके सखडीमहाप्रसाद लीजो॥ ओर अपराधक्षमाकरैयो ॥ एसीआज्ञाभइ ॥ यहसुनिकें तुलसॉ चक्रतहोय गइ॥ओर कही॥ जो हाय मैंने क्यो हठकीयो ॥ सो श्रीठाकुरजीको वहुतहीश्रमकरनोपड्यो ॥ जो तुमारे घरपधारे॥ जो मैं हठनाँहिकरत्ती तो प्रभुनको इतनोश्रम काहकोंहोतो ॥ तवतो वहवैष्णव वहुतही घिघायकेंरोयो ॥ ओर तुलसाँसो वारवारकहे जो मैं तुमारोअपराधीहों॥ मोसो तुमारो वडोअपराधवन्योहैं ॥सो इतमें तो तुलसाँरोवे॥ओर इतमें वह वैष्णवरोवे तव श्रीठाकुरजीसों दोउनकोंदुःखसह्यो न गयो॥ तव

श्रीठाकुरजीनें भीतर् मंदीरमेंसो आज्ञा करी॥ जो हम् तुम दोउनपें प्रसन्नहें ॥ तुम सुखेनमहाप्रसादलेऊ ॥ ए वचनामृत दोनो जनेंननेंसुनें ॥ तब बानेकही ॥ जो चुपभाइ ॥ वानें वासो कही जो चुपवाइ ॥ सो सबदुःख वाहीसमयदूरिभयो॥ तब दोउननें सखडी अनसखडी हिलिमिलिकें प्रसादलीयो ॥सो ताप्रसादकोस्वाद कछुलिखिवेमेंनहीआवे ॥ जो साक्षातुअधरामृतहिहतो ॥ फेरि महाप्रसादलेतेजाय ओर श्री महाप्रभुजीकेमारगको धन्यधन्यकहेंतेजाय॥ सो इनको परस्परसुख लिखिवेमें आवेनाँहि॥सो या मारगमेंचले अनुभव करे सोइजाने सो एसो पुष्टिमार्गकोविलासहें ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्री आचार्यजी महाप्रभुनके सेवक बाई रुक्मिनी तिनकी वार्ताको भाव.

शेठपुरुषोत्तमदासकी बेटी रुक्मिनी,तिनकेसेव्य श्रीमदनमोहनजी ॥ सो साक्षात् श्रीमहाप्रभुजीको

१ आ श्रीमदनमोहनलालजी श्रीजोधपुरमा बिराजे छे

स्वरुप ॥ जो ब्रह्मचर्यस्वरुपसों शेठजीकेघरविराजे सो आपके श्रीहस्तमें पंचदिसा, यज्ञोपवीत, माला खडाऊँ चरणारविंदमें ॥ सो शेठजीकोआसक्ति श्रीमहाप्रभुजीके चरणारविंदमेंहती ॥ सो शेठने आपकोस्वरु विनतीकरकेपधराए ॥ सो साक्षात् आप शेठजीके घरमेंविराजते ताकीमहिमा कहाँताइवर्ननकरे ॥ जो महादेवजीकेभक्त शैवीब्राह्मण सो शेठजीके मुखते नामश्रवणकरते ॥ ओरहुंजीवनकों शेठजीनामदेते ॥ एसोमाहात्म्य श्रीमहाप्रभुजीनें शेठजीमें स्थापन कीयो ॥ सो वा शीवकीपुरिमें मायावादी कोइ शेठजीकेसामे झांखतोनाँहि ॥ सोवडेवडेउत्सवमें श्रीमहादेवजीशेठजीके घर दर्शनकोंआवते ॥ सो एसो श्रीमहाप्रभुजीकेसेवकको अतूलप्रताप तिनकेवेटागोपालदास ॥ सो तिननें फागकी दोयधमारि ललनाकीगायकें लीलामेंप्राप्तभए ॥ ओर वेटी रुक्मिनी सो जीननें लौकिक माया जनमसों परस करी नाँहि ॥ जो पाँव-

नचलिवेलगी तव सों पांचवरसकीवयमें श्रीठाकुर-
जीके फूलनके हार पोहती ॥ सात वरसकी भइ तव
मोतीनकेहार जडावके पोहिवेलागी ॥ सो श्रीमदन-
मोहनजीकेस्वरुपमें रसकटाक्षसों दर्शनकरती ॥ सो
श्रीमदनमोहनजी साक्षात्‌रसरुपसोंदर्शनदेते जो लौ-
किकवाञ्छनाकीगंधवी मनमें नाँही ॥ जो केवळ
भाव श्री मदनमोहनजीमें सिद्धिहेगयो ॥ सो स्वरुप
वहुतहोसुंदर जो विना आभरणहो आभरणसेंदरशन
देते ॥ ताकोभावअलौकिक ॥ श्रीमदनमोहनजीमें सि-
द्धिहेगयो ॥ सो कन्नूकल्लू शेठजोकेमनमेंज्ञानभयो ॥
सो दर्शनकेसमयठाडीरहेंतो ॥ सो नेत्र एकटक श्रीठा-
कुरजीके सांमेजाय फेरि टेराआवे तव ॥ स्वरुपवियो-
गसह्योनाँहि जाय ॥ जो नेत्रनमें आँसूनकीधाराचले ॥
सो जीननें श्रीमदनमोहनजोकों एसेंवसकीए ॥ जेसें
व्रजभक्तनकेअगारी श्रीठाकुरजीरिणिव्हेगए सो एसो
भीतरसों नाना प्रकारसों लाडलडावे ॥ सो शेपजी

हजारमुखसोंकहे तोऊ रुक्मिनीकीमहीमा कही न-जाय ॥ फेरि लौकिकसंकोचकेताँइ इनकीसगाइ ज्ञातिकेलरिकासोंभइ॥ सो शेठजीकोवहेनहती ॥ याकों लौकिकमेंचित्तवहुतहतो ॥ यानें ए सवकरिकें जब रु-क्मिनीनें सुनी ॥सो सुनीकें वा खेदसो शरीरमें ज्व-रव्हेआयो भीतरवडोखेदपायो ॥ जो हाय मेरे कोन-सोपापलग्यो ओर एसोकोनसोअपराधभयो जो नरक-केकीडासो जीवको संबंधकरायो॥ कहाकरे जोलौकिक गुरुजनपास जोरनहो जो बालक अवस्था फिर अवला ओर ज्ञातिकेपास जोरचलेनाहि॥ सो सुसरारसो वस्त्र कछू गहेंनापहेरायवेकोआयो॥सोतादिनकोमुहूर्त्तहतो ॥ सो शेठजीनें प्रसादीवस्त्र प्रसादीफुलनकीमाला शेठजोके हाथमेंदोनी ॥ जो तुम इनकोपहेरायदेउ प्रसादीरोरीसोतिलककरिदेउ॥ओर कही॥ जो आज इनकोशरीरआछो नाहिहें॥ तातें आज तुम मुहूर्त्त-साधिदेउ ॥ एसेंकहीकें उनकोसमाधानकरि

॥ सो वाइरुक्मिनीकों प्रसादीसंवंधसो वाकोचित्त-आनंदमेंरह्यो॥ फेरि एक दो दिनमें नीकीभइ ॥ सो नित्य श्रीठाकुरजीके उत्थापनकी सेवा अपनेंहाथसों-करे॥ सो शेठजीकोंवडोविचारपर्यो ॥ जो वाके वि-वाहलग्नमें श्रीठाकुरजी केसेंकार्यसिद्धिकरेंगें ॥ जो श्रीमहाप्रभुजीधनीहें ॥ जो मेरेजनमकीआपलाजरा-खेंगें ॥ जो वेटीरुक्मिनीतोमहाअलौकिकहें ॥ सो उ-नकों लौकिकसंवंधकेसेंघटे ॥ सो वा शेठजीकीवहे-नींनें व्याहकोवेगोकरी लगनसुधायो दिननिश्चेकरी-लीनां ॥ शेठजीनेंनाँहिकरी सो वहेनीनें मानीनाँहि तासमय रुक्मिनी नववरसकीहती॥ सो शेठजीनग-रशेठवाजें ॥ सो प्रतिष्ठागाममेंवडीभारी॥ सो वाहि-रनिकसे तो पालिकीमें वेठिकेंनिकसें ॥ ओर अलौ-किकमें प्रताप एसोभारो ॥ जो रात्रमें कालभैरव इ-नकेघरकीचोकीपेहेरादेंनआवे श्री महादेवजीकीआ-ज्ञासों ॥अव व्याहकेथोरेसेदिनरहें ॥ तव शेठजीने

वहेनीसोंकही ॥ जो हमारे इतनों द्रव्य खरचनोंनहीहैं ॥ जो हमारोतोद्रव्य श्रीमदनमोहनजीकोहे ॥ तातें इतनेंमेंव्याहकरनोहोय तो जा समंधीसोंकहि नातर बीजेठिकानेंसगाइकरुं ॥ तव समंधिनेकही जो हमारेकछूनाँहिचहिए जो आपकोवेटोकहाँपरीहे ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीकों व्याहकेसमयमेंपधराए, ओर विनती कीनी ॥ जो राज आप वा छोराकोंनामसुनावो ॥ तो रुक्मिनीवाकोहाथपकरे ॥ नातर रुक्मिनीहठमेंहैं सो हाथ पकरेगोनाँहि तव आपनें कृपाकरिकें वा छोराकोंनामसुनायो गरेमेंकंठीवाँधी फेरि लगनकेसमयमें वह छोकराचोरीमेंआयो ॥ सो आपकोसंवंधवाकोंभयो तोउ रुक्मिनी आँखिभरीवाकों झांखीनाँहि ॥ जो श्रीमदनमोहनजीको चित्रउतराय अपनीगोदिमेंपधरायलीयो ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीकी कृपासों श्रीमदनमोहनजीरुक्मिनीनेंदूल्हेकरीमानें ओर वाइरुक्मिनीकी लौकिकओरदृष्टिगइनाँहि ॥ एसी महा भाग्यरुप श्री

मदनमोहनजीकीपरमप्यारी फेरि विशेष द्रव्य शेठ-
जीकोवहेंनिनेंखरच्यो ॥ जो शेठजीनेतो श्री मदन-
मोहनजीकी आज्ञानुसारखरच्यो ॥ सो रुक्मिनीतो
सुसरारिकोघर एक दिन देख्यो ॥ फेरि जनमभरिदे-
ख्योनाँहि ॥ सो काहेते जो एकमहिनाभरिपीछें छोरा
श्रीमदनमोहनजीके चरणारविंदमेंपोंहोंचिगयो ॥ यह
वाततें शेठजीकीवेहेनि ओर घरकेनकोंदुःखभयो ॥ फे-
रिलौकिकसंकोचकेलीए रुक्मिनी वाहिरकीसेवा फुल-
पोहिवेकीकरिवेलागी ॥ ओर अधीकारतो श्रीमदन-
मोहनजीके स्वरुपमें सर्वागव्हेगयो ॥ तथापि लौकि-
कवैदिक मर्यादा आमन्याकेलीए जो इतनोंआवरण-
राखनोंपर्यो ॥ नातर जगतमें अपकीर्ति होय जो को-
इजीव मारगकीनींदाकरे ॥ तो वाकोविगारव्हेजाय
॥ सो तोकेलीए मर्यादा लौकिकहोराखी ॥ फेरि वाके
पतिको वरसदीनहेगयो ॥ पाछें रुक्मिनीकों नामनी-
वेदनतोहतोही ॥ सो इतनोलौकिकप्रतिवंधदूरिकीयो

।। सो केवलगुणातीतहेगइ ।। सो शेठजीको मनोरथयह जो श्री ठाकुरजीकृपाकरे तो रुक्मिनीकोसेवामेंन्हवाउं ।। सोयह इच्छा शेठजीकी जानिकें श्रीमदनमोहनजीनें शेठजीको मनोरथपूरनकीयो ॥ एकदीन राजभोगकेसमय रुक्मिनीदर्शनकोंआइ ।। सो दर्शनकरतहती ॥ सो श्रीमदनमोहनजी रुक्मिनीसामें करुणाकटाक्ष रसभरिदृष्टिसोंचितए ।। सो रुक्मिनीकोचित्त आकर्पनकरिलीयो ॥ सो दर्शन करती करतो विह्वलव्हेकें गिरिपरी, शरीरकीसुधि रहोनाँहि ॥ तव शेठजीनेंयहवातजानी ।। सो अनोसर करी तारामंगलकरी रुक्मिनीकोंगोदमेले वाहिरलेआए।।सो वाको भैया भूआ देखिकें वहुतघवराए ।। जो कहाभयो कहाभयो पंखाकरिवेलगे।।ओरजो भइ सोतोशेठजीकोंखवरिहती॥ परिशेठजीनेंजताइनाँहि॥ तव शेठजीनें सवघरकेनकों धीरजवधाइदइ जो गभराओमति जो प्रभुसवआछीकरेंगें ।। सो रुक्मिनीसरीखी-

बेटी सो माताकों धीरजआवेँनाहि सो रुक्मिनीकों छातिसोंलगावे वेरवेरमेंरोवे ॥ सो काहेते ॥ जो रुक्मिनी रुप गुण सील चातुरी एसी अलौकिकवेटी सो जाकेदर्शनसोंही जीव कृतार्थहोयजाय ॥ फेरि वा दिन घरमें महाप्रसादकाहूनें लीयोनाँहि ॥ सो रुक्मिनीकों स्वतःही व्रतव्हेगयो ॥ फेरि शेठजीने रुक्मिनीकेकानमें यहश्रवनकरायो ॥ जो वेटी गभरायमती तोकों उत्थापनसमय श्रीमदनमोहनजीके चरणपरसहोयगें ॥ सो एसीओषधी रुक्मिनीकेश्रवणद्वारापोंहोंचतेही शरीरमें चेनव्हेगयो ॥ जो मानों सँजीवनी बूँटीप्यायदीनी ॥ फेरि उत्थापनकोसमयभयो ॥ तव रुक्मिनीकोआज्ञा दीनी जो तूँ उत्थापनकीसामग्रीसिद्धिकरिफेरिउत्थापनमें शेठजीहूँन्हाए ॥ रुक्मिनीकोहून्हवाइ ॥ प्रसादी वस्त्र अपरसमें पहेराए ॥ आभरन जोईनके पहेरिवेकेहतेसो रेशममें पोए ॥ खासाअपरसमेंहते सो पहेरे ॥ ओर मातानें काजरबेंदी दीनी ॥ ओर घरमें शेठजीकीवहेंनी-

हीं सो वा समय घरमेंनाहिहती ॥ सो घरकेकिँवारबंदकरि लीए॥जो कोउ लौकिकमनुष्यआवेनाँहि॥ सो यासमय रुक्मिनीकेस्वरुपकीशोभा कछूलिखिवेमेंआवे नाँहि ॥ सो मानो साक्षात् कोंइ व्रजभक्तपधारे॥ सो एसो सौभाग्यको दर्शन भयो ॥ फेरि शेठजीनें घंटानादकरि श्रीमदनमोहनजीकोंजगाए॥ सो किँवारखोली भीतरदंडवत्करिवाहिरआय रुक्मिनीकेहाथखासाकरवाय ॥ भीतरमंदिरमेंठाडीकरी ॥ तव श्रीमहाप्रभुजीके चरणारविंदकोध्यानकीयो॥ओर आज्ञामाँगी॥ सो इतनो स्मरणकरतेंही श्रीमदनमोहनजीनें चरणारविंदलंवोकीयो सो रुक्मिनीकेउरपर चरणारविंदजायलग्यो ॥ सो यह लीलाकेदर्शन शेठजीकों भए ॥ तव रुक्मिनीनें दोउचरणारविंद अपने उरसोंलगायलीए॥ सो चरणसंबंधहोतेही रुक्मिनीकेसर्वांगमें अलौकिकसामर्थहोयगइ ॥ सो कछुलिखिवेलायकवस्तुनहीं हे ॥ जो यहवात अनुभवीवेध्यहें॥ सो एसो श्रीमहाप्रभुजीको

अलौकिकरसरुप जागतोमारगहैं ॥ तब श्रीठाकुरजीनें त्रिविधितापरुक्मिनीकेदूरिकरिकैं चरणारविंदमें खेंचि लीनी ॥ शेठजीको दर्शनकरतेकरते नेत्रनमेंसों चोधारावहिवेलागी ॥ सो गदगदकंठहोय रोमाँचहेगए ॥ फेरि उत्थापनभोग रुक्मिनीनें अपनेहाथसोंआरोगाए । फेरि आज्ञाभइ ॥ जो श्रीमदनमोहनलालकीरसोइ रुक्मिनीकरेगी । सो तादीनसोंरसोइ रुक्मिनीकरिवेलागो ॥ सो अपने हाथसोंरसोइवीनें,हाथसोंपीसे ओर अपनेहाथसों सिद्धिकरिके भोगधरिवेलगी ॥ सो रुक्मिनीकेहाथकी एसीसामग्रीआरोगे सो साक्षात् अधरामृतस्वादहोइ ॥ सो नित्य नइनइसामग्रीभोगधरे वैष्णवनकोलिवावे ॥ एसो रुक्मिनीकोस्नेह सो जा दिनसोंरुक्मिनीकोचरणपरसभए ॥ तादिनसों रुक्मिनी खाटविछायकेंसोइनॅाहि ॥ सोरात्रमें रुक्मिनी रात्रभरिसेवाकरती ॥ सो श्रीमदनमोहनलालसोंसह्यो नँाहिजातो ॥ सो कहेते ॥ जो तूं मेरी वहुतसेवाकरेहै

॥ सो अव तो नेक सोजा॥सो आपुकोअज्ञासों घंटा डेढ घंटाचटाइयेंसोवे ॥ फेरि जागीफेरिसेवाकरे ॥सो एसीसेवा कोइआजकालिमें करिसकेनाँहिएसेंश्रीमदनमोहनलालकों लाडलडायकें रीझाए ॥ एकबेरकार्तिककोमहिना आयो ॥ सो शेठजीसोंकही ॥ जो बाबाजी में कार्तिकन्हाउंगी ॥सोइतनोंसामानमोकों अधिकीमेंलिवायदेउ ॥ खांड, बूरा, मेदा, घी, नित्यमें दही, दूध, साक सालन ॥ ओर नित्य रात्रमें तीनवजेंन्हाय सामग्री करी भोगधरे वैष्णवकोंलिवावें ॥ सो परमस्नेहसोंलिवावे॥ यारीतिसों कार्तिकन्हावे ॥ सो एकदिन शेठजीनेपूछी, जो तूँ कार्तिकन्हायवेकहेती ॥ सो कोनसमयकार्तिकन्हायहें ॥ जो मेंने कार्तिकन्हाती देखीनाँहि ॥ तब रुक्मिनीनेंकही ॥जो बावा अपनें ओर कार्तिककहाहे ॥ जो सवारेउठि नानाप्रकारकीसामग्री करी प्रभुनकोंआरोगाय ॥ वैष्णवनकोंलिवावनो ॥ सो यह कार्तिकहें॥ तब शेठ-

जीसुनिकें वहुतप्रसन्नभए ॥ हृदयसीतलभयो॥ एसी रीतिसों कार्तिकमगसिरओरमाघन्हावती ॥ सो शेठ-जीचरणारविंदमेंपोहोंचे ॥ तापाछें गोपालदासकी देहअशक्तिभइ ॥ तव दोयललनाकीधमार सेवाके वि-रहमेंगाए॥ पहेलेललनामेंतोछेलीतुकमेंलिख्योहें॥श्री-मदनमोहनके वारने वलिवलिदास गोपालललना" ॥ ओर दूसरे ललनाकी छेलीतूकमेंयहगायो॥ "गो-पालदास प्रभुलाल रंगीलो हँसिलीनी उरलायलल-ना" यह कीर्तन गायकें साक्षात् श्रीमदनमोहनला-लकोलीलामेंप्राप्तिभए ॥ तापाछेंगोपालदासकीवहु रुक्मिनीकी सहायतामेंरही ॥ सो एसीसेवामेंरसवस भइ ॥ सो घरकेवाहिर चोतराहूदेख्योनाँहि ॥ श्रीगं-गान्हायवे जायसकेंनाँहि ॥ इनकेज्ञातिकेलोग चवा-ऊकरिवेलागे ॥ तव एकदीन रुक्मिनीकोमाँमा सम-झायवेकोंआयो ॥ जो वाइ तूँ गंगाजीनहींजायहें ॥ सो यहाँ ज्ञातिकेलोग वहुतचवाऊकरेहें ॥ एसोकरनो

नाँहि ॥ जो समयपायकें श्रीगंगाजीन्हायवेजानों ॥ सो वाकोतो कहेनोभयो ॥ सो वाहीसमय श्रीठाकुरजीकेअगारि चोकमें श्रीगंगाजीश्रीयमुनाजी श्रीसरस्वतीजी तीन्योनकीधारा वहिवेलगी ॥ सो मैंमां दर्शनकरिकें चक्रतहोयगयो ॥ ओर श्रीमहादेवजीको भीतरदर्शनकरतेदेखे ॥ सो यह चक्रतहोयरह्यो ॥ पाछें रुक्मिनीकेपाँवनपर्यो ॥ तवकही जो मेंनें तेरोस्वरुपज्ञान्योनांहि ॥ आजपाछें जो कोऊ तेरो चवाऊकरेगो ताकोउत्तरमेंकरुंगो ॥ सो एकसमय सूर्य ग्रहणपर्यो ॥ तव श्रीगुसाँइजी मणिकर्णिकापेंअडेलतेंपधारे ॥ सो यह सुनीकें रुक्मिनी आपकेदर्शनकोंआइ ॥ तव आप वहुतप्रसन्नभए ओर आज्ञाकरी जो रुक्मिनी तूँ केतेकदिनमें श्रीगंगाजीस्नानकरनआइ ॥ तव रुक्मिनीने कही ॥ जो राज चोवीसवरसमेंआइहों ॥ जोराजकों पधारेजानीकें ॥ यहसुनीकें आपकोहृदयभरिआयो ॥ ओर आज्ञाकरी ॥ जो इनसों श्रीठाकुरजी अरण

केसैंहोंयगे ॥ फेरि आज्ञाकरी ॥ जो कवी श्रीठाकुर-
जीअनुभवजतावेहैं ॥ तव विनतीकरी ॥ जो राज
नींदभरि सोवेहैं पेट भरि खातहैं ॥ ओरश्रीआचार्य-
जीकेग्रंथदेखेहैं ॥ सो अगारिवाततो आपकृपाकरिदेऊ
तो जीवजाने ॥ तव एसेंसुनिकें आपवहुतप्रसन्नभए॥
ओरकह्यो ॥ जो एसें भगवदीय अपनोंस्वरुपछिपावेहैं
फेरि कविकवि श्रीगुसाँइजी विनाबुलाए रुक्मिनीको
देखिवेकों रुक्मिनीकेघरपधारते ॥ सो रुक्मिनी वहुत
भावभक्तिसोंसेवाकरति ॥ सो रुक्मिनीकोंदेखिकें आ-
पवहुत प्रसन्नभए॥ ओरआज्ञाकरते॥ जो कहाकरें जो
गयेविनाचले नाँहि जो मनतोएसोकेरेहे ॥ जो रात्र-
दिना रुक्मिनीकेपास रहे ॥ रुक्मिनीकेसाथे तीन्यों-
सेवाविराजतो ॥ सो तीन्योसेवा अतोस्नेहसोंकरती !
जो भगवद्सेवा, गुरुसेवा, वैष्णवकीसेवा॥जो वैष्णव
रुक्मिनीकेघरआवे ॥ सो तासमय रुक्मिनीरोंमरोंमप्र-
फलितहोयजाय हृदयमेंआनंद समावेनाँहि ॥ से

वैष्णवविनतीकरते जो रुक्मिनीवाइ तुमहमकोंकछू-
सेवावतावो ॥ तव रुक्मिनीकहेती जो वावा तुमारी-
तोयहीसेवाहैं जो तुम हमारेघरनित्यपधारो ओर दर्शन
देऊ जो तुमारीयही सेवाहे ॥ सो एसें सेवाकरत रु-
क्मिनीकीदेहअशक्तभइ ॥ सो श्रीमदनमोहनलालके
चरणारविंदमेंप्रासिभइ ॥ पाछे कछूकदीन गोपालदा-
सकीवहुनेसेवाकरी तापाछें वाकीदेहअशक्तभइ तव
श्रीठाकुरजी श्रीगुसाँइजीकेघरपधारे ॥ फेरि काहूने-
कही जो रुक्मिनीने गंगापाइ॥ सो सुनीके रोमांचहो-
यआए ॥ ओर आज्ञाकरी ॥ जो गंगानेरुक्मिनीपाइ
॥ सो एसेंभगवदीयकेसंगतें श्रीगंगाजी परमपुनीत-
होनहें ॥ सो जगतकोपावनतीरथकरे ओर तीरथकों
पावनभगवदीयकरे एसो भगवदीयकोविलासहे। फेरि
रुक्मिनीचरणारविंदमेंपोंहोंची ॥ तापाछेंश्रीठाकुरजी
पधारे ॥ सोतव गामके वैष्णवनकों वडो सोचभयो।
तव श्रीठाकुरजीपधारेपीछें सववैष्णवदर्शनकोंआए ॥

सो देखिकेंवडोविरहभयो ॥ सो उनमें कोउताद्रशीकं एसो दर्शन भयो ॥ जो शेठजोकेघरमें साक्षात्श्रीमहाप्रभुजी विराजेहें ॥ ओर रुक्मिनीआदिसेवाकरिरहें ॥ एसो दर्शनभयो सो तादीनसों बेठक आपकीप्रसिद्धिभइ ॥ ओर शेठजीकीवहेनिकेवंशमेंरहें ॥ सो नित्यसेवामेंपोहोंचते ॥ ओर सब वैष्णवमिलिकें मिलापकरते ॥ वासमय सोंधेकीअत्यंतसुगंधआवती ॥ संसवचक्रतेंहोयआवतें ॥ तातें शेठजीकेघरमेंआपबेठ

श्रीआचार्यजी महाप्रभुनके सेवक रजोवाई क्षत्राणी तिनकी वार्ताको भाव

सो रजोवाइकोघर श्रीअंकाजीकेपिता जेकिसनजी जो आपकेसुसर तिनकेवाडेमें इनकोघरहतो ॥ ओर श्रीअंकाजिकें ओर रजोकेंपरस्परस्नेहवहुतहतो ॥ सो दोउश्रीगंगाजीन्हायवेनित्यजाय ॥ सो रजोनित्यफूलकिडलियाँ ओरभोग ओररोरी ए सवलेंकेंआवे सो श्रीअंकाजीकेश्रीहस्तसों श्रीगंगाजीको पुजनकरावे ॥ सो श्रीगंगाजीसोंप्रार्थनाकरे जो हे श्रीगंगे ! हमकों अलौकिकश्रीपूर्णपूरुषोत्तमपतिदेउ ॥ सो एसेंअंकाजिनित्य न्हायवेकोंआवे॥ तव पूजन प्रार्थनाकरे ॥ ओर रजोवाइएसीप्रार्थनाकरें जो जहाँश्रीअंकाजिकोंकृपा होइ वा चरणारविंदकिरज हमकों प्राप्तिहोय ॥ एसें नित्यदोउजनीकरे ॥ सो काहूकोखवरिनहीं ॥ रजोको पिता द्रव्यसंपन्नवहुतहतो ॥ ओर एकहीवाकेवेटीभइ ॥ सो पहेलेंरजोकेपिताकेकोइपुत्रपुत्रीभयीनाँहि ॥ ओर

रजोकी माताकेमनमेंबडोदुःखरहे ॥ ओर रजोकेपिताकें श्रीगंगाजी कोइष्टहतो ॥ सो गंगासप्तमीकेदिन श्रीगंगाजीकोउत्सवभारी मानतो ॥ ओर श्रीगंगाजीमें दूधबहुतपधरावतो ॥ भोग बहुतधरावतो ॥जो ब्राह्मणनकीकन्याकोपूजनकरतो ॥ तोऊकछूसंततिभइनाँहि ॥ जब साठवरसकी वयभइ ॥ तव मनमेंआइ जो यह द्रव्य कोंनकामकोहैं॥जो अपनेअगारी सबब्राह्मणनकों पुन्यकरिदेउंगो॥एसो निरधार कीयो ॥ फेरि वा रात्रको सोरहशृंगारसहित रजोकेपिताकों श्रीगंगाजीने दर्शनदीए ॥ जो कछूद्रव्यखरच पुन्यमतिकरियो ॥ तुमारे थोरेसेदिनमेंकन्याहोयगी ॥ सो व्रजभक्तनकोरजरुप साक्षात् आधिदैविकप्रगटहोयगी ॥ सो यहआज्ञाकरिकें श्रीगंगाजीतोपधारे ॥ फेरि थोरेसेदिनमें श्रीगंगाजीकोकृपासें पुत्रीभइ ॥ याकोनाम वाही प्रभावसों रजोधर्यो ॥ सो साक्षात् वही व्रजभक्तनकोरजरुपप्रगटभइ ॥तातें याकोप्रभुवियोगकेसेंसहे ॥

तातें आधिदैविक श्रीमहालक्ष्मीजीको प्रागट्य इन-
केसंगही भयो ॥ सो दोउनकोस्नेहसंबंध फलप्राप्ति-
एकहीभयो॥ जो संगहीखेले संगहीरात्रदीनरहेआवे॥
सो रजो श्रीअंक्काजीकीसेवामेंबहुतहीरहें ॥ फेरि या-
केपितानेविवाहको विचारकीयो ॥ सो ज्ञातिवारे र-
जोकोस्वरुप गुण देखिकेसब पोछेंपरे ॥ ओर माता-
पिताकेमनमें यह जो यह साक्षात्‌रजोहे सो इनकों-
पतिएसोहीमिले तोसगाइसंबंधकरे॥ सो बडोहीदुःख-
रह्योआवे ॥ ओर रजोतो नित्यश्रीअंक्काजीकेघरहींर-
हीआवे ॥ ओर घरमेंसो वस्त्र सामग्री नौत्तननौत्तन
श्रीअंक्काजीकोंअर्पणकरे ॥ तब रजोकेपितानें श्रीअं-
क्काजीको स्वरुपदेखिकें कह्यो जो यहकन्या महाअ-
लौकिकस्वरुपहें॥ सो या कन्याकीकृपासों मेरीबेटी-
कोभाग्यसिद्धिहोयतोहोय॥ सो एकदिन रजोकेपिता
जेकिसनभटजीकेपासगए॥ प्रणामकरी ॥ विनतीकरी
जो आपकीपुत्री श्री महालक्ष्मीजी अलौकिकस्वरुप-

कोअवतारहैं ॥ ओर हमारी कन्याको ओर आपकी-
कन्याको परस्परस्नेहवहुतहैं सो आपनें श्रीमहालक्ष्मी-
जीकेसंबंधको कहाविचारकीयोहे ॥ तब यह सुनिकें
भट्टजीकेनेत्रनमेंसों जलप्रवाहवहिवेलाग्यो ॥ ओर क-
ही जो मेरीलाज श्रीगंगाजीराखेगें तो में यालायक-
पतिसंवंधकरुंगो ॥ नहींतो लौकिकजीवसंवंधतो मे-
रीकन्याको सर्वथा न कराउंगो ॥ वहुतजोअत्यंतलोक-
विग्रहभयोतो अपनीदेह श्रीगंगाजीमेंप्रवेशकरिदेउंगो
॥ यह सुनिकें रजोकेपितानेंकही ॥ जो अवतो तुमारी
हमारी लाज श्रीगंगाजीराखेतोरहे ॥ जो मेंनेतो ए-
सोहीप्रमाणकीयोहे ॥ जो रजोवेटीको जीवसंवंध न-
कराउंगो ॥ सोप्रभुननें इनदोउनकोमनोरथ पूरणक-
रिवेकेलिए आप श्री अंक्काजीको अँगिकारकीयो॥ सो
श्रीअंक्काजीकेव्याहमें रजोकेपितानें वहुत द्रव्यअर्पण-
कीयो ॥ एसेंमानी जो मेरीयेहीवेटीहे ॥ जेकिसनजी-
सों रजोकेपितानेकही जो एसीरीतिसोंविवाह मति-

माथें धरिकें रजोकेपिता ज्ञातिमेंढुंढनलागे ॥ सो कोइगरीव क्षत्रीनिर्धनहतो वाकोलरिकाहतो ॥ सो आछोदेख्यो ॥ वासोंप्रोहितकेहाथकहेवाइ जो तुम श्रीमहाप्रभुजीके शरणहोयजाओ तो तुमारेवेटाकों हमअपनीलरिकीदेइ ॥ यहसुनिकें बहुतहीहरखमानभयो, जो एसें वडेघरकीवेटीहमकोंमिलेहैं ॥ सो वे सकुटुंव श्रीमहाप्रभुजीकीशरणआए ॥ सो आपनें वाकेबेटाकोनामनिवेदनकरायो॥फेरिथोरेसेदिनमें वा लरिकासों रजोकोसंवंधभयो ॥ तव आपकी कृपासों वा लरिकाकी दिव्यदृष्टिहेगइ ॥तव रजोकोंदेखिकें मनमेंकही ॥ जो यहतोकोइ जगतकी स्त्रीनमेंकीतोनाँहिहे याको रुपरंग तेज जगत्सोंन्यारोहैं॥सो मेंतो तासों लौकिकसंवंधमानुगोंनाँहि ॥ जो इनकी कृपासों मेरीहूंमुक्तिहोयगी एसोज्ञान वा लरिकाकोंभयो ॥ यहवात लरिकानेकाहूकों अपनेघरमेंजताइनाँहि ॥ ओर नित्य श्रीमहाप्रभुजीकेदर्शनकोंजाय चरणपरसकरे ॥ फेरि

आपउहाँसोविजयकीए॥ तव श्रीअंकाजीनें रजोद्वारा श्री महाप्रभुजीसोंविनतीकराइ जो हमकों कहाआज्ञा हे ॥ जो हम आपविनाकेसेंरहेंगे ॥ तव आपने आज्ञा करी ॥ जो शेठपुरुषोत्तमदासकेघरमें मेरोस्वरुपविराजे हें ॥ उहाँ नित्यपधारियों ॥ ओर न्हायकेचरणपरसकरिकें घरमेंआयके भोजनकरियो ॥ सो अंकाजी आपकीआज्ञाप्रमान नित्यशेठजीकेघरपधारें, तव शेठजी वडे भावभक्तिसों अपनें घर पधरावे उहाँ आप भीतर न्हाय चरणपरस करि कछू भोग धरि आरोगें ॥ ओर रजो नित्य श्रीमहालक्ष्मीजीके संग शेठजीके घर जाय ॥ सो रजोको हूं आपके साक्षात्‌दर्शनहोय॥ फेरि कछूकदिनमें श्रीमहाप्रभुजी काशीपधारे॥ सो श्रीमहालक्ष्मीजीकों स्वग्रहमें अँगिकार कीयो ॥ श्रीमहालक्ष्मीजीके पितानें जो घरमेंहतो सो सव आपकों अर्पणकरिदियो ॥ ओर घरमें पंचायतनपूजाहती सोऊ आपकेआगेंलायधरी॥ वामें श्रीगोकुलनाथजीको स्व-

रुपहतो ॥ वहस्वरुप श्रीमहाप्रभुजीकोहो ॥ सो केवल श्रीअंकाजीकोपतिव्रतराखिवेकेलीए पहेलेही भट्टजीके घरमेंविराजतेहते ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीने श्रीअंकाजी-कोअँगिकारकर्यो ॥ पाछें वहस्वरुप श्रीअंकाजीकेसंग-पधरायलाए ॥ ओर चारि मर्यादाव्युहस्वरुपहते सो मर्यादारुपश्रीगंगाजीमेंपधारे॥ सो स्वरुप जहाँसोआये तहाँहोलीनव्हेगए ॥ पाछें श्रीमहाप्रभुजीनें अडेलमें-दृढवासकीयो ॥ सो श्रीमहाप्रभुजी श्रीमहालक्ष्मीजी-सों परमरमणसुखकरतेभए ॥ फेरि आपकेसुसर ओर-सास भटजी भव्यानीजी सब आपकी कृपासें वेगिही चरणारविंदमेंप्राप्तभए ॥ फेरि रजोवाइकों वडोविरह-भयो॥जो हे नाथ! अब आपनेमेरीकहाविचारीहे! एसी जो आपनेंविचारीहोयगी तो में या देहकोत्यागकरुंगी ॥ देहराखुंगीनाँहि ॥ देहराखके कहा करुं ॥ जो एसी प्रतिज्ञाकरी ॥ सो श्रीमहाप्रभुजी आप अपनीवस्तुको केसेंत्यागकरें ॥ सो आपको वाकों ब्रह्ममुहूर्त्तके समय

साक्षात्दर्शनभयो ॥ओर आज्ञाकरी॥ जो तूं चिंतामतिकरे ॥ मेरेचरणारविंदपास सदारहेगी॥ ओर तेरे सकलमनोरथसिद्धिकरुंगो॥ इतनीकहिके आपपधारे ॥ फेरि याको सचेतभयो ॥ सो अतिहिहृदयरोमाँच प्रेमाँचहोयआयो ॥ ओर भगवानकीप्रतिज्ञावीएसी हें " एयथामांप्रपद्यंतेतांस्तथैवभजाम्यहं " यहआज्ञा रजोकेप्रसंगमेंप्रसिद्धदिखाइ सो कृपापात्रहोंयगे तोयहाँ लौकिकसंबंधकी गंधवीन लावेंगें ॥ ओर आधुनिकजीवसाधारणकोंतो यहभावदुराराध्यहें ॥ एसो आपको सर्वोत्तमजिमेंनामहें ॥ फेरि रजोकेपितानेंहुंएसोविचारकियो ॥ जो श्रीमहाप्रभुजिकेचरणारविंदमें रजोवसेतोमेरोजनमसुफलहें ॥ सो भगवद्इच्छासो सवहरिशरणभए ॥ तव रजोकोपिता रजोकोलेकें अडेलमें श्रीमहाप्रभुजिके चरणारविंदमेंवासकियो सो अपनोजन्म महाकृत्यकृत्यमान्यो ॥ सो फेरि अडेलमेंवसे ॥ फेरि श्रीमहाप्रभुजिनेकृपा करिकें श्रीवालकृष्णजिको-

स्वरुप रजोकेपिताकेमाथेपधराय दियो ॥ ओरकहि ॥ जो श्रीवालकृष्णजिकिसेवाकरो ॥ सो स्वरुपसाक्षात् श्रीइलंमागारजिके उच्छंगकोस्वरुपहते॥ सोइभावसों जायविराजे ॥ तवकछूकदिनतो रजोंकेमातापिताने सेवाकरि, फेरि वे हरिचरणारविंदमेंप्रातभए ॥ तव रजोनें धीरजधरिकें दोऊ स्वरुपनकि सेवाकरि ॥ सो श्रीमहाप्रभुजि ओर श्रीवालकृष्णजि दोउनकों तनसों चित्तसों लाडलडावे ॥ जितनों घरमें उत्सवसामग्री श्रीवालकृष्णजिकोकरे सो तितनोंहि श्रीमहाप्रभुजिको वस्त्रआभूपन सामग्रिआरोगावे ॥ कछू रजोके महाभाग्यकिप्रशंसा लिखिवेमेंआवेनाँहि ॥ ओर अडेलमें एकक्षत्राणिज्ञातिकि हती ॥ सो अपनेघरमें सेवामेंन्हवाइ सो सहायतामेंरहि ॥ सो रजोसवारेंतीनवजेन्हायकें श्रीमहाप्रभुजीकेघरमेंजाति ॥ सो श्री महालक्ष्मीजिकि टहलखवासिकरति आपके पेडे में जाती, जगावती ॥ जो आपकोउवटनाकरती, न्हवा-

वतो वेंनीगूँथती॥सो सबशृंगार श्रीमहालक्ष्मीजीको रजोवाइ करती ॥ सो रात्रीमें रात्रको शृंगारधरायकें सुखशैयामें श्री महालक्ष्मीजीकों पधरावती ॥ सो युगलस्वरुपकेदर्शनकरती, पंखाकरती ॥ सोरजोकेभाग्यकोकछुलिखिवेमेंनहींआवे केवलरसमार्गी रजोभक्तहती ॥ सो मर्यादाप्रमाणजिननें छीयोनाँहि ॥ वालपनेंसोंही श्रीमहालक्ष्मीजीकीटहलकरी ॥ फेरि अडेलमें युगलस्वरुपकोटहलकरी ॥ सो श्रीगोपीनाथजी श्रीगुंसाइजीके प्रागट्यसमें श्रीमहालक्ष्मीजीके पास रजोहती ॥सो जेसेंही श्रीरुक्मिनीवहुजीकेपास कृष्णदासीखवासिनीरही ॥ सो श्रीगिरिधरजी श्री गोकुलनाथजीके प्रागट्यसमय कृष्णदासीटहलमेंरही॥ सो ताहूमें रजोके भाग्यकीकछूकहीनजाय ॥ श्रीमहाप्रभुजीसों श्रीमहालक्ष्मीजीने वीनतीकरिके सेनभोगकोपकवान रजोकेहाथसोंआरोगायो॥ तादिनसों सेनभोगकोपकवान रजो अपनें घरसोंसिद्धिकरिकें श्री-

महाप्रभुजीकोंआरोगावती॥ रजो नित्यनयी सामग्री आरोगावे॥ओर पंखा श्रीमहालक्ष्मीजीकरे॥एसो सुख रजोको प्राप्तिभयो॥ओर श्रीमहाप्रभुजीकेश्रीअंगकी- टहल दामोदरदासजीकरे ॥ सो एसैंही रजो श्रीम- हालक्ष्मीजीके श्रीअंगकोटहलसबकरें॥सो एसैंकरते, जो मानों दोउ एकहीधामसोंपधारे ॥ सो बाहीधा- ममेंआयकें सेवामें फेरि तत्परहोयगए ॥ ओर दामो- दरदासजी रजोकेपासजायकें श्रीमहाप्रभुजीकेस्वरुप संबंधी बातकरते ॥ सो एकदीन श्रीमहाप्रभुजीकेरस संबंधीवार्ताकरिबेलागे॥ सो वार्ता करतेकरते दोउजनें मूर्छितहोयगए सो सबारेभएकीसुधिनरही॥ सो घरमें बाईक्षत्राणीरहेंती॥ बानें बिनतीकरिकें सावधानकीए एसीरीतिसों दामोदरदासको ओर रजोबाइको परस्पर स्नेहहतो ॥ओर श्रीअंकाजी प्रयागआदिजहाँपधारें॥ तहाँ रजोबाइ आपकेसंगहीरहें ॥ एसी श्रीमहालक्ष्मी- जीकृपारजोबाइपेंहती ॥ एकदिना अडेलमें लक्ष्मन-

जो प्रभु तुमारो कार्यसवसिद्धि करेंगे ॥ऐसें समाधान करिकें घर पठायो ॥ तादीनसो वहवनीया नित्य इनके घर आवे ॥ सो नित्यदीनता वीनतीकरे ॥ जो मोकों आपके दर्शन करावो ॥ सो भक्त आर्तिदूरि करिवेको आपकोनामहैं ॥ सो नामप्रसिद्धि करिवेको फलदेवेकों ईच्छा विचारी ॥ तव कछूकदिनमें आप अडेलसोविजय कीए॥सोतव कृष्णदासजीके गाममें पधारे ॥ सो वधैयाने कृष्णदासजीको वधाई दीनी तव कृष्णदासजी सुनिके वाहीसमय वस्त्रपहेरिकें वावनीयाके पास गए ॥ जायके कही॥ जो चलो श्रीमहाप्रभुजी पधारे हें ॥ वधैयाआयोहे सो वनीयासुनतही वस्त्र पहेरिकें दुकान वंद करवायके मेलके दसवीस वनीयानकोसंगलेकें श्रीफलभेट लेके कृष्णदासजीकेसंग चल्यो ओर सवसंगवारेनसोकही जो अपने

॥ ओरवे वनीया तो वहूत दीनता करी चरणारविंदमें गिरिपयों ॥ सो आँसूनकी धारा नेत्रमेंसोंचले ॥ ओर वेरवेर दंडवत् करे ॥ तव आपने हँसीकें कृष्णदासजी-सोंपूछी ॥ जो ए कोनहे ॥ तव कृष्णदासजीने वाव-नीयाकीसवविवस्थाकही ॥ ओर वीनती करी ॥ जो राज इनकोंनामसुनावो ॥ तव आपकृपा करिकें नाम सुनाए ॥ ओर केतेकदैवी जीवहते सो शरणआए ॥ तव आप वावनीयाको नाम ज्ञानचंद धरे॥फेरि आ-पकों गावतेवजावते गाममें पधरायलाए॥ सो वनीया-तो दर्शनकरतेही परमकृतार्थहे गयो ॥ सो वार वार कृष्णदासजीकोस्त्रीको वडाई करे॥जो धन्यमाताजी धन्यमाताजी ॥ सो वानें वा समय एकदोहाकह्यो॥

हीन दीन साधन रहित, पायो पद निर्वाण॥
श्री वल्लभके वाजिके, वाजत गए निजान॥

फेरि वा वनीयाकों आपने नीवेदन करायो ॥सो जि-तने दिन आप वा गाममें विराजे सो तीतने दिन त-

पेलीकोखर्च तथा ओरहुंत्रनपर्यंत सव वावनीयानें पहों-
चायो ओर वहुत सो द्रव्य भेट कीयो ॥ ओर कीत-
नेक जीव शरण आए॥ फेरि अगारी आप श्रीद्वारि-
कांजी पधारे ॥ फेरि वह वनीया ओर कृष्णदासजो
आपके संग एक मजलतॉई पधरावनगए॥ फेरि उनकी
इच्छा एसी हती ॥ जो द्वारिकांतॉइजाय ॥ तव आपनें
नॉहिकरी ॥ सो रुकिगए ॥ फेरि आपने दोऊनकोवि-
दाकीयो॥सो यासमय चरणाविंदकोविरह दोऊनको
कह्यो नॉहिजाय ॥ जेसेंतेसें विदाहोयकें घर आए ॥
ओर वनीया अपनी दुकानको काम सव दीनमें करे॥
रात्रमें कृष्णदासजीको सतसंग करे॥ सो नित्य आपके
स्वरुपकी लीला वार्ता सव पूछे॥ सो कृष्णदासजी कृपा
करिकें नित्यवाको कथामृत प्यावे ॥ वचनामृतसों
प्रेमाँच होय रोमाँच होय आवे ॥ सो शरीरको सुधि
रहे नॉहि ॥ कृष्णदासजीनें एसी कृपा करो ॥ सो
वनीया पूर्ण भगवदीय होय गयो॥ओर नित्यविनती

करे॥ जो सामान चहिए सो लाऊं जो ईतनो संकोच क्यों करोहों ॥ जो मोकों अपनो जानो ॥ मेरो अँगिकार करो॥ तव कृष्णदासजीने कही॥ जो नित्यको कामतो हमारो चल्यो जाय हें॥ जा दीन कोई वैष्णव आवेगें ॥ तादीन तुमारी सत्ता अँगिकार होयगी ॥ सो वनीया कृष्णदासजीके कृपा भावमें जहाँ ताँई जीयो ॥ तहाँ ताँई नित्य आयो ॥ तातें संग करनो तो भगवदी वैष्णवको करनो॥ जो पूरण होय तो ओर कोपूरण करि देय तातें भगवदीनके संगको एसो महान् फलहें ॥ सो प्रभु परम कृपा करे तव भगवदीयनको संग मिले ॥ तातें साधारण वनीयाहतो सो ताकोताद्रशफल कृष्णदासजीनें दिखायो ॥ तातें कृष्णदासजी, इनकीस्त्री तथा वनीयाकी वार्ता अपारहे ॥ सो कछूकआपकी कृपासों भावप्रकाशलिख्योहे सो ईनकी वार्ता कहाँताँइ लिखिए ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्री आचार्यजी महाप्रभुनके सेवक श्यामदास सुतारकी वार्ताको भाव

श्यामदास सूतारके पिताके संतति न हती ॥ सो वेमकरके महिनामें त्रवेणी स्नान करते ओर पूजा करते ॥ सो ऊहाँ रात्रमें सोए ॥ सो आज्ञा भइ जो तुम आजपीछें हर्यो व्रक्षमति काटियों ॥ जो कोऊ सूखो व्रक्ष मिले तासों निर्वाह करियो॥ ओर तुमारे गाममें श्रीयमुनाजी बिराजेहें तिनको पूजन नित्य करियो ॥ तातें तुमारे भगवदीय पुत्र होयगो ॥ यह आज्ञा भइ ॥ पाछें इननें अपने घर आयकें जन्मताँइ हर्यो व्रक्षनहीं काट्यो॥ ओर श्रीयमुनाजीको पूजन करन लाग्यो॥तापाछें थोरेसे दीनमें श्यामदासजीको, जन्म भयो ॥ सो जन्मतहीं रोयोनँाहि वहूतहस्यो॥ मातापिता ओर ज्ञातिके लोगननेंदेखिकें वडो आश्चर्य मान्यो॥सो इनकों वाहीसमय श्रीईल्लंमागारुजीकी गोदमें खेलेहें एसो श्रीमहाप्रभुजीको दर्शन होयवे-

लाग्यो ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीके प्रागट्यके छेमहीना पीछें श्यामदासजीको जन्म भयो ॥ सो आपकेदर्शन करत जाय ओर हसत जाय ॥ फेरि वे वडेभये ॥ सो कोइकोइ दीन श्रीमहाप्रभुजीको दर्शन होय ॥ सो ताहीसमयप्राण हरेहेआवे ॥ जो श्यामदासजी केवलस्नेहके पूतला प्रगटभए ॥ सो आपके स्वरुपमें बालपनेंसोंही संपूर्ण सर्वात्म भाव सिद्धिहे गयो हे ॥ नींदमें सोवे ओर जाने जो आप पधारेहें ॥ सो आप कृपा करिकें स्नेह रीतीसों दर्शन देते ॥ सो यह श्यामदासजीसों कोई सकामसों स्नेह भयों नाँहि ॥ जो एंतो केवल सहज स्नेहो हे ॥ जो श्री महाप्रभुजीके जो स्नेहहें अलौकिक सो वा स्नेहकों विलसिवेकी इच्छा भई सोई स्नेहको अवतार श्यामदासजी भए ॥ सो एसें भगवदीयके कारणसोंही आपनें अडेलकों सनाथ करी ॥ तादीनसों श्रीईल्लंमागारुजी तथा आप अडेल वास कीयो ॥ श्यामदासजीकों दर्शन करतें

स्वरुपासक्ति हेगई ॥ सकुटुंब शरण आए ॥ सों एतो जादीनसो आपको दर्शन भयो, सो तादीनसों लौकिककार्य सब छोडि दीयो ॥ सो जा समय आपजागे ॥ ता समय दर्शनकों आवे ॥ सो दर्शन करते करतें एकटकव्हेजाय ऊहाँसोंहटेनाँहि ॥ ओर आपहूंक्षन क्षनकों मंदहास्यपूर्वक चितवे ॥ सो रोंमरोंम रससों भरि जाय ॥ सो आपको लावण्यामृत, हास्यामृत, अधरामृत, तीन्योंनको यह पान करिकरिकें आपमय होय जाय ॥ फेरि देहकी सुधिहु रहे नाँहि ॥ एसें-नित्यप्रति दोऊआडीसों एकरस होय रहेहें ॥ सो इनके घरके उद्यम विना दुःख पायवेलगें ॥ ओर एतो-आपको द्वार छोडे नाँहि ॥ जो आपके दर्शन होई तहाँताँइतो एकटकव्हेजाय॥ ओर जब आपकी पोरिके किवाँर लगी जाय ॥ तबऊहाँई निरास प्राणकीनांई परिजाय॥फेरि ऊनके घरके लोग आवे॥सोंघरलेजाय ॥ सो ऊनको घरमें कहा ठीक चित्त लगे ॥ जो वैष्णव

सब उनको ठीक राखे ॥ ओर रजोवाई इनको वहूत सन्मान करे ॥ भुख प्यासको वहूत खबरि राखे ॥ फेरि इनके घरके आयकें श्रीईछंमागारुजीसों वहूत वीनती करें ॥ जो महाराज मेरो लरका है सो रात्रदीन-आपके पुत्रको दर्शन कर्योंही करेहें ॥ जो हमारे घरमें ऊद्यम नहीं करेहें ॥ ओर ऊनको लरिकीऽ्याहीहें ॥ सीं वहूत दुःखपावेहें ॥ सो महाराज आप अपने पुत्रसों कहो तो समझायकें घर पठावें ॥ तब हमारीगृहस्ताई चले ॥ तब श्रीईछंमागारुजीनें इनकी सब वात समझायकें कही तब श्रीमहाप्रभुजीने आज्ञा करी ॥ जो हम वाकों बुलावन तो जाय नांहि ॥ ओर दर्शनको आवें सो ताको वंदोवस्त तुम करो ॥ फेरि श्रीईछंमा गारुजीनें सब वैष्णवनसों कही जो वाकों समझाय देउ ॥ जो दर्शनकरिकें चल्यो जाय ॥ यहाँ रहे नाँहि ॥ तब वैष्णवननें आपसों विनती करी ॥ जो याके घरकेनमें यामेंचवाउ होय रह्योहें ॥ सो हमारी तो

वेमानें नहीहें॥ तासों आप वचनामृतसों आज्ञा करो तो वह मानेगो॥ तव आपने आज्ञा करी॥ जो इनकों हमारे पास भीतर वुलाय लावो॥ सों आपने सन्मुख वेठायकें आपने वाकी आसक्ति अँगिकार करी॥ तव आपने वासों आज्ञा करो॥ जो तूँ घरजा॥ अव तेरे घर हम पधारेंगे तोकों ऊँहाइ दर्शन देइगें॥ एवचनामृत सुनीकें वाही समय अपने घरकों गयो॥ सो घरमें चित्त तो वाको लगे नाँहि॥ जो कछुकोकछु करिवे लगि जाय जो चित्ततो आपके स्वरुपके पासहें ओर देह घरमें आय पर्योहें॥ सो घरकेननेंयही हरख मान्यो जो घरमें आयो तो सही जोओर कछू मति करी॥ हमारे घरमें रहे आवे तो सव भरि पाँवेगें॥ ओर सव वैष्णव घरकी ठीक राखे॥ ओर श्रीमहाप्रभुजी इनके घर पधारें॥ सो जेसेंपहेलें आपके दर्शन यह करतो सो तेसें अव आप इनकों देखिवेलगिगए सो दोमुहूर्त्ततांई आप इनके घरमें विराजे रहें॥

सो एसें परस्पर आसक्ति दिखाई ॥ एसें आप नित्य ऊहाँ जाये विना चले नाँहि॥जो घर पधारें सो आप-वाकों क्षन क्षन सुमिरण कोयो करें ॥ ओर वैष्णव-वनकों पठावें जो देखो श्यामदास कहा करेहें ॥ एसें वेरवेरमें खवरि मँगावें यह बात श्रीईह्लंमागारुजीकों असह्य लागें जो आपकों एसें नाँहि चाहिए ॥ जो आप इनके घर वेरवेर पधारो हो ॥ सो तव आपनेश्री-ईह्लंमागारुजीसों कह्यो ॥ जो अवएसें करेंगे नाँहि ॥ सो आपने मैयाको आज्ञासों ईतनो कारण माँन्यो ॥ जो एकदीन आपवाके घर पधारें ॥ एकदीन आपके यहां वह रह्यो आवे॥एसें उलटापलटी होय वेलागी॥ एक दीन आपनें एकांतमें वुलायो॥ओर आपने विचा-री॥जो अवयहरीतिहें रस संवंधी॥सो यामेंलोकचवा-ऊहें ॥ सो न राखनी ॥ सो आपवाकों एकातमें वु-लायके आपआपनेनीज अधरामृत अपने मुखमेंसों वा-केमुखमेंप्यायदीए। सो वाद्वाराकेवलआपकोरसरुपस्व-

रुप वाकेहृदयमेंजायविराज्यो॥ सो वाहिरकीआसक्ति अंतरस्वरुपमेंहेगई ॥ सो वाहीसमयआज्ञाकीनी ॥ जो तेने मेरे चरणारविंदमेंआसक्तिकीनी॥ सो मेनें तुमकों महान् फलकोदाँनदोयो ॥ जो अवहमतोकोंआज्ञा-करे ॥ सो तारीतिसोंचल्योकरि॥ जो मेनेतुमकोंदाँ-नदीयो ॥ सो आजतॉई याकालमेंदीयोनाँहि ॥ पहेले यह दाँन व्रजभक्तनकों दीयो ॥ एवचनामृतसुनीकें रोंमरोंममें परमानंद भरिगयो॥ फेरि आपनेंश्रीमुख-सोंआज्ञाकरी ॥ जो तुं मेरे स्नेहकोअवतारहे ॥ सो यह प्रसंगको अनुभव श्रीदामोदरदासजीको, श्रीअं-क्काजीकों, रजोकों तीन्योंजनेनकोभयो ॥ सो श्री-गुसाँईजीने सर्वोत्तमजीमें इनको नाम लिख्योहें "दास दासीप्रियः पतिः" सो प्रसंग यहाँ साक्षात् प्रगटकरिदीखायो ॥ सो ईनचारोनकों एकभावको-वर्णनहें॥ जो श्रीमहाप्रभुजीकीसहचरी रजोही॥ श्री-[illegible]मोदरदासजीकी सहचरी श्यामदास ॥ विशेषखो-

लिकें रसकी वात लिखिनजाय ॥ सो यावातकेरसी-याजोहोयँगे ॥सो जानीजायँगे ॥ तादीनसों श्याम-दासजी जेसें ओरवैष्णवचरणपरस करिजाते तेसें येहूँ चरणपरस करी जाते॥ओर ग्रहको कार्य करिवे लागे॥ सो ग्रहको कारज कहा जो वैष्णवनकी सेवा संवंधी टहल जेकोई पट्टा, चोकी, सिज्या, पलना, हिंडोरा, ए सिद्धि करी देय ॥ ओर काहुसों अपनी मेहेनत-लेयनाँहीं ॥ ओर ता दीनसें रजोवाई प्रसाद अपने घरलीवावती ॥ ओर याके घरकी सव वैष्णव संभार राखते॥ जो आपके विराजीवेकोपट्टा[१] आपके चरणा-रविंदकीखडाउं अवताँई विद्यमानदर्शनदेयहें ॥आप-की सिज्या, हिंडोराखाट, श्यामदासजीके हाथकी सो तापर आप पोढते ॥ तथा विराजते ॥ भीतर श्री-महालक्ष्मीजीके विराजिवेकोपट्टा, चोकी, भोजनके-पट्टा, वगेरे सव श्यामदासजीके हाथकें अँगिकारहोते

१. आश्यामदासजीनो वनावेलो पाटलो तथा खडाऊं-पादुकाजी प श्रीजीद्वारमां विराजे छे.

॥ सो याको अँगिकारतो रात्रदीना चरणारविंदमें रह्यो आवे ॥ सो सिज्यारुप ए पट्टारुप॥ सो आपको ओर श्यामदासको संबंध कछू वर्ननमें नहीं आवे ॥ फेरिआपनें चोथेआश्रमकी ईच्छा विचारी ॥ सो काशी पधारे ॥ जो उतमें तोआपको पधारनों ॥ ईतमें ईनके प्राणनिकसोगए॥ सो आपको स्नेहात्मकस्वरुप श्यादासजीहते ॥ सो आपके लीलात्मक स्वरुपमें प्राप्ति भए॥ सो यहवात दोरिकें वैष्णवननें आपसों विनती करी ॥ सो आप सुनीकें एक मूहुर्तलों श्यामदासजीके वियोगको स्वरुप दीखायो ॥ तव सव वैष्णवनकों वडो पश्चाताप देखिकें जो हाय हमने श्यामदासजीकीवात क्यों करी॥ पाछें एकमुहुर्तपाछें आपने वैष्णवनसों आज्ञा करी॥ जो उनकों एसी चहिए॥ जो उनविना हम नाँहि॥ हम विनावेनाँहि ॥ सो एसें वहुत प्रकारसों उनकी प्रशंसाकीनी ॥ ओर उनकों ओढायोपट्टा तापरश्रीमहाप्रभुजी विराजे सो पट्टा ओर

खडामूँ श्रीगुसाँइजीने न्यारोमंदिरकरीके पधराए ॥ सो आपकी परोक्ष दीशामें श्रीगुसाँइजीनें आपको स्वरुपकरि पट्टा ओर श्रीपादुकाजीको सेवनकीयो ॥ सो एसोसेवासंबंध श्यामदासजीको आपने अँगिकार कीयो ॥ तातें ए भगवदी नित्य आपके पास विराजे हें ॥ एसी एसी श्यामदासजीकी अनंत वार्ता हें ॥ सो लिखिवेमें आवे नाँहि ॥ सो कहाँताँई लिखिए॥ ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्रीगुसाँइजीके सेवक वाघाजी रजपूत तिनकी वार्ताको भाव

एकवार श्रीगुसाँइजी परदेश पधारे हते ॥ सो वाघाजीके गाममें डेराभए॥ सो ऊहाँके वैष्णव आपको गाँमतेवजावते पधरायलाए ॥ सो वाघाजी राजद्वारतें आवत हते ॥ सो मारगमें आपके दर्शन भए ॥आपकेसंग जहाँआपके डेराहते, तहाँताँईगए॥ ऊहाँजायकें हाथजोरिके दूरिठाडे भए ॥ भीतरसों

चित्त वहुत अकुलावे ॥ जो कोईरोतिसों आपके चरणारविंदके पास पोहोंचे ॥ सो आर्तिसाँचिहती॥ सो वाघाजोकी आर्ति आपसेंासहो नगई ॥ वाहो समय आपनें एक वैष्णवसों आज्ञाकरी ॥ जो ए वाघाजो रजपूत यहाँ ठाडेहैं इनकों यहाँ लावो ॥ सो वाहोसमय वैष्णव वाघाजीपास गयो ॥ ओरकही जो वाघाजी रजपूत तुमहोहो॥ सो सुनतेंही आनंद ऊमग्यो जो जामाकीतनीसवटूटोगई ढालतरवारके वंदआपहोढटिगए ॥ तव ए जायकें आपके चरणारविंदमेंगिरिपरे ॥ शरीरकी सुधि नरही ॥ फेरि आपने श्रीहस्त माँथेपर धरिकें सावधान कीयो नेत्रनमेंसों आँसूनकी धारावही जाय, मोंहोडेसोंवोलआवेँनाहि तव आपने श्रीमुखसों आज्ञा करी ॥ जो वाघाजी सावधान होयजाओ ॥ सो वचनामृत सुनीकें हृदय सीतलभयो ॥ ओर वीनती करो जो मोकों आपनो दासकरो ॥ सो वाहो समय आपने नामसुनायो ॥

फेरिवीनतीकरी ॥ जो राजमेरीस्त्रीकों लेआऊं ॥ तब आपने आज्ञा करी जो तूमनें सवारेसों कछूखायो नाहि है॥ तब दोऊननें कही॥जो महाराज सवारेसोंजलपर्यंतलीयोनहीहें॥ तब आप कृपाकरिकें दोऊनकों निवेदन करवायो ॥ स्त्रीहूपतिव्रताही सो ब्रह्म संबंधहोतेही दोऊनको अलौकिक बुद्धिव्हेगई ॥ फेरि विनती करी ॥ जो राज हमकों कहा आज्ञाहें ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो तुम क्षत्रीनको खानपान करो नांहि तो तुमकों वैष्ण धर्म आज्ञाकरें ॥ तब दोऊनने बीनती करी जो पहेलें भई सो आजपाछे वा वस्तुकोगध बीनलेईगें॥ तापाछें आपने आज्ञाकरी ॥ जो श्रीठाकुरजीकी सेवा दोऊ स्त्रीपुरुष मिलिकेंकरो ॥ वानें कहीजो राज मेरेंराजाकी चाकरीहें सो ताको में गांमपाऊहूं ओर जमीनहें ॥ सो केसें करं

द्वारमें जायो करो ॥ राजभोगतुमारीस्त्रीधरेगी ॥ एक
दोय वैष्णवनकों नित्यमहाप्रसादलीवाईयो ॥ तासों
प्रभुसुखसों आरोगे ॥ पाछें एकदोयदीनमें आपतो
श्रीगोकुलपधारे ॥ फेरि स्त्रीपुरुषपरमप्रेमसों श्रीठाकु
रजीकी सेवा करनलागे ॥ सो नित्य नये दो वैष्णव
नकों प्रसादलीवावे ॥ जो वडे स्नेह सों घरमेंन्हवावे
पास अंगीठीधरे ॥ गरमीके दीननमें सीतल समग्र
प्रभुनको आरोगावते, वैष्णवनको लीवावते, पंखा
करते ॥ सो ईनके सेव्य श्रीठाकुरजी साक्षात् अ
भवजतावते ॥ एक दीन वह रसोई करतहती ॥ अ
वाघाजी शृंगार करतहत्ते ॥ तासमय राजके यहाँ
चोपदार आयो ॥ सो कही जो राजाकी सवारीव
तैयारीहे वेगेआईयो ॥ तव वाघाजी शृंगारकरी च
णपरसकरी वाहिर आये तव स्त्रीसोंकही जो वैष्ण
वेठोहे ॥ ताकों तेल लगाय, न्हवाय, अपरसपेहरा
महाप्रसादलीवाईयो ॥ जो में राजद्वारजातहों ॥

राजभोग तुम धरियो ॥ ईतनो कहीकें घोडासवार होयकें वाघाजी तो सवारीमें चले ॥ तापाछें स्रोनें राजभोग धर्यो ॥ वालभोगमें तवापुरी, शाक, सँधानो, दही कछूथोरोसोघी ईतनोधर्यो ॥ वाहिर आयकें रसोई पोतिवे लागी ॥ ओर तवापुरीकेसंग घोथोरोसोधर्यो ॥ सो श्री ठाकुरजीनें वाघाजीसो ऊहॉ सवारीमेंजताई ॥ जो तवापुरीकेसंग घीथोरोसो धर्योहे ॥ सो मेरो ता गरो खरखरायहें ॥ सो तूं आयके घीधरे तो में तवापुरीआरोगुं ॥ ईतनोसुनतही घोडा असवारीमेंसों निकासिकें घोडाभजायो ॥ सो वेगीघरआय पोहोच्यो ॥ घीकोवटेराधर्यो ॥ ओर मंदीरकोटेरासरकायो ॥ देखें तो श्री ठाकुरजीकेश्रीहस्तमें पुरीहे ओर आरोगे नॉहिहे ॥ सो ईननें झटवटेराघीको धर्यो ॥ वाही बटेरामें पूरीवोरिकें श्रीठाकुरजी आरोगिवे लागे ॥ सो ईतनों वासमय श्रीठाकुरजीकी वात्सल्यतामें कपडा पेहेरिवेकी सुधि न रहो ॥ वे-

सैंही घोडापर चढि असवारीमें चलेगए ॥ सो ता समयवह वैष्णववेठो हतो ॥ तानेंएसव वात देखी ॥ वाकेमनमें लौकिक दोष बुद्धि आई ॥ सो तव वाही समय अपने घर चल्यो गयो ॥ ओर जायकें अपनी स्त्रीसो कही ॥ जो मेरे आगें वाघाजी विनान्हाए जोडा पेहेरे घी धरिकें चल्योगयो ॥ एसें अनाचारमें अपनेसोतोप्रसाद लीयो न जाय ॥ जो आजतो मेनें आँखिनसो देख्यो॥ जो सदाजाने केसे करते होयँगे॥ सो मेंतो आज पाछें प्रसादईनकेघर न लेऊगो ॥ एसें कहि के घरमें प्रसाद लीयो ॥ ओर सोय रह्यो ॥ ता पाछे वाघाजीकी स्त्रीनें भोग सरायो ॥ सोतव आरती करी तारामंगल करो वाहिर आई ॥ देखेंतो वह वैष्णवनाँहिहे ॥ वाही समय वा वैष्णवके घरजाय दोरिकें पुकारी ॥ सोतव वानें अपनी स्त्रीसों भीतरसों कही जो तूं इनको कहीदे जो वे यहाँ नाँहिहे ॥ वाहिर गएहें ॥ वाघाजीकी स्त्रीनें बहूतदीनता करी वी-

नतोकरी ॥ सो तोऊ वास्त्रीनें कछू जुवाव दीयो नाँहि ॥ तव वहूतहीं दुःखपायकें अपने घर आई ॥ आयकें गिरिपरी ॥ ओरकही ॥ जो राजद्वारतें वे आवेंगेतोमें कहाजुवाव देंऊगी ॥ आजप्रभुनने मेरी कहा जानें कहा विचारीहे ॥ जो एसी कवीन भई हे जो आज एसीक्यों भई ॥ जानें आजमेरे हाथसों प्रभु आरोगे हे के नाँहि ॥ सो न जानें आज मेरी सामग्रीमें चूकभई तथा अवारभई ॥ तासों वैष्णवभूखो चल्यो गयो ॥ वेरवेर छाती भरिभरि आवे ॥ ओर कछू ऊपाय चले नाँहि ॥ फेरि ऊत्थापनको समयभयो ॥ तव वाघाजी राजद्वारतें आए ॥ पूछी जो तुमने वैष्णवनकों जिमायो ॥ तव कही जो वहवैष्णव विनापुछे अपने घरचल्योगयो ॥ में वुलायवे गई, वाकीस्त्रीनें कही, जो वेतोघरनाँहिहे ॥ में पीछीआई ॥ सो यह वात वाघाजी सुनीकें, जो आज लेंनें राजभोगमें तवा पुरीमें घ्रतथोरो धर्यो ॥ तातें श्रीठाकुरजीनें में घोडा

पर चढिके जातहतो तहाँ मोकों जताई जो घी थोरोहे सो घी विनातवापुरी मेरेगरेमेंखरखरायहें ॥ सो में वाही समय घोडादाडायकें घरआयो ॥ शरीरकी सुधिकछू रहीनाँहि जो जोडापेहेरेंही घीकोवटेराधरिकें मंदीरकोटेरा सरकायकें देखें तो श्रीठाकुरजीके श्री हस्तमें तवापुरीहें ॥ ओर आरोगे नाँही हे ॥सो में घी कोवटेराधरि टेरालगाय घोडापर सवार होयकें सवारीमें गयो ॥ तातें यहसव कृत तुमारोहें ॥ जो श्रीठाकुरजीकों ऊहाँ पधारनो पर्यो ॥ओर वैष्णवहु भूख्यो गयो ॥ सो इतनों सुनतहीं ऊहाँकी ऊहाँगिरिपरी । जेसें प्राणनिकसीजाय ॥ सो तेसें मृत्युतूल्यहोय गई। सो वाघाजी देखते रहिगए ॥ जो यह कहा कौतुव भयो ॥ फेरि जायकें हाथलगावें सो श्वासनाँहि ॥ त घवराए ॥ जो भइसोतोभई परी अव यह कहाभई। सो दोर्यो आपको चरणामृतलायो ॥ आँखिनमें ल गायो ॥ कंठमेंदीनों छातीमें लगायो ॥ ओर काय

परिकेंरोवनलागे ॥ जो हेप्रभु ! यह अपराध मोसों भा-
रिपर्यो ॥ एसें अक्षर यास्त्रीकों सुनाए ॥ तातें एसी
भई ॥ तातें एसोदुःखित हृदयकरि आपहुँ गिरिपरे ॥
अचेतव्हेगए ॥ दोउनकोखेद श्रीठाकुरजीसों सह्यो
नाँहि गयो ॥ सो वाहीसमय स्त्रीकेप्राणमेंचेतआए॥
तव देखेंतोपतिगिरिपर्योहे जेसेंतेसेंयानें पतिकोंवेठायो
॥ तव पतिको चेतभयो ॥ देखेंतो स्त्रीपासवेठीहे ॥
दोउ रुदनकरनलागें ॥ तव श्री ठाकुरजीने भीतरसों
आज्ञाकरी जो तुमदुःखमतिकरो जो कालितुमारे यहां
विनाबुलाए वहवैष्णव आवेगो ॥ तव इन दोउनने
उठिकें महाप्रसादगेयनकोंदीनों ॥ आपने कछूनलीनों
फेरि न्हाय सेन आरतीकरिकें श्रीठाकुरजीकोंपोढाय
तारामंगलकरि कें फेरि सेनभोगहतो सो गैयनकोंदीनो

॥ तव आपन्हाए श्रीठाकुरजी जगाए ॥ तव कछू सामग्री करिकें भोगधरी ॥ सो श्रीठाकुरजीके दर्शन ऊदासीनतायुक्तभए ॥ सो दर्शनकरि चित्तवदूतदुःखी भयो ॥ फेरि राजभोगसों पोहोंची अनोसर कराय वाहिर आयो ॥ सोतव आयकें स्त्रीकों जगाई ॥ तव थोरोथोरो स्त्रीकोंचेतभयो ॥ तव हाथपकरिकें वेठाई ॥ जो ऊठि तोकुंकहाभयोहे॥ सो वह रोवेंही रोवें॥ मुखसों कछू वोलनीकसे नाँहि ॥ जो तूँ कहितो सही जो तोको कहाभयोहे वास्त्रीनेकहो जो कालि-तुमप्रसादलेवेकों वाघाजीके घरगयेहते सो वाघाजीकी ऊपरकीक्रियादेखिकें विनाप्रसादलीएचलेआयेसो वा-घाजीकों तथाऊनकीस्त्रीकों वडोदुःखभयो ॥ जो ऊन-नेंअवीताँईजलवीलीयोनहोहे ॥ ऊनकोदुःख अपनेश्री-ठाकुरजीसों सह्यो नाँहि गयो॥ सो श्रीठाकुरजीनेंमो सों आज्ञा करी हे जो हमतों श्रीगोकुल जाय हें ॥ सो मनीकेंवडोदुःखभयो ॥ त[illegible]श्री[illegible]जीसोंविनती

करी ॥ तव श्रीठाकुरजीनेआज्ञाकरी ॥ जो तुमारेध-
नीने वाघाजीकोअपराघकीयो ॥सो हमतोरहेगेंनाँहि
॥ सो यहआज्ञासुनीकें मेरेहाथपाँवकोजीवनिकसीग-
यो ॥ अवतुमनेमोकों जगाईहें ॥ सोतव सुधिभईसो-
अवजेसेंतेसें वाघाजीकेघरजाय अपराधक्षमाकरवावो
नहीं तो श्रीठाकुरजी यहां रहेगेंनाँहि॥ सोतव वाको-
धनीदोर्यो,वाघाजीके घरगयो॥ओर वाघाजीनेतोराज
भोगसराय अनोसरकरि महाप्रसादसवगैयनकोंदेदीयो
॥जो वेठे वेठे दोऊस्त्रीपुरुषदुःखकरिरहेहें ॥ जो श्रीठा-
कुरजीने आज्ञाकरीहती ॥ जो सवारेंवैष्णवतुमारेय-
हाँआवेगो ॥ सोनजानेएसोकहाभारीअपराधपर्यो सो
वैष्णवआयोनाँहि ॥ एसेदोऊजने दुःखकरीरहेहें ॥
सोतव ईतनेमेंयहवैष्णव दोर्योआयो ॥ आयकेजेश्री-
कृष्णकरी॥देखतेहीं स्त्रीपुरुपकेप्राणहरेहोयगए ॥ वह-
जायकेचरणारविंदमेंगिरिपर्यो॥ भूमीमेंनाकघिसिकेंवी-
नतीकरी,जोमेरोअपराधक्षमाकरो॥ ओरमोकोंमहाप्र-

सादलिवावो ॥ जो सखडीअनसखडीतोगैयनकोदेदीनी॥ जो लीवावेकहा॥ जो आय दोचारिघरीविराजो,जो श्रीकोन्हवायके सेनपीछें आपुनतोन्योजनेमहाप्रसादलेयँगे ॥ सो तोऊवैष्णववहमानेनॉहि॥ जो तुमारे घरमेंसूकोपाको जो कछु पर्योहोय सो मोको देऊ॥ तव मेरोमनमानें॥ तव श्रीसोकहो ॥ जो कछू लावोभीतरसो॥ श्रीअनसखडीमहाप्रसाद दोनामेंसाजिकेंलाई, तव वावैष्णवनेकही ॥ जो मेंअकेलोकेसेंलेऊ॥ जो तुमदोऊलेऊ ॥ तापाछें मोकोदेऊ॥ सोतव तीन्यो जनेननें हिलिमिलिकेंमहाप्रसादलीयो॥पाछें श्रीन्हाई सेवाकेसमयसखडीअनसखडीभोगधरी ॥ भोगसराय सेनआरतीकरी ॥ श्रीठाकुरजीकेदर्शन आनंदसो महाप्रसन्नतासो तीन्योनकोभए॥ फेरि [1]श्रीठाकुरजी कोपोढाय तारामंगलकरि वाहिरआए ॥ वाहिरआय

१ आ परम भगवदीयना श्री ठाकोरजी श्रीमदनमोहनजी, मुंबइमा मोटामदिरमा श्री गोकुलनाथजी महाराजने माथे, श्री बालकृष्णजीनी साथे विराजे छे

चारिपातरिधरी ॥ एकगैयाकी, एकयावैष्णवकी, दोऊ-स्त्रीपुरुषनकी ॥ सोतब ईनतीन्योननें मिलिकें महाप्रसादलीयो ॥ आचमनकरायबीरादीयो ॥ सोतब हाथजोरिकेंकही ॥ जो कालि प्रसादलेनकोंवेगेआईयो ॥ फेरि जेश्रीकृष्णकरिकें अपने घरगए ॥ सोतब जायकें अपनीस्त्रीसोंसबसमाचारकहे ॥ सो तब स्त्रीसुनीकेंबहुतप्रसन्नभई ॥ ओरकही जो श्रीगुसांईजीकी कानिसों प्रभुननें हमारेजनमकीलाजराखी ॥ सो प्रभुअपनोअपराधसहे परन्तुवैष्णवनकोअपराधसह्योनजाय ॥ तातें वैष्णवनकेअपराधसोसदाडरपतरहेनो ॥ सो एसोपुष्टिमार्गकोविलासहे ॥ सो कछूलिखिवेमेंआवेनाँहि ॥ सो ईनको दीनदीनकीवार्ताबहूतहें ॥ कहाँतांईलिखिए ॥ संपूर्ण ॥

श्रीगुसांईजीके सेवक चंदाबाई उदेपुरके राणाकीबेटी तिनकी वार्ताको भाव

आपकेचरणपरअनन्यभावजिनकों ॥ इनके मा

थेआपकोचित्रविराजे ॥ नित्यभोगधरिकें महाप्रसाद-
लेई ॥ आठसहेलीब्रह्मसंबंधिनी नित्यसेवामेंन्हवावे॥
तिनकोसगाई जोधपूरकेराजाकेसंगभई, राजाबडोअ-
भिमानीहतो सो राजमेंकोईकोंवदेनाँहि ॥ फेरि जव-
वरातलेकेंव्याहिवेकोंआयो सो चोरिमें वाकोस्वरुपदे-
खिकें चंदावाईकोंमहान्‌दुःखभयो॥सो पिताकेअगारि
वाकीकछूचले नाँहि॥व्याहहेचूक्यो॥तव वाकोंज्वरच-
ढिआयो॥राणाजीनेकछूवातसमझी॥आयके याकोंधी
रजवधाई ॥ ओरकही जो कदाचिततुमारोधरमराजा
विगारे तो पचासहजारसीसोदीयातुमारेपासहे ॥सो
तव एसे कहीकें द्रव्यदेके याकोविदाकीयो ॥ द्रव्य
आभरण वहूत दीए ॥ मनुष्य वहूतदीए ॥ सो ऊन-
केसंगआठसहेलीहती ॥ ओरआठगूजरधायभाईसंग-
लीए ॥ कितनेकमनुष्य नामधारीहते ॥ जलकीकाँ-
वर रेशमकोपटवाँधिकेलावते॥ एसेंरस्तामेंकामचल्यो-
गयो ॥ ओर मारगमेंभगवदइच्छा सो ज्वरआयोकयों

॥ सो राजासोसंबंधभयोनाँहि ॥ फेरि जोधपूरजाय वडोऊंचो महल सो तामेंजाय निवासकरवायो सो महेलसतखनो ऊंचो ॥ सो तामेंजायकें महलखासाकरवायो॥श्रीठाकुरजीकेविराजिवेको सवव्योतकीयो॥ ओर लौकिकवारे नाजर राजा आवे सोवाको व्योतन्यारोराख्यो॥सो तादिनचित्तवहूतहीक्लेशमेंरह्यो॥रात्रमेंजवसोई ॥ तव वाकोआपकोदर्शनभयो ॥ तव यहआज्ञाभई ॥ जो तूँ डरेमति तेरोयहकछूकरिसकेनाँहि ॥ सो ईतनो सुनतही बेठीहेगई ॥ ओर हृदयमेंआनंदभरिआयो रोमांचहोय आए ॥ फेरि आपकोचितवनकरिकेंप्रसन्नभई ॥ फेरि सवारोभयो॥ सो यहवातकाहूकोकछूजताईनाँहि ॥ फेरिराजानेंजोतसीनकोबुलाय मुहुर्तदिखायो ॥ आयवेकोदीन निश्चेकीयो॥ फेरि राजानेंनाजरकोवुलायो ॥ ओर चारिसहेली नाजरकेसंगकरी ॥ तासमय

हतो ॥ ओर राणीजी प्रसादलेवेकुंवेठीहती

थेआपकोचित्रबिराजे ॥ नित्यभोगधरिकें महाप्रसाद लेई ॥ आठसहेलीब्रह्मसंबंधिनी नित्यसेवामेंन्हवावे॥ तिनकोसगाई जोधपूरकेराजाकेसंगभई, राजाबडोअभिमानीहतो सो राजमेंकोईकोंवदेनाँहि ॥ फेरि जब

थेआपकोचित्रविराजे ॥ नित्यभोगधरिकें महाप्रसाद लेई ॥ आठसहेलीब्रह्मसंबंधिनी नित्यसेवामेंन्हवावे॥ तिनकोसगाई जोधपूरकेराजाकेसंगभई, राजाबडोअभिमानीहतो सो राजमेंकोईकोंवदेनाँहि ॥ फेरि जबवरातलेकेंव्याहिवेकोंआयो सो चोरिमें वाकोस्वरुपदेखिके चंदाबाईकोंमहान्दुःखभयो॥सो पिताकेअगारि वाकीकछूचले नाँहि॥व्याहहेचूक्यो॥तव वाकोंज्वरचढिआयो॥राणाजीनेकछुवातसमझी॥आयके याकोंध

महलके गवाखामें आडोचोकपरीहती ॥ ईतनेमेंनाजरनेआयके मुजराकीयो ओरकही ॥ जो तुमारेमहलमें आजहजूरपधारेंगे ॥ ओर चांदीकोथार सहेलीनकेसंगलाए ॥ तामें पान, सुपारी, काथो, चूनो, ईलायचो, तरहतरहकोअत्तर ओरमदिराकोप्याला, सो देखतेंहोत्राकोदुर्गंधआई ॥ सो मोंहोडोढाँपिलीयो ॥ सो देखिकेंवडोजीवजयों॥ ओर नाजरसोंकही जो यहमदिरा–दारुलायोहें सो याकोछींटापरे तो कपराहमारेकामकोनाँहिरहे ॥ सो जायकें अर्जकरि देऊहजुरसों ॥ नाजरतोदुष्ट सों झूंठिसाँचिकहिकें राजाकोंखिजायो ॥ तब रानीनेजांनी जो हमारेमाँथे आपकेचरणारविंदविराजेहें सो यहकहाकरेगो ॥ सो राजासुनीकें वाहोसमय हिरण्यकश्यपकीनाँई क्रोधकरिकेंचल्योआयो ॥ सो वाकेसामें आपकोनामलेकें निंदाकरन लाग्यो ॥ तब वाकों सुनिकें महान्दुःखभयो ॥ सो शास्त्रकोरितिहें जो अपनेप्रभुनकी, अपने-

गुरुनकी निंदाकरे तो वाकिजिभनिकसवायलैंनी ॥ सो तो ए अवला जो ईनकि कछुचलेनाँहि ॥ तव ईननेंजानि, जो अपनेकांनसों अपनेप्रभुनकिनिंदासुनि, तातें यहदेहराखनि नाँहि॥तातें वा गवाखमेंसों चिकतोरिकें सतखनापेसोंनिचेकूदी ॥ सो वा समयपवनवहुतचल्यो ॥ सो लेहेंगावडोघेरकोहतो लेहेंगाफुलिगयो, पक्षीकिनाँइपाँखेहेगयो ॥ सो निचे गिरिवेदेईनाँहि ॥ सो ऊपरहिथांभिराखी ॥ सो ऊननेंअपनों लेहेंगादावीकें जेसेंतेसेंवेठो ॥ जेसेंपक्षीवेठेहें ॥ तेसें वेठिगई ॥ सो आपकोकृपासों वाकोवारहुवांकोनभयो ॥ तव राजावाहीसमय भयखायकें वाहिरभाजीआयो ॥ सो एसोमहलऊंचो जो जहाँसोकोडीपटके तो टूकहेजाय ॥ फेरिराजानेहुकमचलायो ॥ जो मरीकेजीवी सो खवरि देऊ ॥ सो नाजर सहेली सव पठाए ॥ सो महलमेंसहेलीहती सो ऊननेंजानी ॥ जो अव हममहलमेंरहिकेंकहाकरे ॥ वाहीस-

मयन्हायकें कछूआपकोभोगधरिकें झांपीमेंपोढाय रे-
शमीवस्त्रसोंझांपीवांधी॥सेवामेंसोवंटा झारी आभरण
एक रेशमीखडीयामेंवांधे ॥ इतनेमेंवधाईआई ॥ जो
रानीजीवतीवचोगई ॥ जो कछूनाँहिलागो ॥ सो सु-
नीकें चारिसहेलीदोरिकेंअर्जीकरी ॥ जो मैंतो यारा-
जाकोमोंहोडो देखुंगीनाँहि ॥ जो तुमसोंवनेतो हमा-
रेप्रभुनकोपधगयलावो ॥ ओर कछुराजानाँहिकरेतो
न लावो ॥ तासमय चारिसहेली महलमेंगई ॥ दोय
पासरही, सो महलमेंजायकें सवखिलोनां तथाश्री-
ठाकुरजीपधराईलाई ॥ ओर चांदीकेकलसा रानीके
गेहेंनाकोसंदूक सवलिवायलाई ॥ ओर ईनकेसंगके
ऊदेपूरके सवमनुष्य हथीआरलेकें ईनकेपासठाडेरहे॥
ओरकही ॥ जो हम मरेंगे ओर मारेंगे ॥ तव वाईने
कही, जो तुम कछुमतिकरियो ॥ हमवगीचामेंरहेंगे॥
सो राजाकोमनुष्य कोईमनुष्य मेरेपासनआवनपा
॥ फेरि राजानेंनाजर सहेली ओरकनातपठाई ॥ त

रानीनेंनाजरकोंवुलाय समझायकेंकही॥ जो तुमभले आवमिहोऊ तो यहाँसेंचले जाओ नातर सो पचासमनुष्यनकी यहांहत्याहोयगी ॥ ओर मेंतोराजाके-कूआको पानीहुंनपोऊंगी ॥ तव यहतो एक वगीचामेंजायकेंरही ॥ ओर राजाकोएकमनुष्यरहेंननदीयो ॥ फेरि राजाहूंवहूतपछितायो, फेरि चारिमनुष्यपठाए ॥ ओर कही जो मेरीभूलमाफकरो, जो में वा समय नसामेंहतो ॥ सो कछुसुधिनरही ॥ फेरि आपमहलमें आवो ॥ जेसें सेवापूजाकरतहते, तेसेंहीकरो ॥ में दोयचारिगामअधिकीमेंनिकासीदेऊंगो ॥ तव रानीनेंएकहू वातनमानी, कही जो तुमारे कूआको जलवीहमारेकामेको नाहि ॥सवफिरिआए॥ तव राजानें अपने मनकोंवडीधिक्कारदीनी ॥ जो एसेंठीकानेकीवेटी, जो सीसोदियासूनेगो तो कहाकरेंगे ॥ फेरि याकेधाईभाईको वाही समयसाँडियाभेज्यो ॥ सो खवरिलगतेही, सीसोदीयाननें जोरखायो ॥ सो रा-

नीनेसुनी ॥ तव अपनोसाँडिया वापकेपासभेज्यो ॥
सो ता परमानामेंचंदावाईनेंलिखिपठाई॥ जो यावा-
तकोआप कछुविचारोमति॥जो तुमनेंमोकों याकों-
सोंपी ॥ सो राजानेंमोकों वनवासदीयो ॥ सो तूम-
सोंहुंगई वासोंहूंगई॥अव हों तो केवलप्रभुनकीभईहों
॥ जो तुमहमारेसांचेपिताहो तो श्रीगोकुलपोहोंचा-
यदेऊ ॥ ओर जो हमारे प्रभुसत्यप्रतिज्ञहें तो तुमारे
कूलकोंकलंकनलगाऊंगी ॥ यहहमारीअरजहें ॥ जो
आठदिनाँताई आपके समाचारकोवाटदेखुंगी॥ ओर
नोमेंदोन श्री गोकुलचलुंगी ॥ फेरि तुमकहोगे, जो
हमकोंलिखिनाँहि ॥ फेरियहसाँडिया राणाजीकेपा-
सपोहोंच्यो ॥ राणाजीनें चंदाबाईको परमानावाँचि-
के सवभाईबेटानसोंनाँहिकरीदीनी ॥जो तुम यावा-
तकोजोरमतिखाओ ॥ जो पाँनसेमनुष्य, एकडोला,
ऊंट पचीस, ओर तिनके ऊपर पचासहजाररुपैयानकी-
रोकर ॥ ए सब सातमेदोनजोधपूरजायपोहोंचे फेरि

राणाजोनेंसामें परमानालिख्यो ॥ जो बाई तुमनेंवि-
चारी सो आछीहें ॥ जो हमारीपागराखनी तुमारे-
हाथहें ॥ ओर पहेलेगांमहते सो तातें दूनेगामचंदा-
बाईकों निकासी दीनें ॥ फेरि वानें दूसरेदीन श्री
गोकुलकोंकूचकीयो ॥तब जोधपूरकेराजा भाइबेटा-
ननेअरजकरी ॥ सो काहूकीसूनीनाँहि ॥ फेरि कोई-
कदीनमें श्री गोकुलपोहोंची ॥ सो जायकें आपके
दर्शनकीए ॥ तब आपबहूतहीप्रसन्न भए, तब चंदा-
बाईनेविनतीकरी ॥ जो राज या देहपें घातबहुतभई
॥ सो राजकीकृपातें काहुकीचलीनाँहि ॥ केवल रा-
जकेचरणारविंदके प्रतापतें दोऊठिकानें डंका बजायकें
आईहों ॥ सो गदगदकंठहोयकें गिरिपरि देहकिसु-
धीरहीनाँहि ॥ तब आपनेंदोऊचरणारविंद चंदाबाई-
केमाँथेधरे ॥ फेरि संगकीसहेलीननें हाथपकरीकेठा-
डीकरी ॥ तब दंडवत्करिके बेठाई ॥ फेरि वचना-
मृतसों सिंची ॥ तीन्योताप ततक्षननिवृत्तभए ॥तब

वहुत धीरजवधाई ॥ ओर श्रीमुखसोंआज्ञाकरी ॥ जो प्रभूअपनें जनकों छोडेनाँहिहे ॥ संसार विषयसुखमें सोनिकासिके अपनेपासराखे हे "संत्यज्यसर्वविषयान्स्तवपादमूलेंप्राप्ता" इति ॥ सो चंदावाईकोस्वरुप वहुतसुंदरहतो ॥ ओर माँथेपरभगवद्तेज एसोझलमलाय, सो कोइसाँमेझाँकिशकेनाँहि ॥ ओर श्रीगोकुलमे यशोदाघाटकोपेंडो चंदावाईनेंवनवायो ॥ सो अवहीविद्यमानदर्शनदेईहें ॥ ओर अपनेपहेरिवेकोगहेना कितनोकहतो ॥ मोतिनको, जडावको सो सव वहु वेटिनकोअंगिकारकरायो ॥ आपनेंएक नथनाककी ओर कंठकोतिनमनीयाँराख्यो ॥ फेरि श्रीगुसाँइजी श्री गिरिराजकी कंदरामें पधारे ॥ तादीनसों रंगिनवस्त्र हु अंगमें धारणनाँहिकीए ॥ जो श्रीठाकुरजीपीछे मूगकीदारि रोटी लेती ॥ ओर सवछोडीदीयो ॥ ओर एक हवेली श्रीमथुरांजीमें श्रीयमुनाजीकेतीर श्रीविश्रामघाटपरवनवाई ॥ सो कवीकवी

श्रीमथुरांजीजाती सो तहाँऊतरती ॥ एकवेर जहाँ गीरवादशाह आगरेतें श्री मथुरांजीकोआयो ॥ सो काहु दूटचूगलखोरने चूगली कीनी ॥ जों यहाँ राणाजीकोवेटी चंदावाईहें ॥ ताकों पकरिमँगावो तो राणा पाँवनआय परेगो ॥ यहवात चंदावाईने सुनीपाइ, सो संगकेसहेलीलोग वहुतही रोवन लगीगए ॥ जों नजानीए ए दुष्ट कहाकरेगो, तव चंदावाईनें सबनकोंधीरजवधाईकेंकही, जो कोई डरपोमति ॥ ताहीसमय दसहजारमनुष्य जाहांगीरशाहनेभेजे ॥ सो म्लेच्छननें आयकें हवेली घेरिलीनि तव वहुतहल्लाभारीभयो ॥ सो मथुरांजीकेलोग सवकांपे सवननें कही जो आज इनको धर्म गयो ॥ ईनकेमाथे तो त्रिलोकीनाथविराजे हे ॥ सो वह वाहीसमय कच्छवांधिकें एक वस्त्रमांथेसोंवांधिके वाहिरनिकसीआई ॥ ओर कही ॥ जो क्यों हल्लाकरोहो तवमनुष्यननें कही ॥ जो हम तुमकों पकरिवेकों आयेहें ॥

तब चंदाबाईनेंकही जोपकरिवेकोकामकहाहे ॥ तुम कहोगे तहांचलेगें हमभाजेथोरे जायहें ॥ एसेंकहिकें वामनुष्यके संगचली ॥ सोवाकेतेजकेमारें कोईपास-तो आयशकेनांहि ॥ सबदूरिदूरिचले । जोमोनों पर्वत गुफामेंसों सिंघनिकसीकेंचल्यो एसोरुपधारण कीयो ॥ सो जहां जाहांगीरशाहको डेराहतो वाके भीतर चलीगई ॥ सो देखतहीं जाहांगीरशाह कंप्यो ॥ फेरि चंदाबाईनेंयहकही ॥ जो धिक्कार तेरी बाईस-लाखफोजकों, जो तूं लुगाईनकोंपकरिकें मेरे पिताकों जीत्यो चाहेहें तो में जोरहोय तो मेरेपितासों तर-वारलेजायकेलडि ॥ तासमें बहुतलजानोपडि गयो॥ फेरि हजाररुपैयाके दुसालाकी जोडी चंदाबाईको ऊढाई ॥ ओर दोय सुनहरिनारियलसो चंदाबाईकी गोदभरो ॥ ओर बहुत क्षमाकरवाई ॥ ओर पांनसें-घाभूमीदीनी ॥ ओर कही जो तूं मेरीधरमकीवेहे-ं॥ जोवोलि कछुवंदगीकरों तोमेंयहां रह्यो आंऊ॥

तवकही ॥ जो तेरीबंदगीहे ॥ जानें मेरीचुगलीकरी ताको कछूदुःखमतिदीजो ॥ यहसुनीके वहुतहीप्रसन्न भयो ॥ तव यहकही जो याकीभक्तिसांचीहे ॥ जो न तो यानेंवूरोकीयो जो मेरो भलो कीयो ॥ फेरि डोलामेंवेठायके हवेलीताँइ पोहोंचायगयो ॥ एसो-प्रभाव मथुरांवासीननेदेख्यो ॥ सो सवकोदुःख ताप निवृत्तभयो ॥ सो चंदावाईनें भूतलपरदर्शनदीयो त-हाँताँई जाहाँगीरशाह वंदगीमें रह्यो ॥ एसो श्रीवि-ट्ठलनाथप्रभुनको प्रतापजतायो ॥ फेरि श्रीगोकुलमें आपके चरणारविंदमेंप्राप्तिभई ॥ तासमय श्रीगोकु-लनाथजी, श्रीघनश्यामजी दर्शनदेतहते॥सो वाकी-हवेली श्रीघनश्यामजीके वांटेआई ॥ सो एसो चंदा-वाईको चरित्र अनंतहें सो लिखिवेमें आवेनांहि ॥ जो कछुकछु श्रीनाथजीके वचनामृतमेंसों युक्ति क-रिकें लिख्योहें ॥ प्रसंगसंपूर्ण ॥

श्री गुसाँइजीके सेवक दोयभाई कुंभार राजनगरमें रहेते तिनकी वार्ताको भाव.

सो ऊनने एकवेर अवामें आंचलगाई ॥ तामेंभीतर-सब भाजनधरे॥ सो तामेंवलैयानें अपनें वच्चा धरिदीए तासमयवडोभाइतो कछुकार्यार्थिगाममें गयो हतो ॥ ओर छोटोभाई आँच लगायवेमें हतो ताही समय वलैया आई ॥ सो आयके वाहिर वाहिर डोलें॥ओर पूकारे तव वडो दुःख भयो, मनमें कहिवे लाग्यो ॥ जो याअपराधतें केसें वचे जो शरीर कांपिवे लाग्यो ओर रोयवे लाग्यो ॥ तवश्रीगुसाँईजीको ध्यान कीयो ॥ओर विनती करी जो राज यासमय आप वचावो तो वचे॥ एसे कहिके आपकीऑनि अग्निको दिवाई ओर कही जो श्रीगुसॉईजीकी ऑनिहें॥ जो वच्चाके पास मति जैयो ॥ सो ईतनेमें वडो भाई आयो ॥ वाने सव वात कही, जो यामे विल्लीके वच्चाहें सो रोयरोयकें गई ॥ तव वडे भाईनें मनीके वडो

दुःख कीयो॥जो हाय वडी हत्या भई ॥ सो ऊहाँही अवाके पास दोऊ भाई वेठे रहे॥ओर रात्रि भरि नींद करि नाँहि ॥ बिलाईहूं अवाके पास परीरही॥ सवारें भए श्रीगुसाँईजीने छोटेभाईकोजताई जो तूं चिंता मति करे जो ऊन वच्चानको अग्निने परसहूं नाँहि कीयो हे ॥ सो झट वाही समय वडेभाईको जगायो ॥ ओर कही जो भाई आपको एसी आज्ञा भईहें॥ सो वडेभाईनें कही जो अरे ! तेनें आपको कछु श्रमतो नाँहि करवायो ?॥ तव छोटेभाईने कही जो वा समय बिल्लीवच्चानकों देखिकेंरोई, तव मेंने अग्निको आपकीऑनि दिवाई ॥ सो सुनिके वडेभाईनें वडो खेद कीयो जो हाय हाय ईतनीवातकेंताई तेंने वडोश्रम करवायो ॥ जो हाय हमारो कुंभारको जन्मतो पापरुपहे एसी तो कितनीक हत्या हमको अग्नि जरावें तवहोयहें ॥ तातें तेने आपको श्रम करवायो ॥ यह वडो भारी अपराध भयो ॥ फेरि दीन ऊग्यो ॥ तव

अवाकी अग्निसीतल भई ॥ तव सवभाजन ऊठायकें अलग धरते गए ॥ तव मनमें कही जो ए आँचसों कहावचें होयगें॥ माटीके भाजन एसेंपके हे जेसे तांवा होय गएहें॥ तो ए कहा वचे होयँगें ॥ सो वासनकी तहऊठाई ॥ सो तीसरी तह काची नीकसी, ताकों आँचकोधूँआहूँ परस नाँहि भयो हे॥ जो भाजनसव सीरेहाथमें लगिवे लागें सो देखिकें चक्रत होयरहे ॥ फेरि भाजन सव अलग धरे ॥ सो वे विल्लिके वच्चा ज्योंकेत्योंहें ॥ फेरि वे अलगकरे॥ सो विल्लि आयकें तीन्यों वच्चानकों मोहोंडेमें देकेंलेकें भाजि गई तव इन दोऊ भाईनको वडो खेद भयो, जो देखो तुच्छ वातके लीए आपकों हमने इतनों श्रम करवायो ॥ ताही समय दोऊ भाईनके चित्तमें वैराग्य आय गयो सो गामके वैष्णवनकों वुलायकें कही जो हमतो दोऊ भाई श्रीगोकुलजायहें ॥ ओर घरकी वस्तु भावहें ओर .टीके भाजन हें ॥ सो तुम ईनके दाम करिकें श्री-

गोकुलमें श्रीगुसाँईजीके पास भेजिदीजो॥ ओर हम तो श्रीगोकुलजातहें॥ सो आपके चरणारविंदकेपास रहेगें॥ अब यहाँनहीरहेगें॥ एसें कहिकें थोरोबहूत खरचलेके श्रीगोकुलकोचलिदीए॥ सो कछूकदीनमें श्रीगोकुलआय पोहोंचे॥सो श्रीगुसाँईजीके चरणारविंदमें साष्टांग दंडवत् करी श्रीफल दोऊ भाईनर्ने भेट धरे॥ तब आप बहूत प्रसन्न भए॥ अरु करुणा दृष्टिसों दर्शनदीए॥ सो दर्शनकरीकें तीनोंतापनिवृत्त भए॥ तब श्री मुखसों आज्ञा करी॥ जो अब तुम अबाकीजीवका मति करो, यामें हत्या बहूतहें॥ सो सुनीकें विनतीकीनी॥ जो राजकों श्रम तो बहूत करवायो अब याजीवकों आप कृपा करि बचावो तो बचे॥ तब ईनदोऊ भाईनने विचार कीयो जो अब कहा ऊद्यम करनों जो ऊद्यम विना निर्वाह केसें करे॥ सो श्रीगोकुलमें तो कछू ऊद्यम देख्यो नाँहि॥ पाछें श्रीमथुराजी आए॥ तहाँ सब ठिकानें मजूरी करिवेकों

फिरे ॥ ओरतोकछू पायो नाँहि ॥ जहाँ अन्नकीपेंठलगीरहीहती, तहांगए॥ ऊहाँजायकें अन्नकीमजूरीकरिवेलागें सो वादीनतो एक प्रहरभरि मजूरी करी ॥ चारि पांच आना कमाए ॥ फेरि श्रीगोकुलजायकें अपने श्रीठाकुरजीसों पोहोंचिकें रात्रमें कथावचनामृत सुनीवेकों आपके चरणारविंदपास जाते॥ एसो नित्यको श्रम ईननें बांध्यो ॥ सवारे तीन बजे जागें ॥ सो देहकृत्य करी आपके चरणपरस करी घरमेंन्हावें ॥ श्रीठाकुरजीसों पोहोंची महाप्रसाद लेई नववजें श्रीमथुरांजी जाय पहोंचे॥सो अन्नऊठायवेकी मजुरी करे ॥ नीत्य आठ दस आना कमावे, फेरि चारिवजे चले सो पांचवजे श्रीगोकुल आयजायकें घरमें न्हाय श्रीठाकुरजीसों पोहोंचीकें आपके वचनामृत कथा सुनीवेकों जाय॥ यारीतिसों नित्य निर्वाह करे ओर मजुरीको द्रव्य महोनामें जोरे तामेंसों तीन विभाग करे॥ एकभाग तो श्रीगुसाँईजीके चरणारविंदमें धरे॥

दूसरे भागसो आप घरमें निर्वाह करे ॥ ओर तीसरा भागमेंसों वैष्णवनकी सेवा टहल करे ॥ यारीतिसों वैष्णवनकी सेवा करे ॥ कोई जाने नाँहि ॥ जो दोऊ भाई वैष्णवनकी कोटरीमें जाय सो एकभाई तो भगवद् वार्ता करे ओर दूसरो भाई अगलवगल वैष्णवनकी पथारीमें द्रव्य धरि आवे ॥ तापाछें वैष्णव घरमें बुहारी करे ॥ तब पांचछे रुपैया पावे ॥ सो वैष्णवनको बडो आश्रर्य होय जो ए रुपैया कहाँसो आयगए ॥ एसे दूसरे महीनामें दूसरे वैष्णवके घर जाय ॥ यारीतिसों द्रव्य धरि आवे ॥ सो सबनकों आश्चर्य होयवे लाग्यो ॥ जो बुहारी करतें केसें रुपैया पावेहें ॥ तब उनमेंसों कोऊ कृपापात्रनें जान्यों जो ए दोय भाई कुंभार आवे हें सो धरीजायहें ॥ सोतब ईननें सबनकों ज्ञान करायो ॥ एसी रीतिसों श्रीगोकुलवास कीयो ॥ सो ईनदोऊ भाईनकी सेवा सुफल करिवेकों श्रीगुसाँईजीके चरणपरस करिवेको सब वैष्णव आए ॥ सो वे दोऊभाई

आये॥ चरणपरस करिकें गए॥ सो आपनें ओरवैष्ण-
वनसों कही जो ए दोऊभाई अवातो करे नाँहिहें
तो वे केसें निर्वाह करेहें ॥ तव ओर वैष्णवननें कही जो
राज सवारेही आपके चरणपरस करो केअपने घरमें
श्रीठाकुरजीसो पोहोचिके श्रीमथुरांजी जाय अन्नकी
मजुरी करेहें ॥ फेरि अपने घरमें पोहोंचिकें आपके
कथावचनामृत सुनेहें ॥ ओर मजुरीको द्रव्य आवे हे
ताकों जोरिकें ताके तीन विभागकरेहें॥ सो एकभा-
गकीतो आपके भंडारमे सामग्री लायकें धरेहें ॥ एक
भागसों अपने घरमें निर्वाह करेहें ॥ ओर एकभाग
वैष्णवनकों अँगिकार करावेहें सो वैष्णवनकों या रीति-
सों अँगिकार करावेहें जो वैष्णवनकी कोठरीमें जाय
एक भाई तो भगवद् वार्ता करे दूसरो भाई अगल-
वगल पथारिमें धरि आवे॥ यारीतिसों श्रीगोकुलवास
करेहें ॥ यह सुनीकें श्रीगुसाँईजो आपको हृदय भरि
आयो ॥ श्रीमुखसों आज्ञा करी ॥ जो श्रीगोकुल

वास ईननेंही करी जान्यो हे ॥ तब आपने आज्ञा करी ॥ जो ईनकों या रेहेनिपें कहादेई जो मारगकीरेहेनिहें सो ईननें पहेलेसोंही राखीहें ॥ सो आपको वडोहीविचार करनो पर्यो ॥ फेरि आपने आज्ञा करी ॥ जो ए सांझकों आवेगें तो ईनकोंमें देऊंगो ॥ सो, जो ए, कहा मांगे ॥ सो ईनको आशय सब वैष्णव जानेगे ॥ आपतो अंतरजामि सो जानि गए ॥ फेरि सांझकों ए दोऊभाई आपकी कथा सुनीवेकों आए ॥ कथा होय चूकी ॥ तब सब वैष्णव अपनी अपनी कोठरीमें जायवे लागे ॥ सो सब वैष्णव गए ॥ तब ए दोऊभाईजायवेलगे ॥ तब आपनें खवाससोआज्ञाकरी जो तुम इन दोऊभाईनसो कहो, जो अब तुम घर मतिजाओ ॥ आपकी आज्ञानांहिहें सो सुनीकें वडेडरपे कांपिवेलागें हाथ पांवनकेसत निकसीगए ॥ सो मनमेंकही जो आजकोईभारी अपराधपर्योहें ॥ कहाजानें आपनेंकहा विचारीहें ॥ सो

एसें मनमेंकहिवेलागे ॥ फेरि आपने आज्ञाकरी तुमदोऊ जनेंहमारेपास आवो ॥ सो दोऊहाथ जोरिकें आपके सामने कांपते ठाडेभए ॥ तब आपने वचनामृतसों सिंचे ॥ जो वैष्णव कायर मतिपरो हम तुम पर प्रसन्न भए हे ॥ तुम कछू मांगो ॥ सो सुनतेही गदगद कंठ होय गए ॥ नेत्रनमेंसों जलकी धारा चली ॥ मुखसों बोल नीकसें नाँहि ॥ फेरि मनमें कही जो एसी हमने कहा कृत्य करिहे ॥ तापर आप प्रसन्न भए ॥ फेरि आपने आज्ञा करी जो वैष्णव सकूचोमति ॥ में तुम पर प्रसन्नहों तूम कछू माँगो ॥ तब ईनदोऊनने विनती करी जो राज ओर अधीककहामाँगे जो आपकी प्रसन्नताके लीए जीव अनेक साधन करेहें ॥ तो हम सारीके पतितनके ऊपर कृपा करिकें स्वतःही प्रसन्नव्हे गए ॥ वासों अधिक माँगनो कहा हे ॥ तब आपने आज्ञा करी ॥ जो ओरमांगो ॥ तब दोऊभाई विचारे जो

करी ॥ जो ओरमाँगो ॥ तब ए दोऊभाईविचारे जो ओर अधिककहामाँगे ॥ फेरि आपनें इनके हृदयमें विराजिकें यह मगायो॥ जो राज जेसे प्रसन्नभए हो सों एसेंही हमपर सदा प्रसन्नरहे आवें ॥ तब आपनें करुणाभरे वचनामृतसों आज्ञाकरी जोतुमपर प्रसन्न सो हमारे दास ॥ जो तुमपर प्रसन्न नहीं सो वह हमारो दासनही ॥ एसो आपने महान् फल दोंऊभाईनकों दीयो ॥ फेरि आपनें दोऊ चरणारविंद दोऊ भाइनके माथे धरिकें श्रीमुखसों आज्ञाकरी जो तुमपर दोऊ रीतिसों कृपा हमारी तथा हमरे दासनकी रही आवेगी ॥ तुम यारीतिसों श्रीगोकुलवास करो ॥ सो तातेंईन दोऊभाई कुँभारनकोभाग्य कछूलिखिवेमें आवे नाँहि ॥ सो तातें ईनकीवार्ता कहाँ ताँई लिखियें ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्रीगुसाँईजीके सेवक दुर्गावती राणी तिनकी वार्ताको भाव

सो यहकडामेंरहेती ॥ याको राज्य वडो प्रवल हतो, सो आप पुरुषके वस्त्र धारण करती ॥ पांचोशस्त्र धारण करती ॥ एसी क्षत्री वीर रसमें निपून हती ॥ तिनके पास षोडश शास्त्री पंडित रहेते ॥ तिनसों धर्मशास्त्र नीतिशास्त्र सिद्धि कराए ॥ सो आप ब्रह्मण्य हती ॥ पून्य वहूतकरती ॥ सो वाको अँगिकार करिवेको श्रीगुसाँइजी अडेलको त्यागकरिकें व्रजपधारत हते ॥ वीचमें ईनको अँगिकार करिवेकोंईनके गाममें पधारे ॥ सो संगवारेनको ईच्छायह के आगेंपधारे॥ परन्तु आपकी ईच्छा कडामें विराजिवेकी हती ॥ तातें आप रात्रमें आज्ञाकरिदोए जो कडामें विराजेंगे ऊहाँ मुकामहोयगो ॥ सो वाई साहेवके विश्नुतालपें डेरा भए ॥ सवारे आपनें भट्टजीसों आज्ञाकोनी जो गामें जायकें अग्निलाओ ॥ तव भट्टजीनें तैलंगी वोली

में 'इस्तु इस्तु' एसे पुछीकें अग्निमाँगो ॥ सो कोऊ समझे नाँहि तासों सबननेनाँहि करीदीनी ॥ सो भट्टजीनें आयकें विनती करी जो राज यहाँ अग्नि नाँहि हे ॥ तब आपने आज्ञाकरी ॥ जो कहा गाममें अग्नि नाँहि हें ?॥ इतनी आज्ञा करतही सबगामकीअग्नि शान्तिहे गई ॥ सब प्रजाकी तथा राजाकी गाममें अगल बगल जोगीवैरागी हते तिनहूंकी अग्नि शान्तिहेगई ॥ जो धूंनिनमें अग्नि रही नाँहि ॥ तासों बडोहाहाकारभयो ॥ ओर आपके खटलामें स्वतःही अग्निप्रगटहेगई ॥ सीतकालके दीनहते सो प्रजाबहूत दुःखीभई ॥ सो यह बातरानीनेंसूनी सो बहूतही व्याकुलभई ॥ सो रानी मूलमें दैवीजीवहती ॥ सो वाको यही बातस्फुरायमानभई जो या नगरमें कोई महापुरुष पधारेहें ॥ ताको अपराध बन्योहें ॥ तासों ताही समयरानीनें दसवीसमनुष्य गामकेबाहिर खबरि करिवेकों पठाए ॥ सो वे दूत नगरके चार्यो ।

सो जहाँ आपकेडेराहते तहाँ आए सो आपके डेरा-
नमें महान् अग्निदर्शनदेरहीहे ॥ सो देखिकेंचक्रतव्हे
रहें ॥ तव पूछी, जो ए डेराकोनकेहे ॥ तव काहू मनु-
ष्यनें कही जो दिक्षितजी—श्रीगुसाँईजी अडेलतें पधा-
रेहैं सो आपके डेराहें ॥ यहसुनतही दूतननें रानीसा-
हवसों जायकें अरज करी ॥ जो नगरके चारों आडी-
फिरे॥ सो साधु वैरागी काहूकी धूनिमें अग्नि नाँहि हे
जो एक दिक्षितजी—श्रीगुसाँईजी—श्रीविट्ठलनाथजी-
के डेराभए हें॥आप अडेलतें व्रजकों पधारतहें॥ तहाँ
सवकेडेरानमें अग्निदर्शन देरहीहें ॥ सो यहसुनतही
रानीनें अपने मनमें विचार कीयो ॥जो यह अपराध
हमारे नगरमें, आपको वन्योहे ॥ ताहीसों अग्निशा-
न्तिभईहे॥ फेरि दुर्गावतीरानी अपनें पाँवनसों आपके
दर्शनकों दोरिआई ॥ सो असवारीको डोलाहू छीयो
नाँहि ॥ संगमें पांच पचास मनुष्यलेकें आपके दर्श-
नकों आई ॥ तासमय आपन्हायकें विराजेहते व्रह्म

यज्ञ करतहते ॥ सो पहेलें वा रानीनें दोयचारिमनुष्य अगारि दोरायकें वीनती कराई ॥ जो दूर्गावतीरानी आपके दर्शनको आवेहें ॥ तव आपनें आज्ञाकरी जो आछो ठीक हे आवनदेऊ ॥ तव दूर्गावतीरानी आपके सन्मुख जायकें आपके चरणारविंदमें गिरिपरी ॥ गदगदकंठ होयगई ओर यह प्रार्थना करी जो राज नगरको अपराध क्षमाकरिकें या नगरको जीवनदान देऊ ॥ तव आपनें मंदमुसकायकें आज्ञा करी जोरानी कहामॉगेहें ॥ तव रानीनें विनतीकरी ॥जो राज आपसाक्षात् कल्पव्रक्ष पधारिकें हमको दर्शनदीए॥ अव प्रथम तोयहकृपाकरो जो सव प्रजाके चुल्हानमें अग्नि हे जाय ॥ तव आपनें आज्ञा करी जो तुमारी प्रजाके चुल्हानमें अग्निभई ॥ तासमय वधाई आई जो महाराज गाममें अग्निसिद्धिभई ॥ प्रजावची ॥ तव रानीनें वाहीसमय आपसो वीनतीकीनी जो राज जेसे प्रजाकों वचाई तेसेंमोकोंया संसारसमुद्रतें वचाईये॥ ओर

आपके चरणारविंदकी दासीकरो ॥ तव आपने वाही समय रानीको नामसमर्पन करवायो ॥ ओर आज्ञा करी जो आज तुमव्रत करो कालि तुमको ब्रह्मसंबंध करावेंगे ॥ तव रानीने वाही समयवहूतही मोहोर भेट करिकें आपके दर्शनकीने ॥ जो वहूतकालतें आतुरता लगिरही हती, सो राजके झगरामें मेरो निकास भयो नाँहि ॥ आपने करुणाकरी मोको यहाँही पधारि सनाथकरि तव आपने आज्ञा करी जो अव या समय तुम नगरमें जाओ ॥ कालि तुमको निवेदनदेईंगे ॥ पहेरिवेको नए पटवस्त्र लिवायलाईयो ॥ तव रानीने अपने मंत्रीनसो कही जो आपको सामग्री त्रनपर्यन्त यासमय आवे ॥ जहाँताँई आप विराजे तहाँताँई राजमेंसो सवसामानऊठे ॥ आप काहू वातको श्रम पावेनांहि ॥ वाही समय सवसामग्री, खांड, साक सालन, चुन, तांबुल, सुपारी, सुगंध, ईलायची, इंधन घासपर्यन्त ढेरकेढेर आयपरे ॥ दुसरे दीन निवेदन

दानआपनें रानीकों दीयो॥रानीनें सहस्रमोहोर आपके चरणारविंदमें भेट धरी॥ तव आपनें आज्ञा करी जोरानी तूँ आज विदाहोयजा, कल्हि हमारोहु कूचहोयगो, काहेते॥ जो सीतकालकेदीनहें सो संगकेलोग ऊतावल करेहें॥ सो ठिकानेसर विराजें तो सवकों सुख होय॥ तव रानी यह वचन सुनीकें वहूतकाय रविहेलह्वेगई॥ओर आपकेसामे आडीपरिजाय॥जो राज मेरीछातीपर रथचलायकें आपभले पधारो॥ वेसेतो में पधारिवेदेऊंगीनांहि॥जो यहनगर यहशहर सव आपकोहे॥ जो चाहे मोको राखो चाहे ओरको पून्य करिदेऊ॥ एसे रानीके प्रेमकेवचन सुनीके आप भक्तवत्सलहोते भए॥ तव कही जो रानी कायर मतिपरे जो हम तेरी प्रसन्नतासों अगारि पधारेंगे॥ ए वचनामृत सुनीके रानीके प्राण हरे होयगए॥ सो ताही समय रानीने मंत्रीनको हुकमकीनो जो नगरमें आछीआछी हवेली देखिकें साफ करावो॥फेरी आपसों

चीनती करी ॥ जोराजके जलघरीया जायकें जगे खासाकरें ॥ सोतव रानीको वीनतीप्रमान आपमनोरथ पूरण करतेभए ॥ रानीने आठप्रहरमें शैया-पलंग सिंघासन सवसिद्धि कराए ॥ओर गादीतकीया सव सामग्री हवेलीनमें सिद्धिहेगई ॥रानोकी तैयारी कछुलिखिवेमें आवेनांहि ॥ मानों आप अडेलमें घरमेंही विराजेंहे ॥ फेरि रानीने दुसरेदोन आपकी पधारिवेकी तैयारी करवांई ॥ सो नगरके दरवाजासों लेकें आपके विराजिवेकी हवेलीतांई तोरन, खंभ, वंधाए ॥ प्रजाननें द्वारद्वारपर नवीन नवीन वस्त्रसाजे --सिंगारे ॥ ओर ठामठाममें फूलनकेटोकरा भरायकें धरिदीए ॥ फेरि आप सवारिकरिके पधारे ता समयकी शोभा कछुलिखिवेमें न आवे ॥ ठामठाममें आपके आसपास फुलनकिवर्षा होतीजाय ठोरठोर जेजेकार होतोजाय ॥ एसीरीतिसों आपकों नगरमें पधराए॥ सो आप निजस्थानमें सव वालकनसहीत विराजे ॥

सो रानी आपकेदर्शनकों, चरणपरसकों नित्यआवे ॥ रानीके स्नेहकी सेवाकी वात कछु कही न जाय सो आप विराजे तवतांई सव राजवैभव आपके अर्पन करि कें मान्यो ॥ पाछे थोरे दीनमें सोमवतीअमावस आई ॥ सो आपके पूजनके लीए सव साज तैयार करी राख्यो सुवर्णको सिंघासन, छत्र, चंमर ॥ आपको सिंघासनपर पधराए तव रानीनें आपको अकसोआठ तो परिक्रमा करी ॥ सो सो ब्राह्मणतो वेदपढते जाय॥रानीपरिक्रमाकरतीजाय॥सोएकएक परिक्रमामें रानीनें एक एकगाम भेटकर्यो॥सो एकसोआठगाम रानीनें आपको भेटकीनें, सुंदरनएआभूपनपहेराए॥ कपूरकी आरतीऊतारी ॥ ओर विनतीकरी ॥ जो राज एकसो आठगाम आपकों परिक्रमामेंभेटकीएहें सो अपने आपसंभारो ॥ तव आपनेआज्ञाकरी जो तुमनेभेटकीएहें सो तो ठीकहें ॥ परि या सोमवतीकोतो हमारे एकडोरावी काम न आवे ॥ तव रानीनें सुनीकें वडोसो-

चकीयो जो राज मैंतो आपकीहों जो मेरेतो सबराज आपकोहे ॥ अब राज विचारो तारीतिसों अँगिकार-करो ॥ तब आपनेंएकसोआठगामतो ज्ञातिकेभट्टनकों एकएकगाम दिवायदीयो ॥ ओर सुवर्ण हतो सो ब्राह्मणनकोंदिवायदीयो ॥ आपको एसोत्यागदेखिकें राजसभा सब चक्रतहेगई ॥ एसो प्रताप अतुलित श्रीविट्ठलेशप्रभुनको हतो ॥ फेरि रानीनेंविचारी जो यारीतिसोंतो आपअँगिकारनकीए ॥ सो ईच्छा आ-पकी॥ तब रानीनें ओर मनोरथऊठायो जो आप दूसरो विवाह अँगिकारकरो ॥ तब आपने आज्ञाकरी जो छे लालजी ओर चारिबेटीजी तो विराजेहें ॥ सो लोकवत् सुखतो सबकरि चुकेहें॥ अब फेरिकहाकरनों ॥ तब रानीकोमनमान्योनाँहि ॥ तब श्रीगोकुलना-थजी, श्रीरघुनाथजीसों विनतीकरिकें कहेवाए ॥ जो आप पहेले व्याहकरो तो हमभैयाव्याहकरेंगे ॥नातर

१ आ गाममी उपजो हाल पण तैलंगा ब्राह्मणोज लेछे

हमहु विवाह नाँहि करेंगे ॥ एसें तीन्योभैयाननें बहू-
तहीवीनतीकरी ॥ ओर अडिपकरिलीनी ॥ फेरि आपके-
संगमें जो भट्टजीहते तिनकेसंगमें श्रीपद्मावती वहुजी
साक्षात् दूसरोस्वरुप श्रीस्वामिनीजीको अवतार हतो
॥ उहीकारन जानिकें दुर्गावती रानीको अतिकरुणा-
सों मनोरथपूर्णकीयो ॥ संवत १६२० कीसाल अक्ष-
यत्रतियाकेदीना श्रीपद्मावती वहुजीकोविवाह अँगि-
कारकीयो ॥ रानीनें विवाहमें मनोरथकोद्रव्य एसो
खरच्यो, सो कछुलिखिवेमेंआवेनाँहि ॥ आपकों तथा
श्री पद्मावती वहुजीकों भारी भारी आभरन अमो-
लधराए ॥ ओर छेओ वालकनकों तथा सव वहूबे-
टिनको सवनकों भारीभारी आभरन धराए ॥ तास-
मयकेसुखको कछूलिखिवेमेंआवेनाँहि ॥ फेरि रानीनें
युगलस्वरुपकों तथा सववालकनकोंअपने महलमेंप-
धराए ॥ तासमयकीशोभा कछूवर्नेनमें आवेनाँहि ॥
ठामठाम तोरन पल्लव ओर पुष्पनकीवर्षाहोतीजाय ॥

यारीतिसों आपकोंपधराए ॥ फेरि ऊरलेदरवजिसोंले-
कें आपकेमहलताँई मखमलकेपेंडाविछाय दुंदुभी शंख
सेहेनाँई गोप गंधर्व गाँनकरे ॥ सो कहेतेपारआवेनां-
हि ॥ एसो रीतिसों दोऊस्वरुपनकों आपके हाथसों
सेहेराधराए ॥ सो व्याहउत्सवकोमनोरथ परमानंद
सोंकरे ॥ वहूतसे आभरन वस्त्र भेटकरे ॥ ओर द्रव्य-
वहूतसो भेटकीयो ॥ कपूरकीआरती ऊतारी वहूत-
सीन्योछावरकीनी ॥ फेरि आपकों आनंदपूर्वक नि-
जस्थानमें पधराए ॥ फेरि कोईदीनपीछेंआपनें रानीसों
आज्ञाकरी जो तुमारो मनोरथ सव सिद्धिभयो अव
हमकोंविदाकरो ॥ यहसुनीकें रानीपरिजाय ॥ काय-
रहोयजाय ॥ रानीको मनोरथ एसो जो नित्य मेरे-
माँथेविराजो ॥ ओर आपकों तो सव भक्तनकोंसुख
देनोहें ॥ ओर सवव्रजमंडलको सनाथकरनोहें ॥ फेरि
लीलाकरनीहे ॥ ताकारनसों आपऊहाँसोंविजयकीए॥
तासमय रानीकोंवहूतखेद भयो ॥ पाछें रानी आप-

कीसीमताँई पाँवनसों पोहोंचावनआई ॥ तब आप-
कीइच्छा श्रीमथुराजीमेंबिराजिवेकीभई ॥ सो रानीनें
द्रव्यखरचिकें आपकी वेठकन्यारी ओर सब भैयान-
कीवेंठकन्यारी सो एसी रीतिसों सात घर बनवाए
॥ सो तातें सतघराबाज्यो ॥ पाछें कोईकालपीछें रानी
शत्रूकेसंग युद्धकरि लरी ॥ सो एकवेरतो पराजयकरि
॥ रानीके तीरको घावलाग्यो सो वा घावमें तीर पार-
नेकसिगयो ॥ फेरि कमरि बाँधिकें शत्रूको रानीनें
राजयकीयो पाछेंरानी फोजलेकें नगरमेंआई ॥ पाछें
ा घावसों सातमेंदीन रानी आपकें चरणारविंदमें
ासिभई ॥ सो कडामेंतो देहछोडी ओर सवारे आ-
कीवेठकमेंआयके चरणपरस करती सब वैष्णवननें
खी ॥ एसो अलौकिकसंबंध दुर्गावतीरानीको आ-
नें दीखायो ॥ पाछें पांचमेदीन दूतननें आयकें आ-
कों खबरिदीनी ॥ सो सुनीकें एकमुहूर्त्तलों रानी

१ श्री मथुराजीमां श्री नाथजीनो सतघरो कहेवाय छे
ारणी दुर्गावतीनो बंधावेलो छे.

विरह अँगिकारकीए ॥ ओर सब वैष्णवननें आपने दुर्गावतीरानीकों धन्यधन्यकहे ॥ ओर दुर्गावतीरानीकी असवारीको हाथी जीनको नाम "गुरदार" हतो ॥ सो वानेंहु तीनदीन ताँईं अनजलनखायो ॥ ओर नेत्रनमेंसो जलको प्रवाह वहेतो रह्यो ॥ चोथेदीन हाथीनेंहु देहछोडीदीनी ॥ यद्यपि पशुहतो तोऊ वानें स्नेहकोस्वरुपजान्यो ॥ तातें वे हाथीकु धन्यहें ॥ ओर मनुष्यदेहधारिकें स्नेहकोस्वरुपनहीं जान्यो ॥ सो मनुष्य खरसोंहूं नीचजाननों ॥ तातें स्नेहकी वात एसी भारीहें ॥ सो दुर्गावतीरानी स्नेहसोंपूरणहती ॥ सो वाकेसंबंधसों हाथीमें हु स्नेहको आविर्भावहोय गयो ॥ तातें दुर्गावतीरानी महाभाग्यवान भगवद्भक्त हती प्रसंग संपूर्ण ॥

१ था परम भाग्यवान भगवदियनो घणु माहीतीवाळी वार्ता तथा तेना जीवननु, श्रीगुसाइजी तथा श्रीगोकुलनाथजी प्रत्ये तेना अपूर्व भक्ति भाव प्रीतीनुं वर्णन "श्रीगोकुलेशजीनुं जीवनचरित्र ए पुस्तकमां प्र. १२ मां" जोवु तथा "श्रीव्रजयात्रावर्णन" ए पुस्तक वांचो.

श्रीगुसाँईजीके सेवक रूपमुरारीदास तिनकी वार्ताको भाव

सो वे पृथ्वीपतिके जीवहिंसाकरनवारेनमें नोकं-रहते ॥ एकवेर पृथ्वीपति श्रीमथुराजीमेंआयो ॥ ताकेसंगमें वेहूआये ॥ सोश्रीमथुराजीकेप्रभावसों तथा आपकी कृपासोंवाकीमतिफिरी ॥ सो श्रीयमुनाजीमें विश्रांत घाटमें न्हाए तासमय चोवानसों पूछी जो एसो कोईमहात्मावतावो, जो मोकोंशरणलेकें मेरे-पापसों छुडावें ॥ सो चोवेननें विचारिकें कही जो याकालमें जगतुऊद्धारकश्रीविट्ठलनाथजी--श्रीगुसाँई-जीहें ॥ तुम ऊनकीशरणजाओ ॥ तुमारोकार्य सिद्धि होयगो ॥ ओर भगवद्में भक्तिहोयगी ॥ तब ईननें पूछी जो श्रीगुसाँईजी कहाँविराजेहें ॥ तब चोवेननें कही जो के तो श्रीगोवर्द्धन के श्रीगोकुलमें ॥ सो [illegible] आपके नीजधामहें ॥ एवात अपनेमनमेंधरि [illegible] [illegible]दास अपनें डेरानमेंआए ॥ फेरि मनुष्य

लपटायो तब मनुष्यननेखबरिकाढी, तहाँ सबननेंकही जो आपतो श्री गोवर्द्धनमेंविराजेहें॥ यहखबरी निश्चैं-करिकें भैयारुपमुरारिसों कही॥ सो वे पिछलीरात्रीकों चारिमनुष्य संगलेकें श्रीगोवर्द्धनकोंचले ॥ तहाँआ-यकेपूछी, तब व्रजवासिननेंकही जो आप गोविंदकुं-डन्हायवेकों पधारेहें ॥ सो रुपमुरारीहु गोविंदकुंडमें जायपोहोंचे ॥ प्रातःकाल गोविंदकुंडमेंन्हायकें विरा-जेहते ॥ सो छीतस्वामी, चतुर्भुजदास आदिभगवदीय आपके आसपासबेठेहतें ॥ सो ताही समय रुपमुरा-रीनें आपके सन्मुखआय साष्टांग दंडवत्करि ॥ ओर रुधिरकेभरे कपरा महामलिन पेहेरें ठाडोभयो ॥ ओर विनतिकरि जो महाराज में महाअपराधि हत्यारोहुं॥ वधिक, अहेडि, वासोंवि में अधिकहुं ॥ एसो मेंहुं ॥ ताको आप ऊद्धारकरोगे ॥ तब हँसिकें करुणादृष्टिसों आज्ञाकिनि, जो तेनें अपनिदिसाकंहि सो तो ठीकहे परन्तु ओरवि हत्याअपराध होय सो वोलिदे जो मनमें

राखियोमति ॥ ऊद्धारको कहापूंछो ऊद्धारतो तुमारो होय चूक्योहे ॥ दोहा ॥
॥ एक जीवके कारनें, मारे जीव अपार ॥
वधिक अधिकहूतें अधिक, सूनीए कृपा ऊदार ॥
यह सूनीकें करुणा करी, दीनें बंद छुडाय ॥
अति पुनित ततक्षन कीयो, लीयो आप अपंनाय ॥
॥ कवित ॥
महा पतित पावन श्री विट्ठलेश जगत गुरु,
ऐसा सूनोके नाम हों आयो हूं शरणकों ॥
केते तीर तरे जात गंग जो अनंत जीव,
देख्यो परचो प्रसिद्धि पाय पंचवरन को ॥
कुरूप मुरारीदास ताही कीये सुख रूप,
अभेपद दान दीए मेंट्यो दुःख मरनको ॥
देखेही देखे वसन सव रुधीर भरे,
तेही क्षन ऊज्वल करे एसे पाप हरनकों ॥१॥
यारीतिसों आपके सन्मुख वीनंतिकरि ॥ तव

आपनें आज्ञाकरी ॥ जो कपरा लोहूके उतारि देऊ ॥ गोविंदकुंडमेंन्हायआओ ॥ सो वे न्हायकेंआए ॥ तव आपनें नई परदनीपहेरवेकों दीनी, ऊपरना दीनों ॥ सो पहेरिकें आपके सन्मुख आयबेठे ॥ ताही समय आपनें अष्टाक्षरमंत्रदीनों ॥ सो सुनतही सकलह-त्यानकों नाश होय गयो ॥ सोवे कपरा लोहूके धरे-हते सो देखते देखते विनाधोए ऊज्वल होय गये ॥ तव निश्चें मनमें दृढ आपकेचरणारविंदमेंहोतो भयो ॥ सो काहेते ॥ जो दोऊप्रतापपरचोदेख्यो प्रसिद्धि ॥ जेसें दिव्यदेहहेगई, तेसेंही लोहुकेभरेकपरादीव्य-हेगए ॥ फेरि आपके सन्मुख दोय मोहोर भेट करी साष्टांगदंडवत् करी ॥ फेरि आप ऊहाँसो श्रीनाथ-जीकेमंदीरमें पधारें ॥ तव रुपमुरारिदासको आज्ञा-

---

मैया रुपमुरारीदासने माथे श्रीगुसाइजीए कृपा करी "श्री मदनमोहनजी" नुं स्वरुप पधरावी आप्युं हतुं जे हाल मांडवी (कच्छ) मां श्रीगोस्वामी श्रीपन्नालालजी महाराजश्रीने माथे बिराजे छे.

करि जो आज तुम व्रतकरो, कालि तुमको श्रीनाथजीके सन्मुख आत्मनिवेदन करावेंगे ॥ एसें आज्ञा करिकें आपतो श्रीनाथजीके मंदीरमें पधारे ॥शंखनादकरी श्रीनाथजीकोंजगाये मंगल भोगधर्यो॥ जब मंगलाभोग सराय आरतीकरी ॥ तब रुपमुरारीदास दर्शन करिकें परमानंदकों प्राप्तभए ॥फेरि दुसरेदीन श्रीनाजीके सन्मुख रुपमुरारीदासकों निवेदन करवायो ॥ फेरि आप राजभोग आरतीकरी नीचेपधारि भोजनकीए ॥ फेरि आपने ईनकों झुंठिनकीपातरिधरि, सो झुंठिनमहाप्रसादलेकें इनको हृदय बहुतहीहरखमानभयो ॥ फेरिहु मोहोर भेटधरी ॥ फेरि विनतीकरी आपसों विदा होय मथुरांजीआए ॥ ओर आपको चित्र रुपमुरारीदासके माथे पधरायो ॥ सो वाकों नित्य भोगधरिकें देहनिर्वाह करते ॥ फेरि मुरारीदासनें बडीबडी दाढी केश उतरायदीए ॥ तिलक छापा करिवेलगे, गलेमें तुलसीकीमाला पहेरिवेलगे ॥ सो या

भेखसों अकवरशाहकी सभाजूरी हती सो तहाँ जायकें ठाडेभए ॥ सो अकवरकी महेरवानी ईनपरवहुतहती ॥ तासमय सव म्लेच्छनकी कचेरीजुरी हती॥ सो रुप मुरारीदासकों देखिकें म्लेच्छ वहुत जरे॥ मनमें द्वेष-करिवेलागे ॥ सवननें विचारी जो अकवरशाहसोंकहिकें सव इनकोधर्म छीनीलेइगें ॥ एसो ऊननें दगा विचार्यो ॥ दोहा ॥

जूरी कचहरी यवनकी, कीनो सव मिलि द्वेष ॥
देखतहीं अकवर कह्यो, यह कहा धार्यो भेष ॥१॥
रुप मुरारि अव भयो, सुनो अकवर शाह ॥
श्रीविठ्ठल शरणे लीए, भए दोष सव दाह ॥२॥
पृथ्वीपति सुनीकें कही, दई वहुत श्यावास ॥
अपनें दीलकी मोजतें, रह्यो मेरे पास ॥३॥
अतूल प्रताप निज नाथको, में कहा करुं वखान ॥
ऊभय लोक निर्भय कीए, वाजत प्रगट नीशाँन॥४॥

सो एसो आपको प्रतापके बलसों अकबरकी सभा जीतिकें आयो ॥ फेरि मनमें यह खटकारह्यो, जो मेनें ईतनेजीवमारे तिनकी कहागती भईहोयगी ॥ एसेंकरत रात्रमेंसोए ॥ कछूजागते कछूसोए ॥ एसेंमें एसो कोतिक देख्यो जो वे जीव सब मारेहते सो आयकें वे सब रुप मुरारीदासजीकी स्तुतिकरिवेलागे ॥ दोहा ॥

जीतनें मारे जीव सब तीन सब कही सुनाय ॥
हम सब ही महा मुक्ति भए तेरेहाथ विकाय ॥१॥

सो ईतनीसुनतेंही रुपमुरारीदास वेव्योहोय गयो ॥ सो प्रेमाँच रोमाँच गदगदकंठ होय गयो ॥ ओर आपकेस्वरुपको चिंतवनकरि साष्टांग दंडवत् एकसो आठ करतोभयो ॥ ओर अपने मुखसोंकही ॥ जो धन्य श्रीविट्ठलेशप्रभु धन्य श्रीविट्ठलेशप्रभु ॥ जिनके शरणको एसो प्रभावहे ॥ दोहा ॥

रोंम रोंम रसना रटूं धन्य श्री विठ्ठलदेव,
ऊलटेको सुलटो कीयो सहज वीरदकी टेव ॥१॥

फेरि तादीनसो अकवरशाह रुपमुरारीदासपें अतिहीदोस्ति करिवे लाग्यो ॥ओर असवारीके लीयें घोडा दीयो ॥ आठमनुष्य रुपमुरारीदासकी नोकरी में राखे ॥ ओर अकवरशाहने हूकमदीयो ॥ जो जहाँ हम जाय तहाँ हमारी सवारीमें रहो ॥ यही तुमारी नोकरीहें ॥ एकवेर अकवरशाह काबुलकोंगए ॥ रुप मुरारीदास संगमें हते ॥ सो काबुलमें खवरिनपरे, जो कोंन हिन्दुहे कोंन मुसलमांनहे॥सवको एकसो भेख, एकसोखानपान ॥ सो रुपमुरारीदासनें सामानलेवेकों वजारमें मनुष्यपठाए ॥ वासोंकही ॥ जो कोई हिन्दु-की दुकान होय, ताकेसों चाँवल, घो, लूण लेआओ ॥ सो भगवद्ईच्छासों वे [१]माधवदासजीकी दुकानपर

१ आ माधवदासनी वार्ता वसोवाधन वैष्णवनी वार्तामां ९ मी छे त्यां जोवं.

जायठाडेभए ॥ तव माधवदासनेंपूछी, जो तुम कोनकेमनुष्यहो॥ तव वे मनुष्यनें कही॥ जो हम रुपमुरारीदासके नोकरहें ॥ तव माधवदासनें कही ॥ जो रुप मुरारीदासका केसाचलनहें ॥ सो मनुष्यनेंकही॥ जो ऊनके सेवापुजावहूतहें ॥ ओर श्रीगोकुलके श्री गुसाँईजीके सेवक हें ॥ ओर हमकोवी आपके शिष्य कराए हें॥यहसुनीकें माधवदास दुकान वंधकरिकें ईनकेसंगगए॥ सो जायकें हाथजोरिकें रुपमुरारीदाससों मिले ॥ ओर नेत्रनमेसों आँसूनकी धाराचली॥गदगदकंठ होयगए ॥ छातीसों छाती लगायमिले, ओर कही॥जो आज प्रभुननें मो पर अत्यंत कृपाकीनी ॥ मोको अपनो जान्यो, आज तुमारे दर्शनपाये ॥ तव विनती करी जो भाई घरपधारो ॥ तवमुरारीदासनें नाँहि करी ॥ तव वहूतहीं रोयवेलागे ॥ सो माधवदासको वैष्णव भाव कछुलिखिवेमें आवेनाँहि ॥ सो मुरारीदास माधवदासजीके प्रेमवसहोयकें घरगए ॥

घरमेंजायकेंदेखे तो प्रभुसाक्षात् विराजेहैं ॥ एसो प्र-
भावछायरह्योहैं ॥ फेरि मुरारीदास उहाँ सामग्रीसि-
द्धिकरे, भोगधरि माधवदासजीकेसंग महाप्रसादली-
यो, पाछें माधवदासनें पूछी ॥ जो भाईजी तुम आ-
पकीशरण केसेंआए ॥ तव रुपमुरारीदासनेंकही जो
भाईजी तुम हमारी कृतितो पूछोमति ॥ जो हमतो
पृथ्वीपतिके यहाँ जोवहिंसामेंहते ॥ सो आपके शरण
आयवेकी व्यवस्था सव माधवदाससों कही ॥ जो
एसें मोकोंशरणलेकें परमपुनितकीयो ॥ तव माधव-
दासबोले, जो श्रीविठ्ठलनाथ प्रभुनको एसोप्रतापहैं
॥ फेरि दोऊजनें भगवद्वार्ता करिवेलागें ॥ असे में
उत्थापनको समय भयो सो माधवदासजी ठाडेहो-
यकें अँचलकरिवे लागें ॥ तव रुपमुरारीदासनें पूछी
॥जो भाईजि यह कहा लीलाकरोहो ॥ तव कही॥ जो
श्रीनाथजी वनमेंसों पधारेहें, सो भैयाजीमें श्रीअंगकी
ज्ञान ॥ कवहुक राजा हरिश्चंद्र गृह संपत्ति मेरु समान ॥ कवहुक दास श्वपच गृह व्हेके अंवर हरतमशान ॥ कवहुक युधिष्टिर राज्य सिंघासन अनुचर श्रीभगवान ॥ कवहुक द्रुपद सुता कौरव वश केश दुशासन तान ॥ कवहुक राम सहित जानकी विचरत पुष्प विमान ॥ कवहुक रुदन करत फिरत हे ॥ महाविपिनउद्यान कवहुक दूलहे वन्यो वराति चहुंदिश मंगल गान ॥ कवहुक आप मृतक व्हे जातहें कर लंवे पदपान ॥ जननी जठर जन्यो जा दिनतें लिख्यो लाभ अरुहान ॥ सूरदास यतन सवजूठे विधिके अंक प्रमान ॥ ५४ ☞ देखो दुर्मती यह संसारकी ॥ हरिसो हीरा छांड हाथतें वांधत पोट विकारकी ॥ झूठे सुखमें भूल रहे हें सुध विसरी कीरतारकी ॥ नाना विधके कर्म कमाये खवर नहिं शिरभारकी ॥ कोउ खेती कोउ वणज चाकरी कोउ आशा हथीयारकी ॥ अंधाधुंध फिरत दशोदिश फूटी आंख गमारकी ॥ नर्कजानके मारगचालें सुन

सुन विप्र कवारकी ॥ अपने हाथ गलेमें डारत फांसी माया जारकी ॥ वार वार पुकार कहत हो सुनहो सज्जन हारकी ॥ सूरदास यह विनस जायगी देह छिनकमें छारकी ॥ ५५ ॥ ॥ अथ शिक्षाके पद ॥ आये मेरे नंदनंदनके प्यारे ॥ माला तिलक मनोहरवानो ॥त्रिभुवनके उजीयारे॥१॥आये॥ प्रेम सहित वसत उर मोहन ॥ नेकहुं टरत न टारे॥ हृदयकमलके मध्य विराजत ॥ श्री वृषभान दुलारे ॥ २ ॥ आये॥ कहाजानो कहा पुन्य प्रकट भयो ॥ मेरे घरजु पधारे ॥ परमानंद करत न्योच्छावर वारंवार हुं वारे॥ आये ॥ ५६ भजन विन जीवत जेसे प्रेत ॥ मलीन मन घर घर डोलत हे उदर भरनके हेत॥ कवहू पावत पापको पैसा गाड धूडमें देत॥ मुख कटू वचन करत पर निदा संतनकुं दुःख देत ॥ सेवा नहिं गोविंदचंदकी भवन गलीनको खेत ॥ सूरदास वहुत कहा कहुं डूवे कुटुंव समेत ॥५७॥

हरिरस तबहीतो जाय पैये ॥ स्वाद विवाद हर्ष आतुरता इतनो दंडजो सहिये ॥ कोमल वचन दीनता सबसों सदा प्रफुल्लित रहिये ॥ गये नहि शोच आए नहि आनंद ते मारग क्यों वहिये ॥ ऐसी जो आवे जियमांही ताके भाग्यकी कहाकहिये ॥ अष्ट सिद्धि सब सूरश्यामपें जो चहिये सो लहिये ॥ ५८

रेमन चिंता ना कर पेटकी ॥ हलन चलन यामें कछु नाहिंन कलम लिखी जो ठेठकी ॥ जीवजंतु जेते जल थलके तिन निधि कहा समेटकी ॥ समें पाय सबहिनकुं पोहोंचे कहा बाप कहा बेटकी ॥ जाको जितनो लिख्यो विधाता ताको पोहोचे तेटकी ॥ सूरदास ताहे क्यों न सुमरे जोहे एसो चेटकी ॥५९

त्यजमन हरि विमुखनको संग ॥ जाके संग ते कुबुद्धि उपजत परत भजममें भंग ॥ कोगाकुं कहा कपुर चुगावत श्वान न्हवावत गंग ॥ खरकुं कहा अरगजा लेपन मर्कट भूपण अंग ॥ कहाभयो पयपान करावत

विप नहि तजत भुजंग ॥ सूरदास प्रभु कारो कामरीयां चढत न दूजो रंग ॥ ६० मनरेतुं वृक्षनको मत ले ॥ काटे वापें क्रोध न करहें सिंचे नाहीं सनेह॥ जो कोउ वापें पत्थर चलावे ताहीकों फल दे ॥ धुप सहें शिर आपनें ओरनकों सुख दे ॥ धन धन जड ए परम पदारथ वृथा मनुष्यकी देह ॥सूरदास मनकर्म वचन करी भक्तनको मत एह ॥ ६१ कोन मात तात कोन कहा को तू सुतवंधु। ज्योंलों यह देह त्योंलों नेहनातो कीनो हे ॥ नारीहु निराली होत नारीहुतें न्यारो होत तोहु अनाडी नारी नारी मुख जपत हें ॥ श्रीपुरुपोत्तम जीय विचार देख यह संसार सुख सोवतको सुपनो हे ॥रसिक कहे वार वार लाजहू न आवे तोहे हाथले कुल्हार पाव मारत अपनो हे ॥ ६२ मनतें भक्तिस्वाद नहींपायो ॥ ताहीतें तुं तुच्छ पदारथ विपय विपे उरझायो ॥ मनतें ॥ नंदनसुवन व्रजराज लाड़ीलो सो उरमें नहीं

लायो ॥ सुतदारा सुपनेको संपत तीनके संग भरमायो ॥ मनतें ॥ गिरिधरलाल रंगीलेके गुन प्रेमधरी नहो गायो ॥ इंद्रिय विषय परायन डोले मूरख जन्म गमायो ॥ मनतें ॥ भक्त जननके संग बेठके थोर ना मन अटकायो ॥ ग्रहजंजाल पोठ शीर लीनी छूटत नहीं छुडायो ॥ मनतें ॥ मनुषा जन्म पाये अब दुर्लभ ले गजराज चढायो ॥ धिक मतिमंद चढन अब खर हे केतीक वार पढायो ॥ मनतें ॥ श्रीवल्लभप्रभु श्रीविट्ठलके शरणागत नहीं आयो ॥ कहे हरिदास मूढमति वोरे अंत समय पछतायो ॥मनतें॥ ६३

गायो न गोपाल मन लायो न निवार लाज पायो न प्रसाद साधु मंडली में जायके ॥ धायो न धमक वृन्दाविपिनकी कुंजनमें रह्यो न शरण जाय विट्ठलेश रायके ॥ श्री नाथजीको देखके छक्यो न छबीली छब सिंघपोर पर्योनांही शीशहु नवायके ॥ कहे हरिदास तोहि लाजहुं न आई अज मानस जन्म पायके कमा-

वांध्यो हेत ॥ मंझार रूपी काल डोले या घडी तोहे लेत ॥ मनतुं ॥ काम क्रोधको वोझवांध्यो उतर सायर सेत ॥ सूर हरिको भजन करीले गुरु वताई देत॥ मनतुं ॥ ६७ मनतुं समज सोच विचार॥ भक्ति विना भगवान दुर्लभ कहत निगम पोकार ॥ मनतुं ॥ साधु संगत डार पासा फेर रसना सार॥ दाव अवके पर्यो पुरो उतर पेलेपार ॥ मनतुं ॥ वायक सतरे सुन अढारे पंचहीको मार ॥ दूरतें तज तीन काने चमकचोक विचार ॥ मनतुं ॥ काम क्रोध जंजाल भुल्यो ठग्यो ठगनीनार ॥ सूर हरिके पद भजन विन चल्यो दोउकर झार ॥ मनतुं ॥ ६८ निशदीन लेतुं गोविंदगाय ॥ काम क्रोध ओर लोभ माया काल अचानक गहाय ॥ निशदीन ॥ पलकमें जल बुद्बुद उठत देखतही मीटजाय ॥ जनम जुठो देह गंदी श्वान काग न खाय ॥ निशदीन॥ करम कागद फेर वांचो लीख्यो मिट नही जाय ॥ कोटीखान ब्रह्मांड खोजो

यो कहा आयके ॥ ६४ भरोंसो श्रीवल्लभजीको राखों ॥ सघरे काज सरेंगे छिनमें इनहीके गुणभाखो निशदिन संगकरो भक्तनको असमर्पित नहीं चाखो ॥ श्रीवल्लभ श्रीवल्लभ पदरज विन ओर तत्त्व सबनासो ॥ ६५ मनतुं समर हरि हरि हरि ॥ कोटी यज्ञ नहि नाम सरवर पतीज करी करी करी ॥ मनतुं ॥ चरनामृत रस बुद्धि भाजन ले तुभरी भरी भरी ॥ गीध गुनका व्याधके अघ गये टरी टरी टरी ॥ मनतुं ॥ करण दुर्योधन दुशासन ओर शकुनी अरी अरी अरी ॥ कुंती सुतके विघन जेते गये टरी टरी टरी ॥ मनतुं ॥ चार फलके दानदाता रहे फली फली फली ॥ सूर श्रीगोपालकी छब राख हरदे धरी ॥ मनतुं ॥६६ मनतुं कर गोपालसुं हेत ॥ कृष्ण नामकी वार करले तो बचे तेरो खेत ॥ मनतुं ॥ पांच हरन पचीस हरनी खुंद खायो तेरो खेत ॥ सार सघरो काढ लीनो कशलणेगो रेत ॥ मनतुं ॥ मन सुवा तन पींजरा हे तासुं

वांध्यो हेत ॥ मंझार रूपी काल डोले या घडी तोहे लेत ॥ मनतुं ॥ काम क्रोधको बोझवांध्यो उतर सायर सेत ॥ सूर हरिको भजन करीले गुरु बताई देत॥ मनतुं ॥ ६७ मनतुं समज सोच विचार॥ भक्ति विना भगवान दुर्लभ कहत निगम पोकार ॥ मनतुं ॥ साधु संगत डार पासा फेर रसना सार॥ दाव अवके पर्यो पुरो उतर पेलेपार ॥ मनतुं ॥ वायक सतरे सुन अढारे पंचहीको मार ॥ दूरतें तज तीन काने चमकचोक विचार ॥ मनतुं ॥ काम क्रोध जंजाल भुल्यो ठग्यो ठगनीनार ॥ सूर हरिके पद भजन विन चल्यो दोउकर झार ॥ मनतुं ॥ ६८ निशदीन लेतुं गोविदगाय ॥ काम क्रोध ओर लोभ माया काल अचानक गहाय ॥ निशदीन ॥ पलकमें जल बुद् बुद उठत देखतही मीटजाय ॥ जनम जुठो देह गंदी श्वान काग न खाय ॥ निशदीन॥ करम कागद फेर वांचो लीख्यो मिट नही जाय ॥ कोटीखान ब्रह्मांड खोजो

तेरे मन प्रतीताय ॥ निशदीन ॥ कायाके दश द्वार रुंधे अवध पहोती आय ॥ सूरहरिको भजन करते पुनरजन्म न थाय ॥ निशदीन ॥ ६९ चलो पिय वे सरोवर जाय ॥ वे सरोवर कमला कमली रवी वीना पीक छांह ॥ चलो ॥ हंस पंगत महा उज्वल संग मील मील नहाय ॥ मुक्तिसे मुक्ताफल मोती सवे चुन चुन खाय ॥ चलो ॥ छांड छील्लर छल छली समजले मन मांह ॥ सूरप्यारे एसे उडो वहोर उडनो नांह ॥ चलो ॥ ७० भजीए श्रीवल्लभवर चरन ॥ मकल पतीत उद्धारन कारन प्रकट कीयो अवतरन ॥ भजीए ॥ गूढ श्रीभागवत प्रतिपद अरथ प्रकट करन ॥ अखिल लीला प्रेम संयुत देखाये गिरिधरन ॥ भजीए ॥ आशरो करी रहे जेजन मिटे जनम ओर मरन ॥ कहत हे हरिदास हमकुं ओर नाहीन शरन ॥ भजीए ॥ ७१ ॥ भज सखी भाव भाविक देव ॥ कोटी साधन करो कोऊ तोउ न माने सेव ॥ भज ॥

धूमकेतु कुमार माग्यो कोन मारग रीति ॥ पुरुषतें तिय भाव उपज्यो सबही उलटी रीति ॥भज॥ वसन भूषन पलट पहेरे भावते संजोय ॥ उलटी मुद्रा दई अंकन वरन सुधे होय ॥भज॥ वेद विधीको नेम नाही प्रेमकी पहेचान ॥ व्रजवधु वश कीये मोहन सूर चतुरसुजान ॥भज॥ ७२ दोउनमें एको न भई ॥ न हरि भज्या न गृहे सुख लीनो व्रथा वही ए गई ॥ दोउनमें ॥ ज्यों सुवा सेमर फल लगके लालच देहदही ॥ पस्तानो जब चांच गुदानी नीकसत तूल मही ॥ दोउनमें ॥ पद विमुख रहे चंद चकोर ज्यों भखत अंगात महो ॥ द्राक्ष कहांते खाय सूरप्रभु बोये बंबुर सही ॥ दोउनमे॥ ७३ संतोष हाकेम जब आवे तब यह काया नगर सुखपावे ॥ज्ञान वैरागकी चढ-गई फोजा अज्ञानकुं मार भजावे ॥ क्षमा कोटवाल बेठा चोतरे कुबुध कहांते आवे ॥ सांच ढंढोरा फिरत नगरमें जुठ चोर भजिजावे ॥ धर्मको झुंडा गड्यो

खेतमें निर्भय राज कमावे ॥सूरदास अज्ञानी हाकम बाधे जमपुर जावे ॥७४ भजमन दधिसुतापति चरण ॥ देवगुरुको अवनि सुतही सदा चाहे करण ॥ खेचरी जिय जानी मनमें जात जातक मरण ॥ शक्रवाहनकेजु भूषण टूट भुविपर परण ॥ हंससुत रिपु सुतके सुतकी जठर रक्षा करण ॥ सत्य सुत सुत सुतन पतनी परम चिताहरण ॥ दक्षसुता पति शापतें अश्म तनु उद्धरण ॥ सूरके प्रभुसदा सहायक विश्व पोषण भरण ॥ ७५ कृपातो लालनजुकी चहिये ॥ इने करी करे सो आछी अपने शिरपर सहिये ॥ दोष अपनो विचार सखीरी उनसों कछू न कहिये ॥ सूर अवकछू कहवेकी नांही स्याम शरण व्हे रहिये ॥७६ बोलो भैया गोविंद कृष्ण हरि ॥ माल दाम कछू नहीं वेटत छूटत नहिं गठडी ॥ यह काया कागदकी पुतरी छिनमें जात जरी ॥ जामुख सूरप्रभु नांहि उचरत तामुख धूर परी ॥ ७७ हरि भक्तनसुं

गरव न करनो ॥ यह अपराध परम पढहुते उतर नरकमें परनो ॥ हुं कुलिन धनवान यह भिक्षुक ईसनो मनमें नांही न धरनो ॥ राज सिंहासन अश्व पालखी तासुं भवसागरनहीं तरनो॥खान पान बनाये भलेजु वदन पसार फेरहू मरनो॥सूरदासयह सत्यकहतहों हरिभक्तनके संग उबरनो ७८ ✿ जीयरा कोन निंदकर सोयो ॥टेक॥ भूल गयो विषयासुखमें शठ जन्म अकारज खोयो॥जीयरा॥१॥ करत दगा तामें हितमाने, मर्म विचारी न जोयो ॥ घर दारा मानत करमेरे, मिथ्या तापर मोह्यो ॥ जीयरा ॥२॥ संकट समे नहिं कोई तेरो जेसें नीर विलोयो॥ सूरहरिको सुमरन करके मिलजा जातें विछोयो ॥ जीयरा ॥३॥ ७९ ✿ रेमन मुरख जन्म गमायो ॥टेक॥ कर परपंच विषय रस कीधो श्याम शरण नहि आयो ॥ रे मन ॥ यह संसार फूल सेंवरको, सुंदर देख लोभायो ॥ चाखन लाग्यो रुई उडी गई। हाथ कछु नहिं आयो

॥ रे मन ॥ कहा भयो अवके पछताने पेहेले पाप कमायो ॥ कहत सूर श्रीकृष्ण नाम विना, शिर धुनी धुनी पछतायो ॥ रेमन॥ ८० अवसर वेर वेर नहि आवे ॥टेक॥ जो जाने तो करले भलाई, जन्म जन्म सुख पावे ॥ अवसर ॥ सुत दारा अंजलीको पानी, घटत वेर नहि लागे ॥ छूट्यो तन धन कोन कामको, करपन कहाजु कहावे ॥अवसर ॥ जाको मन लाग्यो श्रीकृष्णसुं, ताकुं अन्य न भावे ॥ सूरदास प्रभु आनंद सागर, प्रेम धरी क्यों न गावे ॥अवसर॥ ८१ अचंभो ईन लोगनको आवे ॥ छांड गोपाल अमित रस अमृत, माया विख रस खावे ॥१॥ निंदत मूढ मलय चंदनकों कपिके अंग लगावे ॥ मान सरोवर त्यजी हंस सर काक सरोवर न्हावे ॥२॥ पगतर जरत न जानत मुरख पर घर जाय बुझावे ॥ सूरदास तव कहत सवनकुं, हरि जस काहे न गावे ॥३॥ मन तुं भुल्यो भक्ति विसारी (टेक) काल

सदा शिरपर सर साधत जीती वाजी हारी ॥मनतुं॥ वालपनो खेलनमें खायो तरुन गयो संगनारी ॥ वृद्ध भयो तव आलस आयो, सरवस हार्यो जुवारी ॥ मनतुं ॥ जव लगी जरा रोग नहिं व्याप्यो तवलग भजले मुरारी ॥ सूर कहे अव चेत सवेरो अंतकाल हे भारो ॥ मनतुं ॥ ८३ मन तोहे केई विरीयां समजायो ॥ कमलनेनकी सेवा चूक्यो वहोत दीनां दुःख पायो ॥ मन ॥ भज्यो नहीं भगवान भलेमन परदारा चितलायो ॥ परनिंदा परद्रोह पें रीझ्यो परम विषय विप खायो ॥ मन ॥ उदर भर्यो सव अपने कुटुंवको हरिजन कोउ न जीमायो ॥ जव यमदूतन मार मचाई ओटे कोउ न आयो ॥मन॥ नेनां थाके चेनहूं थाके शीशहुं कंपन आयो ॥ लाठीले जव चालन लाग्यो तृष्णा तोउ न वुझायो ॥ मन ॥ कीये करम सव मनके भाये दुःखको अंत न आयो ॥ सूरदास भगवंत भजन विना उंधेमुख लटकायो ॥मन॥

८४ भजन विन वेल विराने वेहो ॥ चार पांव द्वे सिंग गुंगमुख तब गुन केसे गेहो ॥भजन विन ॥ चार पहर दीन फरत चरत वन तोउ न पेट भरेहो॥ सीत घाम ओर धाम विविध घन भारतरे मरजेंहों ॥ भजन विन ॥ लादत जोत तडेगा पेहो तब मुढ कहां दूरे हो ॥ त्रुटी खांध फूटी नाके तब घास कहां चरे हो ॥ भजन विन ॥ साधु संतको कह्यो न कीनो अपनी करनी पेहों॥ सूरदास भगवंत भजन विन मिथ्या जन्म गमेहो ॥ भजन विन ॥ ८५ निशदीन आनंद मंगलमें रहीये॥ गुरुप्रताप भई सत संगत यातें ओर कहा चहीये ॥ निशदीन ॥ निशवासर सोवत अरु जागत कृष्ण कृष्ण मुख कहीये ॥ परम कृपाल गोपाललाल भज सूर परम पद पैये ॥ निशदीन ॥ ८६ माइरी श्रीगिरिधरके गुन गाउं ॥ मेरेतो व्रत एही निरंतर ओर न रुचि उपजाउं ॥ माइरी ॥ खेलनके मिस आयो लाडीलो एही विधि दरसन पाउं॥

परमानंद हिलगकी वातें काहुको न सुनाउं ॥माइरी॥ ८७ तरहटी श्रीगोवर्धनकी रहीए ॥ नित्यप्रति मदन गोपाललालके चरन कमल चित लहीए॥ तर-हटी ॥ तन पुलकित व्रजरजमें लोटत गोविंद कुंडमें नहीए ॥ रसिक प्रितम हित चितकी वातें श्रीगिर-धारीजीसुं कहीए ॥ तरहटी ॥ ८८ विना गो-पाल नहीं कोई अपनो ॥ कोन मात तात सुत घरुनी ए सव जगत रेनको सपनो ॥ विना ॥धन कारन नर भटकत निशदीन वृथा जनम याहीतें खपनो ॥ अंते साथ नहिं कोउ तेरो निश्चय काल अग्निमें झपनो ॥ विना ॥ सवत्यज हरिभज युगल कमल पद मोह निगढ चरणतें कपनो ॥ कहे हरिदास वल्लभ श्रीविठ्ठल श्रीगिरिधर रसना अहरनिश जपनो॥ विना॥ ८९ जो हरि चरन सरोज विमुख भये विप्र जनमतें कहाजु सर्यो ॥ जोकोउ सुपच भजत भगवंते कहो अव ताको कहा विगर्यो ॥ वेदव्यास सरखे अधिकारी अशंकला

पछतात ॥ मनुष जनम पाय नीरमल जसगाय हीयोले आधार ध्यान स्याम गात ॥ जो यह लोक परलोक सुख चाहत तो इन चरण ग्रहे दीन रात ॥ परमानंद दास चहीये एसो आश राखी लाज अपनी पास भवजल वह जात ॥ ९३ भई अब गिरिधरसों पेहेचान ॥ कपटरूप व्हे छलवे आयो पुरुषोत्तम नहीं जान ॥ छोटो वडो कछु नहीं समज्यो छायरह्यो अज्ञान ॥ छीतस्वामी देखत अपनायो श्रीविठ्ठल कृपानिधान ॥ ९४ कृष्ण सुमर पिंजरके सुवा ॥ अजहुं चेत मुढ वहावरा धंधाकरत सकल जग मुवा ॥ कृष्ण ॥ अजहुं नेज पांच पनीहारी घटे न करम जल कुवा ॥ सूरदास जो हरिजस गावे तीनहोके मन अमृत चुवा ॥ कृष्ण ॥ ९५ यामें कहा घटेगो तेरो ॥ नंदनंदन कर अपनो ठाकुर आपही होय रहे चेरो ॥ यामें ॥ सुख संपत आनंद वढ्यो हे वहोत कीयो घर घेरो ॥ कहुं हरिकथा कहुं हरिसेवा कहुं भक्तनको

डेरो ॥ यामें ॥ सुतदारा परिवार वढ्यो हे हेगयो जुथ घनेरो ॥ सवही समरपे तुं सूरश्यामकुं येही हे मत मेरो ॥ यामें ॥ ९६ श्रीयमुना पान करतही रहीये ॥ व्रजवसवो नीको लागत हे लोक लाज दुःख सहीये ॥ श्रीयमुना ॥ श्रीवल्लभ श्रीविट्ठल गिरिधर गावत सवसुख पैये ॥ व्रजपति मुख अवलोक महासुख दरसत द्रग न अघैये ॥ श्रीयमुना ॥ ९७ अरेमन गोविदके होयरहीये ॥ सुख दुख जे सव भाग्य आपुने आनपरे सो सहीये ॥ अरेमन ॥ अगम अगोचर अकथ कहानी काहुतें नव कहीये ॥ सूरदास प्रभु प्रेम भजनवीना आन कछु नव लहीये ॥ अरे मन ॥ ९८ जन्म पदारथ वह्यो जातरी ॥ समरन भजन करो केशवको जवलग यह नहिं गलत गातरी ॥जन्म॥ ये संगी सव चार दीवसके धन दारा सुत पिता मातरी ॥ वीछुरे वहोर मीलन नहीं पावे ज्यों तरवरके खरत पातरी ॥ जन्म ॥ काल कराल

फिरत शिर उपर आय अचानक करत घातरी ॥ समजत नांही मूढ वावरे तज अमृतफल विखही खातरी ॥ जन्म ॥ तव हरीनाम केसे मुख आवे सीथिल तन कफ रुंधत वातरी ॥ रसिक कहेत तुं सर्व छांडके गोपालके गुन क्यों न गातरी ॥जन्म॥ ९९ हरि न भजे तिनके मुख कारे ॥ विषय रसको पीवत प्रेमसो नामसुधारस लागत खारे ॥ श्री भागवत सुन्यो नहिं श्रवनन कोटि जन्म पापके मारे ॥ सूरदास ऐसे पतितनको सदा यमदूत वटोरत हारे ॥१०० जीवन एसे जो वनी आवे ॥ श्रीवल्लभ श्रीविट्ठलप्रभुकि शरणागति जो पावे ॥ जीवन ॥ द्वादश तीलक सहित मुद्राधर तुलसी कंठ धरावे ॥ प्रेम सहित जे नंदनंदनके जन्म कर्म गुण गावे ॥ जीवन ॥ श्रीभागवत मुख्यरस टीका अपने श्रवन सुनावे ॥ भूपन वसन विचित्र वहुत रंग प्रभुकुं लाड लडावे ॥ जीवन ॥ भली भांत सामग्री करके प्रभुकुं भोग लगावे ॥ प्रभुके भ-

दया सबे जीवनपर लोकवासना त्यागी॥ ओर बात मनमें नहि आवे हरिसुं लगनो लागी ॥ दासकी विनति हरिपद पंकज पकरत सोई सुहागी ॥ १०६ मनरे तुं अवहुं चेत सवेरो॥अनेक जन्मतें भटकत डोलत क्योंहूं स्वास्थ्य नहितेरो ॥ पशुयोनिमें पेट भरत तुं टरत नहिं भव फेरो ॥ ज्ञान सहित मनुपादेह पायो ।करिले यतन घनेरो ॥ येहो जनमतें पार पडेगो प्रभुसन्मुखजा नेरो॥ दासकी विनती अव मानीले (श्री) वल्लभ चरण ग्रहेरो॥ १०७ जग सव स्वारथकेजु सनेहो ॥ सगे सहोदरे प्रेम करत हे जवलग नीकी देही ॥ अपनो अपनो काम काढवे प्यार करत सव येही ॥ अंतकालमें साह्य न कोउ देखके दूर भगेही ॥काल आयके घेर लियो तव देख काय कंपेही ॥ दासकी विनति (श्री) वल्लभ शरणे जासों पार परेही॥१०८ मन तुंछांडदे मिथ्या ग्मान ॥ तुं जानत मो सम नहीं कोउ जगमें मेरो

मान ॥ ए सब अंतेकाम न आवे वहुत वढ्यो अज्ञान ॥ धन धाम ओर कुटुंब कवीलो ताको वढ्यो अभिमान ॥ ए सब तेरे संगी न कोउ निश्चय मेरी सान ॥ जहां लगी जरा रोग नहिं व्याप्यो तहांलग भय भगवान ॥ दासकी विनती श्री वल्लभ शरणे जातें मिटें सव हान॥ १०९ मुरख सघरी वात विगारी ॥ नर तन पाय हरि नहीं सेव्या जननी भारे मारी ॥ गर्भवासमें दुःखपावत जव तव समर्या गिरिधारी ॥ यह संकट तें जवही निकासो तवही भजुं मुरारी ॥ वहार आयकें कहा करत हे सोतुं शोच विचारी ॥ भूलगयो मायाके आगे हार्यो सवही जुवारी ॥ धन दोलत ओर कुटुंब कवीलो पुत्र मित्र ओर नारी॥ए सवकी जंजाल फस्यो तुं पेहेली वात विसारी ॥ चेत चेत तूं अवही समोहे अंतकाल हे भारी ॥ दासकी विनती हरिकी सेवा कर उतर भव पारी॥११० विनंतिके पद. प्रभुमें सव पतितन-

कोटीको ॥ और पतित सब द्योसचारके मैंतो जन्म-तहीको ॥ वधिक अजामिल गणिका तारी और पुतनाहीको॥मोहि छांडी तुम और उद्धारे मिटे शूल केसे जीको ॥ कोउ न समर्थ शुद्ध करनको खेंचि कहत हों लीको॥मरीयत लाज सूर पतितनमें कहत सबे मोहि निको ॥ १११ तुम तजि और कोनपें जाउं ॥ काके द्वार जाय शिर नाउं परहथ कहां वि-काउं ॥ एसो को दाता हे समरथ जाके दिये अघाउं ॥ अंतकाल तुमरे सुमरण विन और कहुं नहि ठांउं ॥ रंक सुदामा कियो अयाची दियो अभेपद ठांउं॥ कामधेनु चिंतामणि दीनी कल्पवृक्षतर छांउं ॥ भव-समुद्र अति देखि भयानक मनमे अधिक डराउं॥ कीजे कृपा महाप्रभु मोपर सूरदास बलिजाउं ॥११२ विनती करत मरतहुं लाज ॥ नखसिखलों मेरी यह देही हे पापकी जहाज॥ और पतित आवत न आंखनतर देखत अपनो साज॥तीनोपन भरवार नि-

चाहे तोउ न आयो बाज ॥ पाछें भयो न आगे व्हेहें सब पतितन सिरताज ॥ नर्कहि भजे नाम सुन मेरो पीठ दई यमराज ॥ अबलो में सुने जे तारे ते सब वृथा अकाज॥ सांचो विरद सूरके तारे लोकनि लोक अवाज ॥ ११३ तिहारे चरन कमलको मधुकर मोही कबजु करोगे ॥ कृपावंत श्रीविठ्ठल गुसांई विनतीजु चित्त धरोगे ॥ तिहारे ॥ सीतल आतपत्रकी छैयां कर अंबुज सकुमार ॥ पद्म प्रवाल नेन अति नीके कृपा कटाक्ष मुरार ॥ तिहारे ॥ परमानंददास रस लोभी भाग्य विना नहिं पावे॥ जापर कृपा करे नंदनंदन ताही सब बनी आवे॥ तिहारे॥ ११४ गोविंद राखो लाज हमारी ॥ भवसिंधुमें आन पर्यो हुं लही पोट सीर भारी ॥ गोविंद ॥ जमके त्रासते अति डरपतहूं आयो सरन तिहारो ॥ अनेक पतीत तुम आगे तारे मोहे तारो गिरिधारी॥गोविंद॥ ११५ श्रीवल्लभ वेगही दरशन दीजे ॥ जादीनतेंतुमतें

हम विछुरे तादीनतें तन सीझे ॥ श्रीवल्लभ ॥ निश-दिन भुख प्यास नहीं लागे नेन निरंतर भीजे ॥ गोविंद ॥ यह निश्चयकर मनमें कहो प्रभु केसे जीजे ॥ श्रीवल्लभ ॥ ११६ श्रीवल्लभ लीजे मोहे बुलाय॥वहोत दीना वीते वीनदेखे तातें जीय अकुलाय॥ श्रीवल्लभ ॥ निशदीन यह तन क्षीण होत हे सुध बुध गइ विसराय ॥ गोविंद प्रभु श्रीवल्लभ विनदेखे पल-भर कल्प वहाय ॥ श्रीवल्लभ॥ ११७ श्रीवल्लभ चरन लाग्यो चित्त मेरो ॥ इन वीन ओर कछु नहीं भावे इनहीको हुं चेरो ॥ श्रीवल्लभ ॥ इन तजी ओर ज्ञानकु धावे सो मति मूढ घनेरो॥ गोविंदप्रभु निश्चे-कर मनमें एही ज्ञान भलेरो ॥ श्रीवल्लभ॥११८ श्रीवल्लभलीजे मोहे उगारी ॥ आ संसार सव अग्नि जरत हे श्रीमुख ललित विचारी ॥ श्रीवल्लभ॥कोन डाकनी लगी अविद्या कोन शकेगो उतारी॥भूत लाग्यो अभीमान महादुःख दाहत देह पसारी ॥श्रीवल्लभ॥

काम क्रोध मद लोभ कुटिलता मोह जाल है भारी ॥ भजन रत्न क्षीण कर डार्यो हरदो देत बिगारी॥ श्रीवल्लभ ॥ विषय वासना वसत निरंतर एह विचार विचारी॥ रसिक कहे निज जान वचावो अपनी ओर निहारी ॥ श्रीवल्लभ ॥ ११९ श्रीवल्लभ अवकी वेर उगारो॥सव पतितनमें विख्यात पतितहुं पावन नाम तिहारो ॥ श्री वल्लभ ॥ ओर पतित नांही मेरे सम अजामिल कोन विचारो ॥ भाज्यो नरक नाम सुनी मेरो जम दीयो हडतालो ॥ श्री वल्लभ ॥ कृपासिंधु करुणा निधी केशव अव न करोगे उधारो ॥ सूर अधमको कहुं ठोरनही विना शरनजु तमारो ॥ श्री वल्लभ ॥ १२० श्रीवल्लभ तुम शरणांगत आयो ॥ सव दुःख दूर गये तुम देखत सुखको पार न पायो ॥ श्रीवल्लभ ॥ आज्ञातें श्रीगोवर्धनधरकी ब्रह्मसंवंध करायो ॥अखिल लीला प्रकट दिखाई सेवा सुखही वतायो ॥ श्रीवल्लभ ॥श्रीभागवत सुधारस मथके अ-

पनो पंथ जतायो ॥ एसे उग्र श्रीलक्ष्मननंदन रसिकनके मन भायो ॥ श्रीवल्लभ ॥ १२१ अनुग्रह तो जानु गोविंद ॥ छिनु छिनु चरन कमल देखावो श्रीवृंदावन चंद ॥ अनुग्रह ॥ तुमनीके सेवक नीके हे सुनो प्रभु आनंदकंद ॥ पतितकुं देत प्रसाद कृपाकरी सो ठाकोर नंदनंद॥ अनुग्रह ॥ अपराधीकु नहीं को आदर अधम निच मतिमंद ॥ ताकु तुम प्रसिद्ध पुरुषोत्तम गावत परमानंद ॥ अनुग्रह ॥ १२२ श्रीवल्लभ कृपा कीजे मोय॥ ज्ञान भक्ति विवेक वलको आशरो नहिं कोय ॥ श्रीवल्लभ ॥ एक वलहुं एही विचारुं क्षणु दृष्टि भर जोय ॥ द्यो दरश हुं शरनके निजदासके दुःख खोय ॥ श्रीवल्लभ ॥ १२३ जेते गुन तेरे नाथ तेते अवगुन मेरे गिने नहीं जात गरुडगामी ॥ हुं अपराधी कहांलों वरनुं कपटी क्रुर कुटील चर कामी ॥ परम उदार सवे तुम जानत तुमसुं छिप्यो नहीं अंतरजामी ॥ कृपाकटाक्ष तरुं भवसा-

गर सूरपतित पतितनमें नामी ॥ १२४ श्रीवल्लभ सदा वसो मन मेरे॥ धरम करम कछू नाही समजत जेसे तेसे तेरे ॥ श्रीवल्लभ ॥ दान व्रतादिकते कछू नाहीं होत पुष्टिकी भक्ति॥ तिहारी कृपा कटाक्ष दृष्टितें होतहे हरिआशक्ति ॥श्रीवल्लभ॥ तुम विन तत्त्व कछू नही जगमें यह निश्चे मन कीनो॥ श्रीहरि वदन अनल आनंदनिधी वेद वखाने कीनो ॥ श्रीवल्लभ ॥ भटक भटक हूं हार्यो हाहा करुं पकरो मेरी वांह ॥ बुरो भलो हरिदास तीहारो राखो चरनन छांह ॥ श्रीवल्लभ ॥ १२५ दीनवंधु दीनानाथ तुमवीना कोनपें जाउं॥ तुमही मेरे मात तात तुमही मेरे गुरुजन तुमही मेरे प्रान जीवन नीरख नेनसीराउं॥ दीनवंधु॥ पुष्टि प्रवाह रससिंधु छांडके नदी शरन कीत जाउं ॥ रसिक प्रीतमकी इतनी विनति श्रीवल्लभके गुनगाउं ॥दीनवंधु॥ हुं श्रीवल्लभकी वलीहारी ॥ सवहीनकुं वचनामृत सींचत हे अंतर

श्री० ॥ नवनिंकुजमंदीरकी लीला नित्य विहार बि-
हारी॥ रसिक जनकी पूरी आशा सदाहुं दासो तिहारी
॥ हुंश्री०॥१२७ वाधो जन्म गयो विसराय॥ना
हरि भज्या ना गुरुकी सेवा मधुवन वस्यो न जाय
॥वाधो॥ श्रीभागत श्रवण नहीं कीनो कवहु न रुची उप
जाय॥ आदर करके हरि भक्तनके कवहु न धोये पाय॥
वाधो ॥ कवहुं श्रीगिरिधर रीझवे नहिं विमल विमल
जस गाय ॥ प्रेम सहित पग वांध घुंघरुं शक्यो न
अंग नचाय ॥ वाधो ॥ अवकी वेर मनुष देह धरके
कीयो न कछु उपाय ॥ भटकत फिरत मंजार श्वान
ज्यों तनक जूठनकी चाय ॥वाधो॥ कहां लगी कहुं
कृपानिधी मोहन वातें वहूत वनाय ॥ भवसागर
पद अंवुज नौका लीजे सूरचढाय ॥ वाधो ॥ १२८
जेसो हूं तेसो तिहारो श्रीवल्लभ अव जिन छांड
देहो मोहि करते ॥ वांह गहेको लाज मन धरहो
नाहिं भरोंसो मोहि साधन वलते ॥ तुम त्यज और

ठोर नहि मोको जासो जाय कहो दुःख भरते ॥ रसिक शिरोमणि श्रीवल्लभ प्रभु राखो मोहि चरण शरण भवडरतें ॥१२९॥ श्रीवल्लभ लीजे मोहि उवारी ॥ या कलिकाल कराल विषमतें लागतहे डर भारी ॥ तृष्णा तरंग उठत भव सिंधुतें डारत किते उछारी ॥ कर्म भंवर मद मत्सर मोकुं दावे देत पतारी ॥ काम क्रोध ओर लोभ मोह जल जंतु रहे मुखफारी ॥ चरणांबुज नोका नहि सूझत वीच अविद्या पहारी ॥ कहो कहां लग करुं विनती विधि न जाय विस्तारी ॥ चरण रेणु सेवकको सेवक कहत हे रसिक पुकारी ॥ १३० ॥ श्रीवल्लभ भले बुरे तोऊ तेरे॥ तुमही हमारी लाज वढाई विनती सुनो प्रभु मेरे ॥ अन्य देव सब रंक भिखारी देखे वहोत घनेरे ॥ हरिप्रताप वल गिनत न काहूं निडर भये सब चेरे ॥ सब त्यज तुम शरणांगत आयो दृढकर चरण गहेरे॥ सूरदास प्रभु तुमारे मिलनते पाये सुखजूघनेरे

॥१३१ राखो तेसे रहूं जेसे तुम राखो तेसे रहूं। जानतहो सुख दुःख सव जनके मुखकर कहाजुं कहूं॥ जेसे ॥ कवहुक भोजन देहो कृपाकर कवहुक भुख सहूं ॥ कवहुक तुरंग चढुं महागज कवहुक भार व॒ ॥जेसे तुम॥ कमल नयन घनश्याम मनोहर अनुच भयो रहूं॥ सूरदास प्रभु भक्त कृपानिधी तुम्हारे चरन ग्रहु ॥ जेसे तुम ॥ १३२ भक्ति लजावन शरण पड्योरी ॥ (टेक) कह्यो कछु ओर नच्यो कछु ओर तातें तिहारे चित उतर्योरी ॥ १ ॥ उंचो मारग हरि भक्तिको,तामारगमें पाव न धर्योरी॥ इंद्रि नेन ना काके वश, जीव्हाके रस खिसल पर्योरी ॥ भक्ति॥ ओर पतित हुते वहोतेरे ताकी छाल लेई मोहे ए घर्योरि॥ सूरदास प्रभु पतित उधारन, विरदकी लाज करोतो करोरी ॥ भक्ति ३॥ १३३ मोसम कोन कुटिल खल कामी ॥ कहा छिपी तुमसें करुणानिध अवके अंतरयामी ॥ तुम तनु दियो तुह्मे विसराये

ऐसो लोन हरामी ॥ तिहारे चरन छोड विमुखनकी नित उठ करत गुलामी ॥ जहां सतसंग होत तहां आलस अधमन संग विश्रामी ॥ भरभर उदर विषय मद पीवत जेसे सूकर ग्रामी ॥ पापी पतित अधम परनिंदक सब पतितन शिर नामी ॥ सूर पतित तुम पतित उद्धारन सुनिये श्रीपति स्वामी ॥ १३४ ॥

माधो यह प्रसाद हो पाउं ॥ तुव भृत्य भृत्य भक्त परिचारक दासको दास कहाउं ॥ यह परमारथ मोहि गुरु सिखायो श्यामा श्यामकी पूजा ॥ यह वासना वसोजिय मेरे देव न देखुं दूजा ॥ परमानंद दास तुम ठाकुर यह नातो जिन टूटो ॥ नंदकुमार यशोदा नंदन हिलमिल प्रीतन छूटो ॥ १३५ ॥

मनमेरो एक तामें आपदा अनेक हे रह्यो न विवेक टेक पर्यो ज्यों विपत्तमें ॥ इत गहे आन्यो एंच काम क्रोध रह्यो खेंच चिरियां चेंहेचाय जेसें वाजकी झपटतें ॥ केसे कर हरि भजु केसे ज्ञान ध्यान

सजु कैसे तेरो नाम लेउं त्रिविध तापकी तपतते ॥ सूर कहे वारवार अवहू करुं पोकार अवमोहे राखो लेहो मायाकी झपटतें ॥ १३६ दुर्वलसो जीव ताके शत्रु अनेक हे केसे रहे टेक कहो कहा कीजीये॥ सुन हो अनाथ नाथ विनती एक करत साथ जीवन सव वृथा जात रंकपर रीझीयें ॥ मनुष्या जन्म पाय श्रीवल्लभ गुन गायो न जाय कालतो योंहीजाय चरनसेवा दीजीये ॥ महाराज कृपाजान उरहुमें दया आन भलो वुरो रसिकको अपनो कर लीजीये ॥ १३७ ॥ श्रीवल्लभ अवतो निभावो मोही॥ वहुत काल भटकत भये मोकुं हाथ न पकरत कोई ॥ ओर जन्ममें पाप पुंजको संचय मेंने कयोंहो ॥ अवतो शरण लियो हे आपको जर जावेगें सोही ॥ वांह गहेकी लाज निभावो अपनो करल्यो मोही॥ दासकी विनती करुणासागर सद्यहि चित्त धरोही ॥ १३८ श्री वल्लभ शरण तुम्हारे आ·

यो ॥ तवतें सुखको सागर उमड्यो सवजग आनंद छायो ॥ वेदपुरान शास्त्र सव खोळये गूढ अर्थ प्रकटायो ॥ व्याससूत्रको करी विवेचन शुद्धाद्वैत वतायो॥ सेवा दीनी श्रीगिरिधरकी दैवी जीव अपनायो ॥ दासकी विनती मोसें पतितको सवही तिमिर नसायो ॥ १३९ ॥ श्रीवल्लभ जेसो हु तेसोई तेरो ॥ पेहेलेको भइ सवही विसारो होय काम तव मेरो ॥ में अपराधी वहुत जन्मको भयो दोषको ढेरो ॥ शरण पर्यो अव सवहि मिटावो राखी लेहो अव नेरो॥ करुणाकीजे करुणा सागर टारो भवको फेरो॥ दासकी विनती मोही निभावो(हूं)अधम आपको चेरो॥१४०॥

अथ विरह के पद ॥ राग विहाग चंद लग्यो दुःख देना ॥ पिया विन चंद लग्यो दुःख देना ॥ तारा गीनत गीनत हूं हारी पलक न लागे चेना॥ पिया विन ॥ कहां वे जमुना पुलिन मनोहर कहां वे सुखकी रेना ॥ सूरदास प्रभु तीहारे दरस वीन वि-

रहनिकुं नहीं चेना ॥ पिया विन ॥ १४१ पिया विन नांहिन परत चित्त चेन ॥ जो पें लागी सोही जानत सांवरेकी सेन ॥पिया विन॥ हरि वीन कछू न सुहाय मेरी सजनी कल न पडे दीनरेन ॥ सूर श्री गोपाल चितवत चुभे मेरे नेन ॥ पिया विन॥ १४२ व्रजके विरही लोग विचारे ॥ विना गोपाल ठगे से ठाडे अति दूवल तन हारे ॥ व्रजके ॥ १ ॥ यह मथुरा काजरकी रेखा जो नीकसे सो कारे ॥ जो कोई कहान कहान कही बोलत अखियन वहत पनारे ॥ व्रजके ॥ २ ॥ मात जसोदा पंथ नोहारत निरखत सांझ सवारे ॥ परमानंद स्वामि विन एसे जेसे चंद्रविन तारे ॥ व्रजके ॥ ३ ॥ १४३ सखी मोये हरि दरसनको चाव॥ सांवरेसुं प्रीत जोरी लाखं लोग रीसाव ॥ सखी मोये हरि॥ श्याम सुंदर कमल लोचन अकल अगनित भाव ॥ सूरके प्रभु सदा राजत सीस रहो के जाव ॥ १४४ केसें

कीजे वेद कह्यो ॥ हरिमुख देखत विधिनिषेधको नाहि न ठोर रह्यो ॥ दुखको मूल सनेह सखीरी सो उर पैठ रह्यो ॥ परमानंद प्रेम सागरमें गिर्यो सो लीनभयो ॥ १४५ गोकुल सब गोपाल उपासी ॥ जो गाहक साधनके उधो सो सब बसत ईशपुर कासी ॥ यद्यपि हरि हम तजी अनाथकरी अब छांडत क्यो रतिकी प्यासी ॥ अपनी सीतलता नहीं छांडत यद्यपि विधुहे राहु ग्रासी ॥ किहि अपराध जोग लिखि पठयो प्रेमभजनतें करत उदासी ॥ परमानंद एसीको विरहिनी मांगे मुक्ति छांडि गुण रासी ॥ १४६ उधो श्याम सनेही काको ॥ हम कहापें कर पछतावे भयो न यशोदा माको ॥ दूध पाय कियो वड ढोटा गुन नही माने ताको ॥ सूरदास प्रभु हम कहा करहें भाग्य वडे कुबजाको ॥ १४७ वलि वलि वलि हो कुंवरि राधिका नंदसुवन जासो रति मानी ॥ वे चतुर तुम चतुर शिरो-

मणि प्रीतकरी केसे रही छानी ॥ वे जु धरत तन कनक पीत पट सो तो सवे तेरी गति ठानी ॥ ते पुनि श्याम सहज वे शोभा अंवर मिस अपने उर आनी ॥ पुलकित अंग अति व्हे आयो निरखि निरखि जिन देह सयानी ॥ सूर सुजान सखीको बूझत प्रेम प्रकास भयो विहसानी ॥ १४८ ॥

तुम गोपाल मोसों वहोत करी नरदेही समरणको दीनी, मों पापीसों कछु न सरी. तुम (१) गर्भवास अति त्रास उंधे मुख, ताहु तें मेरी सुद्ध वीसरी; जठराग्नी ज्वर तें राख्यो, कमलनसें मेरी देह घडी॥ तुम (२) कहा वरनो अपराधी जनमको, आदी अंत तुमसो वीगडी; सूरदास प्रभु पतित पावनहो, वीरदकी लाजग्रही ॥ तुम. (३)

समाप्त.

ब्रज–वृन्दावन निवासी, श्रीयुगल स्वरूपना प्रेमरस विरही भक्त महानुभवी "श्रीललित किशोरीजी"नां विरह भावनानां–दीनता आश्रयनां रस रसिक कीर्तनोनो संग्रह ॥

॥ राग भैरवी ॥ गुण औगुणको लेखो म्हारो लाडिली निहारोना ॥ जाणैंगे महाजन सारे खोखी खोटी कोठी म्हांकी जोपें थेंजी हुंडीपैं डारोगी सकारोना ॥१॥ साही बीच वट्टो लागे दासीपणे हांसी थाकी । ललीत कीशोरी भीणां राधेजो सम्हारोना ॥ खातो ब्योढो करि काछेजी ब्रज वसवाकी मुहरां दीजै हा हा म्हारी मानौ अरजी वाकीको विचारोना ॥२॥ १ राधा वल्लभ नैन अनीसों नैन हमारे अटके॥ अभिरिपरे हठि उमगि रहे ना रोकें घूंघट पटके ॥१॥ फंसी गये फंदन ललित किशोरी वारवार लट लटके ॥ देखोवीर सूरता इनकी विधत नैक ना मटके ॥२॥ २ प्यारीजू कौन तिहारी खोट । मोसौं

बनी न कछु वै स्वामिनि हो औगुनकी मोट ॥ श्रवन दरस दिखायके राधे, मेटो जियकी चोट ॥ ललित किशोरीको अपनावहुं गही तिहारी ओट ॥२॥ ३ बोलौ बन राधे सुख रासी ॥ मेरे औगुन कितेक लाडिली तुम अपार करुनाकी रासी ॥१॥ ललित किशोरी तजौ न मोको चहुं ओर व्है है तुंव हांसी ॥ व्है दासी तोरी श्रीस्वामिनि होत नही अब आन खवासी ॥२॥ ४ ॥ दोहा ॥ भृमरी व्हें कब डोलिहौं, श्रीवृंदावन गैल ॥ पदपकज मकरंदरस, पैहौं दोउ छैल ॥ १ ॥ दीनेयह सोच कहा व्है है कौंन मेरीगति ॥ जोपैं दीनबंधु होतो आपुही उवारियो ॥१॥ हों तो अजयान तुम रावरी सुजान मोहि, साधुहूं असाधु अंधकुपसो निकारिहो ॥२॥ हो तो निरंदुदभइ जानि लइ एकदिना ॥ ललित किशोरी दया द्रष्टिसो निहारी हों ॥ ३ ॥ द्वारेपें बुलायके तो तारेजी अनेक पर ॥ जानौगी सनेह जबें गेह आय

तारिहों ॥४॥ ५ जीला रहो प्रान कै जाउं सखी वृंदावन कुंजैं लेखैंगे ॥ येक न मानैं कहा किसीका नामरेख उर रेखैंगे ॥१॥ छके रहैं छवि ललित माधुरी लीला गुनन विशेषैंगे ॥ ललित किशोरी नेम यही द्रढ कुंजविहारी देखैंगे ॥२॥ ६ श्रीवृंदावन वास दीजीये यही हमारी आशा है ॥ जमुना कूलन छांह माधुरी जहां रसिकोंका वासा है ॥१॥ सेवा कुंज मनोहर सुंदर यकरस बारोंमासा है ॥ ललित किशोरीका दिल बेकल जुगुल रूपरस प्यासा है ॥२॥७ राग मालकोस भानकी दुलारी घूंघरारी पांति केश अलि ॥ सुंदर विहारी गलबांह लाय घेरियो ॥ वृंदावन क्यारी फुलवारी सुखकारी जहां ॥ तहांमोहि वास दैकै संकट निवेरियो ॥ १ ॥ भइहों भिखारी भीख मांगों यह दुखारी है ॥ सुनियो हमारी टेर अरजी न फेरीयो ॥ तोपें वलिहारी वारी ललित किशोरी प्यारी ॥ हा हा अवारी होत मेरी

ओर हेरियो ॥२॥ ८ ॥ दोहा ॥ सुमन वाटिका विपिनमें व्है हों कवहुं फुल ॥ कोमल कर दोउ भामतें, धरिहैं वीनिदुकूल ॥ १ ॥ सुनियो श्यामा श्यामजु, चित दै मेरी टेर ॥ ललित किशोरी लाडिले, अवजिन करहुं अवेर ॥२॥ ९ राग देश अव विलंव जीनि करो लाडिली कृपा द्रष्टि टुक हेरो ॥ जमुना पुलिन गलिन गहिवरकी विचरो सांझ सवेरो ॥१॥ निशदिन निरखों जुगल माधुरी रसीकनतें भट भेरो ॥ ललित किशोरी तन मन अकुलित श्रीवन चहत वसेरो ॥२॥ १० गैल श्रीवृंदावनकी गहिये ॥ सेवाकुंज कौनेमें वैठे जुगुल लाल छवि लहिये ॥१॥ रसिकनके पग चांपि हुलसिये श्याम गौर मुख कहिये ॥ ललित किशोरी जाविधि राखैं ताही विधिमन रहिये ॥२॥ ११ कहो कभी उस मजलिसमें मेरी भीयाद होती हैं ॥ जीसमें राधा कृष्ण विराजैं सखीयन जगमग जोती हैं ॥१॥ ललित किशोरीसे कहीयो

कोइ पडो दुवारे रोतीहें ॥ कहती हैं वे देरस दासिकी मिट्टि वरवाद होती है ॥२॥ १२ कमल नयन मन मोहनकों कोइ आन मिलावैरी॥वोरकोसों दासीमें वाको तनकी तवत बुझावैरी ॥१॥ ललित किशोरी के गरवाहीं वंसी मधुर वजावैरी ॥ श्रीवृंदावन सघन कुंजतर अखियन सुख दरसावैरी ॥२॥ १३ जानत कोंन पराये मनकी ॥ लोग कहैं सखी भइ वावरी वह आशिक आनंद घनकी ॥१॥ छिरकी गुलाव जगावें मुरख हिय लगो चोट चितवनकी ॥ ललित किशोरी तजी कुलकानौं अलि डोलत भइ वन वनकी ॥२॥ १४ अधम उधारन धांक तिहारी ॥ पतितन वीच चक्रवर्ति हों पापिन मध्य हों तिलक धारी ॥१॥ सहजहि वन्यो वनाव भांति सव अव विलंव का क्यों प्यारी॥ करुना करी वनवास दीजीये ललितकिशोरी वलिहारी ॥२। १५ भक्तमालमें यह कथा काहु कपट चलाय ॥ वपुधार्यो हो भक्तको तैसोइ रखो

लजाय ॥ राधे राधेश्याम भज भज श्रीस्यामा स्याम ॥ वा रस छीन मन मगन रहुं निशिदिशी आठो जाम ॥ श्रीगुरुचरन संवार मन चित दै मेरी मान ॥ ललित लडैती लाल छवि निश्चै हियरे आन ॥१॥ १६ कृष्ण चंद्रमारूपको श्रीवृंदावन कुंज द्रगनविलोकै किनि सखी चलछवि आनंद पुंज ॥ कठिन कठिन अति कठिन है रंगभूमि रस प्रेम ॥ परैन पग पाछे भटू सुमरि जात निज नेम ॥ गोपीवल्लभ लालकी छिन छिन छवि द्रग देखि ॥ श्रीवृंदावन कुंज उर मूरति मधुरी पेखि ॥२॥ १७ श्रीवृंदावन रेणुको मरम न पावै कोय । मिलै रसिक युग चंद्रमा द्रढकर खोंजे जोय ॥ श्री वृंदावन रेनुका लुंढत रूरै मुख मांह । चल सखी वेग वटोरीये यह सुख निधुवन छांह ॥ श्री वृंदावन बैठके करे भावना चीत्त । सैंति सैंति मनमेधरे ज्यों दारिद्री वित्त । श्री वृंदावन रेनुंके छापे अंग न छाप ॥ कदम कुंजतर बैठके श्यामा श्याम अलाप । श्रीवन श्रीवन कहुं

सखी श्रीवन श्रीवन बोल॥श्रीवन श्रीवन सांच कहुं श्रीवन राख ठठोल। श्री वृंदावन कुंजमें राधा रम्मन लाल॥ यकटक नैनन हेरिये ललित त्रिभग गुपाल। श्री वृंदावन राधीका वंक विहारीलाल। चल सखी लख नैना झूके पुरे रेशम जाल॥ श्री वृंदावन वासकी आस करत मनमांह। गहत गैल प्रतिकुल चित कठिन कुंज द्रुमछांह॥ १८ अखीयनकी सखी तपत नसावौ॥ मूरख वैद मरम कहा जानै याको जमुना धार वहावौ॥ तवाखीर आदिक वतलावै ललित क्रिसोरी ख्याल न लावौ॥ इनको यही ईलाज विहारीके रूप सुधारस प्याले प्यावौ॥२॥१९ कवहु पुनि वृंदावन कुंजन लतान तरे॥ लाडिलीके सग स्याम नाचत सिहायकै॥१॥ थेईथेई ताधि लांग नूपुरको सोर होत॥मोहिलेत गोपिकान नैनन नचायकै॥ ललित किसोरीलाल करिकें त्रीभंग अंग॥ धरि अधरान तान माधुरी सुनायके॥ ऐसिहि वि-

तैहौ विन वंसीवट देखद्रग ॥ फेरिकै रिझैहौ कवौ वांसुरी वजायकै ॥३॥ २० जगमें कौंन आलसी मोसी ॥ विन सेवा मन साधु पुरावे करुनामय को तोसी ॥ १ ॥ सकुचन लागत पावत नोसदीन पातर नीत्त परोसी ॥ जनम जनमतें ललीत कीसोरी पद मकरंद सों पोपी ॥ २ ॥ २१ कवधौं कृपा लाडीली व्हे हैं श्रीवन मांहि वसौंरी ॥ श्यामाश्याम महा छवी अनुपम इन नैनन निरखौंरि ॥१॥ दैगल वांह जुगुलवर राजें हों यह सुखै लहौंरी ॥ सुनियो देर कृपानिधि राधे पुनिपुनि विनै कहौंरी ॥ २ ॥ २२ अखियां रुप सुधा मद माती ॥ टेक ॥ विन देखे वह जुगुल सुघर छवी वहुआतुर अकुलाती ॥१॥ वानि परी रति चरनकमलकी अव कैसे सचुपाती ॥ ललित माधुरी दरसन दीजै वाहीको ललसातीं ॥ २ ॥ २३ हे स्वामिनि ! श्रीकुंज विहारिनी ! वेगि खवरि मेरी लीजें ॥ सेवा रीति कछू नहि जानों चुक छिमा

करी दीजै ॥१॥ अति आधीन दीन रटि टेरौं चित दै यह सुनि लीजै ॥ ललितकिसोरी कुंज निकुंजन रज अधिकारी कीजै ॥ १ ॥ २४ हे घनश्याम कुंवर सुंदरवर गौरांगो वृखभान किशोरी ॥जा छवी नीरखी नील नीरदवर विज्जुलता लज्जीत मुख मोरी ॥१॥ हौं चातक तुव कृपा स्वाति बुंद पुरवहु आसा मानि निहोरी ॥ श्रीवनवास वसैं हियमांही गौर श्याम सुंदरवर जोरी॥२॥ २५ सारंग कवलौं पतितन पांति जैयहै ॥ अब मिल रसीकन जाति मूढ मन सरवस विमुखन संग खोय है ॥१॥ मेरी मान जुगुलपग तलरज जो निकुंजके द्वार सेइ है॥ ललित किशोरी नित्य झरोखे मोर मुकुटकी झलक जोय है ॥२॥ २६ कवलौं पतितन मुकुट कहै है ॥ पद सरोज भज निसिदिन अवहुं कै मन याहू जन मन सैहै ॥१॥ श्रीवृंदावन पाय मूढमन ललित किशोरी जो भरमै है ॥ रतन अमोलक छांडि छली तौं काची

गुंजा को ललचैहै ॥२॥ २७ ललित गोरी प्यारी मुहीं दीजे श्रीवृंदावन वास ॥ छीन प्रती नव अनुराग वढत जहां भक्त प्रेम रस रास ॥१॥ अटिवन विथिन मगन रहों मन मिलन जुगुल द्रढ आस ॥ ललित माधुरी दरस सुधा विन मरत हैं लोचन प्यास ॥२॥ २८ जपों जुगुल नित नाम सुछिन पल वसों सदा वृंदावन खोरी॥ छापों छाप अंग व्रजरजकी भ्रमत रहों कुंजनकीओरी ॥१॥ आसरो आस वासन मेरे द्रढ करि मन यह ललित किशोरी ॥ रहो चैतन्य चंद्र चितामणी चरण चारुनख चंद्र चकोरी ॥१॥ २९ जेजेवंती येही मेरी विनय राधे लागै लगन वृंदावन वास दीजें येहोश्री लडैतीजु ॥ झारीवं करोमैं तेरो भोरतें अंगन ॥ ललितकिशोरी तेरी चेरिनकी चेरीहों जूठनको पाय नित रहो जु मगन । वसि रही लालमन भीनी नखचंद दुति हेरिवो करौं तेरे कंजसे पगन ॥२॥ ३० रा. काफी मिलन

वे महिबुब विहारि ॥ भोरभये वृंदावन कुंजे जाना होकर गली हमारी ॥१॥ मृदु मुसकन सानूदिल विच मोंदी झमक चलन नूपुर धुनि प्यारी ॥ ललित किशोरी सांवरी सुरति घुंघरी अलकों पर वलिहारी ॥२॥ ३१ हों पापिनमें भान सरन तुव चरनन ॥ मोंरे उदय होत सब अथये अधम पतित ससिहू तारागन ॥१॥ तपत रहत नित विषय वासना सीतल करो छिरक करुनाकन॥ ललित किसोरी मान निहोरी दीजे वास वेगि वृंदावन ॥२॥ ३२ वेगि कृपाकरी कुंवरी स्वामिनि वृंदाविपिन वसावो ॥१॥ राधाकुंड निकुंज मनोहर तहां दुउ सचुपावो ॥२॥ प्रीति विवस रसरितीसो पूरन नूतन नेह उपावो ॥३॥ नेक अधर मुसकाय माधुरी मोहन चितही चुरावो ॥४॥ लै वीरी प्रिय करही आपने लालन मुखहि खवावो ॥५॥ दोउभुज मेली मुकुर निहारो लोल कपोल मिलावो ॥६॥ अरस परस अधरामृत पीवत हास विलास

झुलना छांट राधाकृष्ण नामकी गठरी बांधे कहु कहां डटा ॥ अडा सत गुरुसंग नीकस चलनातो लुंटी जावैगा खडा खडा ॥१॥ ललित किसोरी श्रीवृंदावन दरसन वीन चित सोच बडा ॥ धौंसाकुंच बजारे मनुआं सोता क्या अलमस्त पडा ॥ २ ॥ ४१ पुरवी नैनन कबै निकुंज देखिहौं ॥ यकपग जावक लाल लगावत दुजे पगहो चित्र रेखिहौं ॥१॥ प्यारि अनखो झटकी प्यारेसों देत मोहि निज भाग पेखी हों ॥ ललित कीसोरी चरन चूमि हरिचिरियां करि-करि लेत लेखी हो ॥२॥ ४२ हाहा कृपा कीशोरी करिये ॥ निरमल करी अंतसपुर प्यारो मो दुरमती परि हरिये ॥ १ ॥ विपै मलीन छीन छीन छीन मन विपत्ति पर्यो ना मसकै ॥ देहु दंड द्रगनंक अन्तसो लोटपोट व्हैसिसकै ॥२॥ मृदु मुसक्यान सुधा दै पोपौ वलि वरदानै पावै ॥ ललित किसोरी लाल रसीक गुन अधमा वरनि सुनावै ॥ ३ ॥ ४३ ये अभि-

लाय लडैती मोरी ॥ तुम लालन संग मुदित विराजौ मोहि करौ मुखचंद चकोरी ॥१॥ देहु कृपा करि वेगि छबीली ललित किसोरी मान निहोरी ॥ निस दिन नित निकुंज भवनमें हाजर रहों वृखभान किसोरी ॥२॥४४ रा. परज जुगल छवी स्वांति चातकी अँखीयां ॥ वृंदाविपिन वदरियातें सखी वरसन कृपा परखीयां ॥१॥ गौर श्याम छवी रूपवुंद हित आतुर त्रपित विलखीयां ॥ ललित किसोरी फरफरात नीत आकुल पंख निमिखियां ॥२॥ ४५ श्री वृंदावन आन छवीली मोहन छवी उर लेखतहौं ॥ लता ल-तारस कुंज माधुरी ईन अखीयनसों पेखत हों ॥ १ ॥ कालिंदी पय पान करत रज नाम अंगअंग लेखत हों ॥ ललित किसोरी वनी सबै अब वाट रावरी देखत हों ॥ २ ॥ ४६ अहो विहारिनि ललित लडैती मम अपराध न मनमें धारो ॥ अपनी जानि मानि दासी वलि कृपाविलोकनि नेक निहारो ॥ १ ॥ श्री

वनकुंज कुटीर कोनेमें ललित किसोरी मोकों डारो ॥ करुनासिंधु अगाधे राधे विगरीको अव वेगि सम्हारो ॥२॥ ४७ अहो लडैत्ती प्राण पियारी श्रीवन कवै वसावोगी॥ रसिकराय पीतमसंग राधे मधुरीतान सुनावोगी ॥१॥ दोना ललित कदमके मांहीं दधि मेरे कर पावोगी ॥ ललित किसोरी लालन, मुख दै जुठन मुहूं खवावोगी ॥२॥ ४८ कोई गुरुजन

वोई करे नित कुकरसे पौर अरै ॥ ३ ॥ ललीत कि-
सोरी प्रीय प्रसादहुन पावैजें ॥ राम करै सारे ऐसे
सपनेन द्रष्टि परे ॥४॥ ५० खार छार फलफुल
पत्र द्रुम कदम करिल करि ढांख पलासा ॥ मरकट
भृंग मयूर पतंग अलि सूकर खर करि जमुनके पासा
॥१॥ कृपा भरी अखियन अवलोकहु अपनावहु जनि
करौं निरासा ॥ ललित किसोरी तृण अणु करिकैं
देहु विहारि निकुंज निवासा ॥ २ ॥ ५१ श्री
वृंदावन कुंजलता क्यों नैनोंको दरसाइये ना ॥ रास
विलास रंग कनि मेरे हियरेमें सरसाइये ना ॥ १ ॥
ललित किसोरी लाल विनति सुनिवेमें अरसाइये ना
॥ हाहा टुक मुसक्याय हेरिये जियराकों तरसाइये ना
॥२॥ ५२ राग. खीमटा--गोरनारी मनुआं
सोनेकी तज़ि घातैं ॥ जुगललाल गुन गाव नीरंतर
भोर भये क्या रातैं ॥ १ ॥ ललित किसोरी खोवै
गाजो वैस सदां अर सातैं ॥ अंत समय वृंदावन

घुसतैं खावैगा जम लातैं॥ २॥ ५३ सोय सोय सब काम वीगारा ॥ गौर श्याम रस रूप न चाखा जुगुल लाल अस नाम विसारा॥१॥ ललित किसोरी श्री वृंदावन सोधनहुं ना चित सम्हारा ॥ चेत चेत वे मूरख मनुआं जीती वाजी जाता हारा ॥ २ ॥ ५४ मलुवां सोने से ना हारा ॥ वाजी वैस हरी जो ललनहि नंदलालहिं न सिंगारा॥१॥ अजहूं कहा मानिले मेरा तुरत होत निस्तारा॥ ललित किशोरी चल वृंदावन पक्कोहैं पौवारा॥२॥ ५५ राग इमन राधा मोहन मोतन हेरो ॥ मति सकुचाव नैन मति सरमों चितवन चकितन फेरो ॥१॥ विसरी वतियन मुख नहिं धरिहों वृथाहिं करत अवसेरो॥ललित किशोरी देहु कृपा करि श्रीवन मांहि वसेरो ॥२॥ ५६ प्यारोजु मोतन हुं टुक हेरो ॥ टेक ॥ श्रीवन द्रुमन लतनके नीचे रसमय चहों गान गुन तेरो ॥१॥ आनुन जानो अन्य न मानो तोही कृपापद साधन मेरो

॥ ललित माधुरी आस पुरावो अब जीन करौं हहा अवसेरो ॥२॥ ५७ कृपा करो मोपर व्रजललना ॥ मन अली बीन अरविंद चरणरज धरत छीनहुं कलना ॥१॥ मुहिं विसरे कहु कहा सरैगी ऐसी न चित्त धरना ॥ ललित माधुरी आस दरस व्रत कैसीहुं नाटरना ॥ २ ॥ ५८ तेगकी धारतरे शिर धरिकै घोंटीकैं वेगि हलाहल पीजिये ॥ फांसी लाय कंठमें कसिकैं सांपके मुहडे आंगुरी दीजिये ॥ १ ॥ गिरिये गिरितें येरी भटु जल गंगमें बूडि हिवारे सीजिये ॥ ललित किशोरी लाल विरहमें कोटि जतन करि नाहिंने जीजिये ॥ २ ॥ ५९ नंदनंदन नित कुंज विहारी ॥ झारत रहत रेंनु पदपंकज भानु सुता सेवा अधिकारी ॥१॥ यदुवंशी बल मथुरा महीमां द्वारावती जीनहिं रुचिकारी ॥ तिनसों बुझ बावरी मेरे ललित कीशोरी प्रान अधारी ॥२॥ ६० कब इनद्रगन निकुंजन हेरौं ॥टेक॥ सखियन जूथ लाडि-

लीके संग नंदकिशोरे कुंजन घेरो ॥१॥ झटपत झपट लपट नागर नट देकर कूक स्वामिनी टेरौं ॥ ललित किशोरी तृण लालन मुख दै राधेके पायन गेरौं ॥२॥ ६१ राग विहाग विन देखे वृंदावन राधे कवलौं याही भांति वितै हौ॥ पैहौं वास पास वंसीवट कवधौं चीतवन कृपा चितै हौं ॥ १ ॥ गरवांही दै मोहनके संग मिल हौं कवकरि दया हितै हौं ॥ ललित किशोरी प्राण पथिक उत चलन चहत युत पिया चितै हौं ॥ २ ॥ ६२ माधुरी अधर वींव दामिनिदशन द्युत गौर श्याम अंगकी तरंग मनलहुरे ॥ वंसीवट तीरवीर सीतल समीर मंद राधिका गुविंद संग वृंदावन रहु रे ॥ रेशमकी डोरि द्रुम डारि हिंडोर दोउ झोंकके वढायवेको छोर तुहू गहुरे॥ ललित किशोरी सुन राधिका गुपाल धुनि जोपें सुख लूटो चाहे राधा कृष्ण कहुं रे ॥२॥ ६३ पढ पढ सव पानीमें वोरो ॥ जोपें जुगल

किशोरी रूप रस चूर चूर कर चितना घोरो ॥ १ ॥ चतुराइ अति धूर कूर अली जो निज प्रितम नाहिं निहोरो ॥ ललित किशोरी विन दिलदारे वीर अकारथ जोवन जोरो ॥२॥ ६४ सींच रूप रस नवल नवेलि ॥ फिरि संताप कामना अहैं सूखी गये पर आयुहु वेली ॥१॥ ललित किशोरी चतुराइ सो फूले फलै रहै अलबेली ॥ जुगुल नामकी वार रोंपकै घर वृंदावन धर सहेली ॥२॥ ६५ क्योंन मूढमति वेग संवारै ॥ जुगुल नाम पतवार वावरी मानस हाथ न द्रढ करि धारै ॥ १ ॥ ललित किशोरी सतगुरुसों मिलि रहु जो वुडत आन उवारे ॥ पानी चढत सीसतें सजनी फीरी को केवट नाव पुकारै ॥ २ ॥ ६६ जंगला प्यारीजु कवे निकुंज देखैहो ॥ अपने मोहन रसीक लालकी मृदु मुसिक्यान लखै हों ॥१॥ चांपत चरन छवीलो छलसों तुम हुं करि अनखै हो ॥ ललित किशोरी शरद रैनमें वलिवा रसै

चखे हौ ॥२॥ ६७ स्वामिनि मैं पतितन शिरमौर ॥टेक॥ समुझ वुझ तम कूप परतहौं मोसम नीच न और ॥१॥ चरणकमलकी आस त्रासवन देतकरौं जनिगौर ॥ललित किशोरी वेगिनिवाजौ विनती लग मो दौर ॥२॥ ६८ स्वामिनि हौं पतितन शिरताज ॥ तेरी जगत कहाय विमुख ज्यों डोलत लगत न लाज ॥१॥ श्रीवन वेगि वसाय उवारो नाहिन परम अकाज ॥ ललित किशोरी विषै सिंधु महं बूडत वैस जहाज ॥१॥ ६९ राग जीला श्रीवृंदावन रज दरसावै सोइ हितू हमारा है ॥टेक॥ राधामोहन छवी छकावै सोइ प्रीतम प्यारा है ॥ १ ॥ कालिंदी जल पान करावै सो उपकारी सारा है ॥ ललित किशोरी जुगुल मिलावै सो अखियोंका तारा है॥२॥ ७० बहुत दीवस वीते विन देखे अववियोग कैसिहु नहि सहि है ॥ भानुकुंवरि नंदलाल विना अलि कोटि जनत करी धीर न गहि है ॥१॥ अति अकुलात उड-

नको बैठो कछुक दिनाजो औरन लहि हैं ॥ ललित किशोरी तन पींजरा तें पक्षी प्रान न रोके रहि हैं ॥२॥ ७१ श्रीवनवासकी आसकरों वीश्वास करों जुगनामके माहीं ॥ संतनको सतसंग करों अंगरंग रंगो जीहिं जुगुल मिलाहीं ॥१॥ गौरस्याम मदमत्त रहों द्रगछीन छीन दरसनको ललचाहीं ॥ बालगुविंद छकों छविसों तब ललित कीसोरी नैन सिराहीं ॥ २॥ ७२ राग झींझोटी गोरीवर कमल नयन स्वामिनि सुनमोरी विहरतनित नवलकुंज अलिनी गुंजार करै ॥१॥ झुमी झुमो लता मुंज आई चहुं ओरी ॥ सुंदर नव तरुण श्याम चुडामणि कांती काम ॥ नागर नट कंठ भुजा मुसकन मुख थोरी ॥ कंजसे पगन पास दोजीये निवास अली ॥ करिकै उर आस यहै ललित नवकिशोरी ॥२॥ ७३ प्यारीलाल तुमपें मैं वलि जाउं । श्री वनमांहिं निरंतर वसिके तुमरोइ गुनगाउं ॥१॥ चरन निहोरि कहो करजोरो यह मांगें

होपाउं ॥ ललित माधुरी निरखि जुगल छवी मनकी साध पुराउं ॥२॥ ७४ पतितन तारवेकी घरी ॥टेक.॥ रहीन ठोर कुंजकी गलीयन पापिन भीर भरी ॥१॥ ललित किसोरी नींद विवस सब निसितें द्वार अरी ॥ पहिली नजर करें मो मुंजरा कलगी शीसधरी ॥२॥ राधा गोविंद पद सरोजरति लपटी धूरि परी ॥ अववकशीस इसमुहिंदीजें वृंदावन डगरी ॥३॥ ७५ राधा रमणचरण जो पाउं सुकसमान द्रढ करगहि राखौं । नलिनी सम दुलराउं ॥१॥ सौरभ जुत मकरंद कमलवर सीतलहीये लगाउं ॥ विरह जनितद्रग तपनि किशोरी सहजै निरखि नसाउं ॥२॥ ७६ मोसम कौंन अधम जग माहिं॥भ्रमत रहतनीत विपयवासना तजी निधुवन द्रुम वेलिनछांहीं ॥१॥ चिंतनकरत न ललित कीसोरी जुगुललाल दीन्हें गरवांही ॥ निरतत नवल नागरी ललना लालन करत मुकुटपर छांहीं ॥२॥ ७७

मन मधुकर व्है यह मतराख श्रीवनसर दंपति अंग अंबुज छवी मकरंदही चाख ॥१॥ नाना सुमन कुरंग कुगंधित जगसोंमतअभिलाख॥ ललित किशोरी मृदुधुनी राधा रसिक विहारी भाख ॥२॥ ७८ जानत आप सहस जुग जीहै ॥ अवतो चाखि लेहुं सुख लौकीक फेरि जुगुल छवि पीहैं ॥१॥ मानों वापकी धरी धरोहर हर जवचाहेलैलो हैं ॥ ललित किशोरी तार तार जवहो तव अंगीया सीहै ॥२॥ ७९ मोसम कौन अधरमी वीर ॥ मिहिलाल ललना की वातें भनत विरहकी उठत नपीर ॥१॥ अति कठोर डर ललीत कीशोरी नैन वैन जीमी लगत न तीर ॥ श्रवन परत वृंदावनवानी धिकधिक पुनि सुधि रहत शरीर ॥२॥ ८० मलार निरखें कवधों नैना मोर । कुह कत मोर घटा उनइ लखी नाचत तिन संग नवलकीशोर ॥१॥ गावत राग मलार लडैती मोहन करत वंसीकी घोर ॥ चटकन अंग नयनकी

मटकन ललित किशोरीकी चितचोर ॥२॥ ८१ राग. अल्हैया गइ दधि वेंचन आप विकानी। भइभेंट गोवर्धन ग्वैंडे श्यामसुंदर मुखदेखि लुभानी ॥१॥ भये नैन द्रग मोरचंद्रिका चितवत छवि पलकैं न दुरानी ॥ ललित किशोरी चित्र लिखीसी मोलतोल दधिदुध भुलानी ॥२॥ ८२ हों न भइ ब्रजमुर अलीरी ॥ गौरश्याम छवी द्रगभरिलेती परती पायन घूरिगलीरी ॥१॥ ललित किशोरी श्याम नामधुनि सुनती कानन पूरि भलीरी ॥ मुख पंकज चखरूप माधुरी रहिती छक चकचूर अलीरी ॥२॥ ८३ करौं वेगि वृंदावनवासी ।।टेक।। भालतिलक कंठोके नाते कृपा विचारो करुणा रासो ॥१॥ ललित किशोरी दुःख न देखौं मिलवौं संतन कुंज निवासी ॥ रुप मंजरी लाज तुमैं यह जानत जग चैतन्य उपासो ॥२॥ ८४ चेती गौरी गोखुर रेणु रमण रेतीकी उडिउडि मम अंग अंग रुरैगि । शोभाकुंज कुलका-

लीदि कालिदह रुन नैन फुरैगि ॥१॥ गहवर छांह भजनको बैठो लतावेलि द्रुम शिस ढुरैगि॥ललित किशोरि जुगुल रसीकवर निरखौं कब मम आस पुरैगि ॥२॥ ८५ जमुना पुलिन कुज गह्विरको कोकील व्हें द्रम कूक मचावौं ॥ पदपंकज प्रीयलाल मधुप व्हें मधुरी मधुरी गुंज सुनावौं ॥१॥ कूकरि व्हें वनविथीन डोलौं वचे सीथ रसीकनके पावौं ॥ ललित किशोरी आस यहे मम ब्रजरज तजी छिन अनत न जावौं ॥२॥ ८६ दोहा निधुवन द्रुम डारिन कवैं, व्हें हों पक्षीकोर ॥ राधा रम्मन लालको, रटि रटि होहुं अधीर ॥१॥ राग घाटौं अवतो वसी हृदै मो माही ब्रजरज नेह लगैये ॥ नाते नेह लोकके जे ते ते मझधार वहैये ॥१॥ अहो किशोरी कहौं निहोरी मोहूतन चित लैये ॥ ललित माधुरी येही चाहत हौं जुगुल चरण दरसैये ॥२॥ ८७ गुनकली भान कुंवरि अब जिनि वहिरैये ॥ चुक अचूक परी

मटकन ललित किशोरीकी चितचोर ॥२॥ ८१
राग. अल्हैया गइ दधि वेंचन आप विकानी।
भइभेंट गोवर्धन ग्वैंडे श्यामसुंदर मुखदेखि लुभानी
॥१॥ भये नैन द्रग मोरचंद्रिका चितवत छवि पलकैं
न दुरानी ॥ ललित किशोरी चित्र लिखीसी मोलतोल
दधिदुध भुलानी ॥२॥ ८२ हों न भइ व्रजमुर
अलीरी ॥ गौरश्याम छवी द्रगभरिलेती परती पायन
घूरिगलीरी ॥१॥ ललित किशोरी श्याम नामधुनि
सुनती कानन पूरि भलीरी ॥ मुख पंकज चखरूप
माधुरी रहिती छक चकचूर अलीरी ॥२॥ ८३
करौं वेगि वृंदावनवासी ॥टेक॥ भालतिलक कंठोके नाते
कृपा विचारो करुणा रासो ॥१॥ ललित किशोरी
दुःख न देखौं मिलवौं संतन कुंज निवासी ॥ रुप मंजरी
लाज तुमैं यह जानत जग चैतन्य उपासी ॥२॥ ८४
चेती गौरी गोखुर रेणु रमण रेतीकी
उडिउडि मम अंग अंग रुरैंगि । शोभाकुंज कुलका-

लींदि कालिदह रुन नैन फुरैंगि॥१॥ गहवर छांह भजनको बैठों लतावेलि द्रुम शिस ढुरैंगि॥ललित किशोरि जुगुल रसीकवर निरखौं कब मम आस पुरैंगि ॥२॥

८५ जमुना पुलिन कुंज गहिवरको कोकील व्हें द्रुम कूक मचावौं ॥ पदपंकज प्रीयलाल मधुप व्हें मधुरी मधुरी गुंज सुनावौं ।।१।। कूकरि व्हें वनविथीन डोलौं वचे सीथ रसीकनके पावौं ॥ ललित किशोरी आस यहै मम व्रजरज तजी छिन अनत न जावौं ।।२।।

८६ दोहा निधुवन द्रुम डारिन कवैं, व्हें हों पक्षीकोर ॥ राधा रम्मन लालको, रटि रटि होंहुं अधीर ।।१।। राग घाटों अवतो वसी हृदे मो माही व्रजरज नेह लगैये ॥ नाते नेह लोकके जे ते ते मझधार वहैये ।।१।। अहो किशोरी कहौं निहोरी मोहूतन चित लैये ॥ ललित माधुरी येही चाहत हों जुगुल चरण दरसैये ।।२।।

८७ गुनकली भान कुंवरि अव जिनि वहिरैये ॥ चुक अचूक परी

जोजनतें तापर दृष्टी कहा ठहिरैये ॥१॥ करुना करन सुन्यो हे तुव प्रण सो मत आन वान विसरैये ॥ दे कृपा करि ललित माधुरी श्रीवन आनंद लूटत रहिये ॥२॥ ८८ राग छाटों मानो आन पितर देवीकी जुगुल माधुरी लेहु निहारी ॥ सुतसौगंधकी कानी जानीके सुनो कथा श्यामा वनवारी ॥१॥ ललित किशोरी लालसों नेह । करो धरो उर सीख हमारी ॥ पत्नि इष्टकी सोंह तुमैं श्रीराधा कृष्ण कहो यक वारी ॥२॥ ८९ राग सोरठी राधे वहुत भइ अब माफ करो ॥टेक॥ श्रीवृंदावन सुख दरसा वहु उक चुक उरमें न धरो ॥१॥ अपनो करि जन नाहिं नीवारो ता प्रणतें अवहू न टरो ॥ ललित किशोरी गिनं न औगुन निज करुनाको टरनिटरो ॥२॥ ९० रेखता चकोरी चख हमारे हे तिहारे चांदसे मुखपें ॥ छुटे विखरेसे वालोंको संभालोगे तो क्य होगा ॥१॥ नहो कुछ हमको है शिकवा अगर तुम

प्रीती वीसराइ ॥ जरा टुक नैंन उंचे कर नीहारोगे तो क्या होगा ॥२॥ धरि शिर जल भरी गगरी छुटी सखी संगकी सगरी ॥ हमन ग्रीवा लचक मिहरि उतारोगे तो क्या होगा ॥३॥हमन घर दुरी जाना हौ झुकी घनघोर अंधियारी ॥ डगर डाबर भरे जलसों जो तारोगे तो क्या होगा ॥४॥ ९१ मारे सर्वस्त्र श्री वल्लभवर, हुं छुं एउनी दासीरे; वीहुं नहि हुं वीजा कोईथो, लोक करे कोन हांसीरे. मारे. (१) एउने चरणे प्रित वंधाणी, तोडावी नव तूटेरे; वांधेली ए पटोळे गांठी, छोडावी नव छुटेरे. मारे (२) लोपी लाज लोक कुळनी में, भली बुरी हुंतो एउनीरे; कहे हरिदास जे एउना, चरण रेणुं हुंतो एउनीरे. मारे (३) ९२ वैष्णवोने विनंती हमेशां रात्र घरकामथी परवारी, भगवद्र वार्ता यथाशक्य करी अने सुती वखते आ कीर्तन गावुं जोईए जय श्रीवल्लभ, जय श्रीविठ्ठल, जय श्री यमुना, श्री नाथजी, कलियुग-

ना तो जीव उद्धार्या, मस्तक धरिया हाथजी, वैष्णव जन पर कृपा करीने देजो व्रजमां वासजी, आगेपाछे गो विराजे, वीचमें मारो नाथजी, मोर मुकुट पिताम्बर सोहीये, मोरली सोहे हाथजी, मुखडे व्हालो वेन वजावे, ए छवि जोवा चालोजी. जयश्री गिरिधर. जयश्री गोविंद, जयश्री बालकृष्णजी, जयश्री गोकुलपति, जयश्री रघुपति, जयश्री यदुपति, घनश्यामजी, श्री गोकुलवारे नाथ,मेरी दोरी तुम्हारे हाथजी. जयश्री यमुना, श्री गोवर्धननाथ, श्रीमहाप्रभु श्री विट्ठलनाथ, जय जयश्री गोकुलेश, शेष ना रहे क्लेश, क्षणु क्षणु पळ पळ स्मरण कीजे, नाम निरंतर लीजेजी, चरण शरण राखे मारो व्हालो, श्रीगोकुलमां अवतरीयेजी. श्रीगोकुलमां तो वासो वसीये, संतसमागम करीएजी, श्री वल्लभ वल्लभ मुखथी कहीये, तो भवसागर तरीयेजी. नित्य प्रति रमण रेतीमां रहए, गुलावछडीनां दर्शन करीये, जेदर्शनब्रह्माने दु-

लेभ, ते अपने अंगेकरीये. श्रीवृन्दावन, गोवर्द्धनधाम, राधा माधव सुंदर श्याम, हरिदास हरिजनको सेवक, दर्शनदीजे आठो जाम. श्रीवल्लभ युग युग राज करो, श्रीवल्लभ विट्ठल, गोपीनाथ, देवकीनंदन, श्रीरघुनाथ, श्रीयशोदानंदन नंदकिशोर, श्रीमुरलीधर माखनचोर, सूरदास, कृष्णदासजू, परमानन्द, कुंभनदासजू, चत्रभुज, नंददास, छीतस्वामी गोविंद. श्रीवल्लभदेवको जे, प्राणप्यारेकी जय, श्रीगोवर्द्धननाथकी जय, श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीकी जय, श्रीविट्ठलनाथजीकीजय, साते वालककी जय, अपने अपने श्रीगुरुदेवकी जय, चोराशी वैष्णवकी जय, वसोवावन वैष्णवकी जय, सर्वे वैष्णवने जयश्रीकृष्ण आटलुं वोली पाठ करी, हाथ पग धोई, शुद्ध मने चरणामृत लेइ सुइ जवुं

ધી વીરવિજય પ્રીન્ટીંગ પ્રેસમાં શા મણીલાલ છગનલાલે છાપ્યું.
ઠે સાગરવી ખડકી · રતન પોળ · : અ મ દા વા દ